

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

दैनिक हिन्दी समाचार
समाज जागरण
RNI NO. UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड, असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 350 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 02 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## मुजफ्फराबाद की गलियां खून से रंगी...

**पाकिस्तानी फौज की बर्बरता ने पीओके को बनाया नरसंहार का मैदान**

पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं. मुजफ्फराबाद समेत कई हिस्सों में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन जारी हैं. भीड़ पर गोली चलाने से अब तक 12 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. कई वीडियो सामने आए हैं जिनमें घायल लोगों को बिना फर्स्ट एड अस्पतालों में तड़पते देखा जा सकता है. 'ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी' ने बयान जारी कर पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स पर बर्बरता का आरोप लगाया है. PoK के नेताओं का कहना है कि इंटरनेट शटडाउन और फोर्सेज की हिंसा ने इसे पूरी तरह ब्लैकआउट एरिया बना दिया है.

# फिलीपींस में 6.9 तीव्रता के भूकंप से भारी तबाही, पीएम मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को फिलीपींस में आए शक्तिशाली भूकंप में जान गंवाने वालों के प्रति गहरा दुख जताया और भारत की एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि "फिलीपींस में आए भूकंप से जानमाल के नुकसान की खबर से गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भारत इस कठिन समय में फिलीपींस के साथ खड़ा है।"
यह भूकंप मंगलवार देर रात फिलीपींस के केंद्रीय हिस्से में सेबू द्वीप के तट पर आया, जिसकी तीव्रता 6.9 दर्ज की गई और गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी। वहीं बुधवार सुबह तक मौतों की संख्या बढ़कर 69 हो गई। फिलीपींस की क्षेत्रीय सिविल डिफेंस अधिकारी जेन अबापो ने बताया कि यह आंकड़ा स्थानीय आपदा एजेंसी के डाटा पर आधारित है और अभी सत्यापन जारी है। अधिकारियों के अनुसार यह पिछले एक दशक में देश में आया सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक है।



भूकंप के कारण कई इमारतें ढह गईं, बिजली आपूर्ति बाधित हुई और लोग अपने घरों से बाहर निकलने पर मजबूर हो गए। बोगो सिटी के अस्पताल में घायलों की भारी संख्या के कारण हालात बिगड़ गए, जिसके बाद तटरक्षक बलों ने डॉक्टरों और नर्सों की टीम तुरंत भेजी। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर राहत और बचाव का आश्वासन दिया और कहा कि "हम नुकसान और जरूरतों का आकलन कर रहे हैं, राहत कार्यों में तेजी लाई जाएगी।" फिलीपींस के भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि अब तक करीब 800 आफ्टरशॉक्स दर्ज किए गए हैं, जिनमें से सबसे शक्तिशाली की तीव्रता 6 रही। हालांकि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। प्रभावित इलाकों में लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।
भूकंप में 100 साल पुराना एक चर्च भी ढह गया। सेबू द्वीप, जो फिलीपींस का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और लगभग 34 लाख लोगों का घर है, सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। हालांकि मकटान-सेबू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, जो देश का दूसरा सबसे व्यस्त हवाईअड्डा है, चालू रहा। फिलीपींस प्रशांत महासागर के "रिंग ऑफ फायर" क्षेत्र में स्थित है, जहां ज्वालामुखी और भूकंप अक्सर आते रहते हैं। इस साल जनवरी में दो बड़े भूकंप आए थे लेकिन उनमें कोई हताहत नहीं हुआ था। 2023 में 6.7 तीव्रता का समुद्री भूकंप आठ लोगों की मौत का कारण बना था। सरकार और राहत एजेंसियां अभी भी मलबे में दबे लोगों को निकालने की कोशिश कर रही हैं और बचाव कार्यों में तेजी लाई जा रही है।-

## आरबीआई MPC के फैसलों के बाद बाजार झूमा, सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद

समाज जागरण

भारतीय शेयर बाजार बुधवार



के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। आरबीआई MPC के फैसलों के ऐलान के बाद सभी सूचकांकों में खरीदारी देखी गई।
कारोबार के अंत में सेंसेक्स 715.69 अंक या 0.89 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,983.31 और निफ्टी 225.20 अंक या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,836.30 पर बंद हुआ।
बैंकिंग शेयरों ने बाजार का नेतृत्व किया। निफ्टी बैंक 712.10 अंक या 1.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,347.95 पर बंद हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस (1.38 प्रतिशत), निफ्टी फार्मा (1.30 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.72 प्रतिशत), निफ्टी ऑटो (0.85 प्रतिशत), निफ्टी आईटी (0.74 प्रतिशत) और निफ्टी मेटल (0.55 प्रतिशत) की तेजी के साथ बंद हुआ। केवल निफ्टी पीएसयू बैंक (0.37 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ।
सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एमएंडएम, टेक महिंद्रा, इटरनल (जोमैटो), टाइटन, एचयूएल और बीईएल टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी टॉप लूजर्स थे।
एसबीआई सिक्योरिटीज की ओर से कहा गया कि आरबीआई ने अक्टूबर की मौद्रिक नीति में ब्याज को स्थिर रखा है, लेकिन दिसंबर की पॉलिसी में ब्याज दरों में कटौती की संभावना ने सेंटीमेंट को बूस्ट किया है। इस कारण से निजी क्षेत्र के बैंकों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। हालांकि, पीएसयू बैंकिंग शेयर में मुनाफावसूली हुई।

केंद्रीय बैंक ने रेपो रेटो को 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। साथ ही, मौद्रिक नीति के रुख को 'न्यूट्रल' रखा है।

रेपो रेट के अलावा, केंद्रीय बैंक ने स्टैंडिग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, जबकि मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) को 5.75 प्रतिशत पर स्थिर रखा है।
भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। सुबह 9:23 पर सेंसेक्स 51 अंक या 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,319 और निफ्टी 23 अंक या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,635 पर था।

## विजयादशमी की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की जीत का पर्व है, जो भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों की गहरी झलक पेश करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व लोगों को सकारात्मकता अपनाने और समाज में प्रेम, भाईचारे तथा करुणा की भावना बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी नागरिकों से एकजुट होकर देश और समाज के लिए काम करने का आह्वान किया।
देशभर में नवरात्रि का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है और अब लोग विजयादशमी की तैयारियों में जुटे हैं। उत्तर भारत में यह पर्व भगवान राम की रावण पर विजय की स्मृति में रावण दहन के रूप में मनाया जाता है, वहीं पूर्वी और दक्षिणी भारत में इसे दुर्गा पूजा के रूप में मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की याद में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि ये परंपराएं हमारे सांस्कृतिक वैविध्य और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती हैं। उन्होंने कामना की कि विजयादशमी का यह पर्व देशवासियों को एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित करे, जहां न्याय, समानता और सद्भाव सर्वोपरि हों। इस वर्ष विजयादशमी का उत्सव 2 अक्टूबर को पूरे देश में मनाया जाएगा। दिल्ली, लखनऊ, अयोध्या समेत कई शहरों में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

# एनसीआरबी रिपोर्ट में यूपी में सांप्रदायिक दंगे शून्य, कानून-व्यवस्था बनी मिसाल

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की तारीफ की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। यह योगी आदित्यनाथ सरकार की 2017 से लागू जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25 प्रतिशत कम रही। देश में कुल अपराध दर 448.3 थी, जबकि यूपी में यह केवल 335.3 दर्ज की गई। इससे स्पष्ट होता है कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश शांति और सामाजिक सद्भाव का गढ़ बन चुका है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012-2017 के बीच यूपी में 815 दंगे हुए थे, जिनमें 192 लोग मारे गए। वहीं 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुईं। इसके विपरीत, 2017 के बाद कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में हुई दो हिंसक घटनाओं को भी सरकार ने 24 घंटे के भीतर नियंत्रित कर शांति बहाल कर दी।



एनसीआरबी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यूपी में विभिन्न अपराधों में राष्ट्रीय औसत से उल्लेखनीय कमी आई है। उदाहरण के लिए, बलवा के मामलों में देश में 39,260 मामले (क्राइम रेट 2.8) दर्ज हुए, जबकि यूपी में केवल 3,160 मामले (क्राइम रेट 1.3) रहे। फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में भारत में 615 घटनाएं हुईं, जबकि यूपी में मात्र 16 मामले दर्ज हुए। डकैती के मामलों में भारत में 3,792 मामले (क्राइम रेट 0.3) थे, जबकि यूपी में केवल 73 मामले दर्ज हुए, जिससे राज्य को 'नियर जीरो' क्राइम रेट का दर्जा मिला।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त नीतियों, त्वरित कार्रवाई और पारदर्शी शासन के चलते यूपी में अपराधों पर काबू पाया गया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट साबित करती है कि यूपी में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मामले में यह सरकार देश के लिए मिसाल बन गई है। -


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर




(2 अक्टूबर, 1869-30 जनवरी, 1948)

बापू की जयंती पर उनके दिखाए स्वदेशी के मार्ग पर चलकर
'नए भारत-विकसित भारत' के निर्माण का संकल्प लें।
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को कोटि-कोटि नमन।
-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

## गांधी जयंती पर विशेष

# क्योंकि गांधी तुम असली मुद्दा हो

आजादी के ठीक चार महीने बाद ही मौत के घाट उतार दिए गए महात्मा मोहनदास करमचंद गांधी 78 साल बाद भी देश की सत्ता के लिए, सियासत के लिए असली मुद्दा बने हुए हैं. गांधी के सिर्फ रूप बदलते रहते हैं लेकिन वे मरते नहीं हैं.




महात्मा गांधी (जिन्हे नागपूरी दुरात्मा कहते हैं)30 जनवरी 1948 को कत्ल कर दिए गए थे, लेकिन हैरानी की बात ये है कि वे 2 अक्टूबर 2025 में भी जिंदा हैं. उनके नाम बदल गए हैं, रुप बदल गए हैं. आज के गांधी भले ही गुजराती नहीं हैं लेकिन सरकार उनसे भयभीत है. दिल्ली में पैदा हुए राहुल गांधी( जिनका महात्मा गांधी से कोई रिश्ता नहीं है )को भी गोली मारने की धमकियां सत्तारूढ दल के आधुनिक नाथूराम गोडसे दे रहे हैं और लद्दाख के गांधी सोनम वांग्चुक को सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बताकर जोधपुर जेल में बंद कर दिया है.

दरअसल गांधी किसी शरीर का नाम नहीं है. गांधी राजनीति में 'अनंग' का दूसरा नाम है, जो होकर भी नहीं है और नहीं होकर भी घर-घर में एक विचारधारा के रूप में विद्यमान है. ये गांधी सत्याग्रह और अनशनों के जरिये सरकार की नींद हराम करने पर आमादा है. कभी वोट अधिकार यात्रा के रूप में तो कभी लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए अनशन के रूप में.

आज के गांधियों का मुकाबला करने में नाकाम सरकार कभी किसी गांधी को मारने के लिए किसी को सुपारी दे रही है तो कभी खुद एन एस ए का इस्तेमाल करने पर मजबूर है.इसीलिए कहावत बनी 'मजबूरी का नाम महात्मा गांधी '. लेकिन इस कहावत को हमारे अग्रज प्रोफेसर पुरषोत्तम अग्रवाल ने बदल दिया है.वे जोर देकर कहते हैं कि महात्मा गांधी मजबूरी का नहीं बल्कि मजबूती का नाम है.

प्रोफेसर अग्रवाल की बात में वजन इसलिए है क्योंकि महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलकर जहां देश में राहुल गांधी वोट चोरी और संविधान बचाने को लेकर विपक्ष को साथ लेकर देश भर में आंदोलन कर रहे हैं. वहीं सोनम वांग्चुक लेह- लद्दाख में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन चलाते हुए जेल पहुंच गये हैं.दोनों गांधीवादी सरकार के लिए मुसीबत बने हुए हैं. सोनम आसान लक्ष्य थे इसलिए गिरफ्तार कर लिए गये किंतु राहुल गांधी आसान लक्ष्य नहीं हैं. इसलिए उन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं किए जा सके.

लद्दाख के सोनम के ऊपर चीन और पाकिस्तान परस्त होने का आरोप है और राहुल गांधी पर भी कमोवेश यही आरोप हैं किंतु राहुल के खिलाफ एन एस ए लगाने की हिम्मत सरकार में है नहीं इसीलिए राहुल को गोली मारे जाने का विकल्प चुना गया है. भाजपा ने इसके लिए बाकायदा प्रिंटू महादेव को जिम्मेदारी दे दी गई है. प्रिंटू महादेव ने राहुल के सीने में गोली उतारने की बात कही लेकिन उनके खिलाफ न कोई मुकदमा दर्ज हुआ और न किसी ने उनकी गिरफ्तारी ही की है.

भाजपा और सरकार राहुल गांधी को रास्ते से हटाने के लिए महीनों पहले से पहले माहौल बना रही है. राहुल पर सुरक्षा घेरे को तोडने और सुरक्षा एजेंसियों को बिना बताए विदेश जाने का आरोप लगा रही है ताकि जब आपरेशन प्रिंटू महादेव को अंजाम दिया जाए तो कोई सरकार पर ऊंगली न उठा पाए.

हाल की घटनाओं से ये प्रमाणित हो गया है कि भाजपा और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के मन से गांधी संज्ञा, गांधी सर्वनाम और गांधी विशेषण को लेकर जो घृणा है वो पिछले 78 साल में कम होने के बजाय बढी है. सरकार और भाजपा को न गांधी नाम पसंद है और न गांधीवाद. गांधीवादी तो बिलकुल भी नहीं. मुश्किल ये है कि सरकार गांधी के खिलाफ और न गांधीवाद के खिलाफ कोई फतवा जारी कर सकती है न 132 वां संविधान संशोधन ला सकती है. सरकार के पास एक ही विकल्प है कि या तो गांधियों को मौत के घाट उतारो या फिर जेलों में ढूंसो. समर्थकों पर गोलियां चलाओ.

कल 2, अक्टूबर को असली गांधी की जयंती है. देश के लिए मौका है कि वो आज के गांधियों और गांधीवादियों को सुरक्षा दे क्योंकि उनकी जान सचमुच खतरे में हैं. पहले गांधी को प्रार्थना सभा में मारा गया, फिर प्रधानमंत्री आवास में घुसकर. तीसरी बार गांधी चुनाव सभा में मारे गये. चौथे, पांचवें, छठवे गांधी के लिए हत्यारे पग -पग पर घात लगाए बैठे हैं. 'देश बचाओ, गांधीवाद बचाओ'. गांधी ही लोकतंत्र की जरुरत हैं गोडसे और प्रिंटू महादेव नहीं. महात्मा गांधी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि.

@ राकेश अचल

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखण्ड साधना के सौ वर्ष

समाज जागरण



भोलानाथ मिश्र पत्रकार ।

विजया दशमी का पर्व पौरुष, पराक्रम और शक्ति जागरण का प्रतीक है। इसी दिन, 1925 को डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में अपने आवास पर 15-20 लोगों के साथ बैठक करके 'संघ' प्रारंभ करने की घोषणा की थी। 2 अक्टूबर, 2025 को अब अखण्ड साधना 100 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा पूर्ण कर रही है। यह केवल संघ की यात्रा नहीं, बल्कि हिन्दू समाज के आत्मविश्वास और विश्व कल्याण के संकल्प की यात्रा है।

### संघ की स्थापना और विकास

17 अप्रैल, 1926 की एक बैठक में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' नामकरण किया गया। 19 दिसंबर, 1926 को डॉ हेडगेवार सर्वसम्मति से संघ प्रमुख चुने गए। 1929 में वे सर संघचालक बनाए गए। डॉ हेडगेवार ने हिचकिचाहट के साथ सहयोगियों



के आग्रह को स्वीकार किया था।

### संघ के कार्य और आदर्श

1939 में हिन्दी-मराठी की मिली-जुली प्रार्थना के स्थान पर संस्कृत में नई प्रार्थना की रचना करवाकर 1940 में उसे अपना लिया गया। नागपुर के तृतीय वर्ष के वर्ग में यादव राव जोशी पहली बार संस्कृत की प्रार्थना, 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' गाए थे। संघ व्यक्तिनिष्ठ न होकर तत्वनिष्ठ रहे, इसलिए गुरु के पद पर किसी व्यक्ति को आसीन न करके निर्मल आदर्शों के प्रतीक भगवा ध्वज को यह सम्मान दिया गया।

### संघ के कार्य

संघ कार्य का आधार शुद्ध सात्विक प्रेम है। संघ किसी से न तो चंदा लेता है न ही अपने लिए धन संग्रह करता है। गुरुपूर्णिमा के दिन स्वयंसेवक परम पवित्र भगवा ध्वज का पूजन कर बंद लिफाफे में गुरुदक्षिणा समर्पित करते हैं जो गुप्त रहता है। इसी धन से संघ वर्ष भर प्रचारकों के माध्यम से पूरे भारत और विश्व में संगठन खड़ा करता है।

### संघ के स्वयंसेवकों की भूमिका

संघ के स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब तक दो राष्ट्रपति, तीन उपराष्ट्रपति, दो प्रधानमंत्री, कई मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सैकड़ोंविधायक, सांसद लोकसभा, राज्यसभा समेत अनेक महत्वपूर्ण पदों पर स्वयंसेवक सेवाएं दे रहे हैं।

### संघ से प्रेरित संगठन




संघ के समविचारी अनेक संगठन कार्यरत हैं। मातृ शक्ति के लिए 1936 में विजय दशमी के दिन श्रीमती लक्ष्मी बाई केलकर ने डॉ हेडगेवार से परामर्श कर राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की थी। 13 जून, 1948 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, 1952 में वनवासी कल्याण आश्रम, 1951 में भारतीय जनसंघ, 23 जुलाई, 1955 को भारतीय मजदूर संघ, 1952 में विद्या भारती, 1963 में भारत विकास परिषद, 1964 में विश्व हिंदू परिषद, 1966 में अखिल भारतीय साहित्य परिषद, 1972 में दीनदयाल शोध संस्थान, भारतीय इतिहास संकलन योजना, भारतीय किसान संघ, संस्कार भारती, संस्कृत भारती, राष्ट्रीय सिख संगत, स्वदेशी जागरण मंच, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, सेवा भारती समेत अनेक संगठन भारत में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### संघ के कार्य और प्रकल्प

धर्मजागरण, कुटुंब प्रबोधन, प्रज्ञा प्रवाह, विज्ञान भारती, लघु उद्योग भारती, पूर्व सैनिक परिषद, आरोग्य भारती, प्रचार विभाग, गो संवर्धन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध समेत अनेक कार्य संघ के स्वयंसेवक कर रहे हैं। देश भर में लगभग 78 हजार शाखाएं, 3000 साप्ताहिक मिलन, 7390 संघ मंडलियां चल रही हैं। कुल 57131 प्रकल्प चल रहे हैं। संघ कार्य के लिए कुल 2559 प्रचारक कार्य कर रहे हैं। संघ का कार्य 216 विभागों के अंतर्गत 683 जिलों, 6120 खंडों, 54823 मंडलों में से 26861 संघ कार्य युक्त हैं।

### निष्कर्ष

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखण्ड साधना के सौ वर्ष पूरे होने पर हमें संघ के कार्यों और आदर्शों को याद करना चाहिए। संघ ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आगे भी देता रहेगा। हमें उम्मीद है कि संघ अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए काम करता रहेगा और राष्ट्र के विकास में योगदान देता रहेगा।

# विजयादशमी - धर्म और सत्य की विजय का पर्व



भारत में पर्व और त्योहारों का विशेष महत्व है। हर पर्व केवल धार्मिक मान्यता से जुड़ा नहीं होता बल्कि उसके साथ सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश भी निहित होता है। इन्हीं में से एक है दशहरा या विजयादशमी। यह पर्व हर वर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। वर्ष 2025 में दशहरा 2 अक्टूबर, गुरुवार को मनाया जाएगा। इस दिन रावण दहन का शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 6 मिनट पर रहेगा, जो प्रदोष काल के अंतर्गत आता है और अत्यंत शुभ माना गया है। दशहरा पर्व का उल्लेख रामायण और देवी महात्म्य दोनों ग्रंथों में मिलता है। भगवान श्रीराम ने इसी दिन लंका के राजा रावण का वध कर धरती को उसके अत्याचार से मुक्त किया था। दूसरी ओर माता दुर्गा ने भी महिषासुर नामक दैत्य का संहार किया था। इसीलिए इस दिन को सत्य की असत्य पर विजय और धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों तक देवी दुर्गा की आराधना करने के बाद दशमी तिथि को देवी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन माता दुर्गा अपने लोक को लौट जाती हैं। इस तरह दशहरा एक ओर देवी की विदाई का पर्व है तो दूसरी ओर भगवान राम की विजय का उत्सव भी है।

भारतीय परंपरा में दीपक का विशेष महत्व है। इसे प्रकाश, ज्ञान और शुभता का प्रतीक माना जाता है। दशहरे के दिन दीपक जलाने से जीवन में समृद्धि आती है और अंधकार दूर होता है। मान्यता है कि इस दिन दसों दिशाओं में दीपक जलाने का विधान है। प्रत्येक व्यक्ति को दस दीपक सरसों के तेल से जलाने चाहिए। इसके अतिरिक्त पाँच दीपक पवित्र पौधों जैसे तुलसी, पीपल, शमी, बरगद और केले के पास रखने चाहिए और इनमें तिल के तेल का प्रयोग करना चाहिए। भगवान श्रीराम के आगे घी का दीपक अवश्य जलाना चाहिए और घर की तिजोरी में अलसी के तेल का दीपक रखना भी शुभ माना गया है। दिशाओं के अनुसार दीपक रखना भी आवश्यक है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण के अलावा ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व, आग्नेय कोण यानी दक्षिण-पूर्व, नैऋत्य कोण यानी दक्षिण-पश्चिम, वायव्य कोण यानी उत्तर-पश्चिम, आकाश यानी ऊपर की दिशा और पाताल यानी नीचे की ओर दीपक रखने का विधान है। दीपक जलाने का समय भी महत्त्वपूर्ण है। सुबह और शाम भगवान राम की पूजा के समय दीपक जलाना चाहिए, जबकि बाकी दीपक विशेषकर पौधों और दिशाओं के लिए संध्या समय जलाना शुभ माना गया है। दशहरे के दिन शस्त्र पूजा का भी विशेष महत्व है। प्राचीन समय में राजा और योद्धा इस दिन अपने अस्त्र-शस्त्र की पूजा कर उन्हें विजय के लिए तैयार करते थे। आज भी सैनिक और पुलिस बल इस परंपरा का पालन करते हैं। घरों में लोग अपने औजारों और साधनों की पूजा करते हैं क्योंकि इन्हीं से जीवनयापन होता है। इस दिन शमी वृक्ष की पूजा का भी विधान है। कथा के अनुसार, राजा दशरथ को शमी वृक्ष से स्वर्ण लाभ प्राप्त हुआ था, इसलिए यह वृक्ष समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। दशहरे पर देवी दुर्गा की सहचरियाँ जया और विजया की भी पूजा की जाती है क्योंकि इनकी कृपा से ही विजयश्री प्राप्त होती है। इस दिन को यात्रा तिथि भी कहा जाता है। ऐसा विश्वास है कि इस दिन यात्रा करने के लिए पंचांग देखने की आवश्यकता नहीं होती और किसी भी दिशा में यात्रा करना शुभ माना जाता है क्योंकि इसी दिन देवी दुर्गा की यात्रा निकलती है।

दशहरे का सबसे आकर्षक आयोजन है रावण दहन। शाम के समय गाँव और शहरों में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशालकाय पुतले जलाए जाते हैं। इसे देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठा होते हैं। यह केवल मनोरंजन भर नहीं है बल्कि एक सामाजिक संदेश भी है कि चाहे अहंकार और अन्याय कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसका अंत निश्चित है। रावण दहन के साथ-साथ लोग नए कपड़े पहनते हैं, घरों में मिठाइयाँ और पकवान बनाए जाते हैं और मेलों का आयोजन होता है। बच्चे इस दिन विशेष आनंद लेते हैं। इस दिन पान खाना और नीलकंठ पक्षी के दर्शन करना भी शुभ माना जाता है। विश्वास है कि इससे वर्षभर आनंद और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

दशहरा केवल धार्मिक अनुष्ठान का पर्व नहीं है बल्कि यह जीवन का एक गहरा संदेश भी देता है। यह हमें सिखाता है कि असत्य और अधर्म चाहे कितने ही बलवान क्यों न हों, उनकी विजय अस्थायी होती है। अंततः जीत सत्य, धर्म और सदाचार की ही होती है। यह पर्व हमें प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन से रावण रूपी बुराइयों जैसे अहंकार, लोभ, क्रोध और अन्याय का नाश करें और राम तथा दुर्गा की तरह सत्य, साहस और करुणा को अपनाएँ। दशहरा हमें केवल रावण दहन तक सीमित न होकर दीपदान, शमी पूजा, शस्त्र पूजन और देवी की आराधना के महत्व की भी याद दिलाता है। यह पर्व भारतीय संस्कृति का ऐसा उत्सव है जो न केवल धार्मिक आस्था को व्यक्त करता है बल्कि समाज में भी नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करता है। यही कारण है कि दशहरा आज भी आनंद, उल्लास और विजय का सबसे बड़ा प्रतीक बना हुआ है।

**– महेन्द्र तिवारी**
**पता: स्थापना अनुभाग, राष्ट्रीय अभिलेखागार, जनपथ, नई दिल्ली- 110001**

# *क्यों की जाती है विजयादशमी पर शमी वृक्ष की पूजा ?

**गोरख नाथ गुप्ता।**

*

क्यों की जाती है विजयादशमी पर शमी वृक्ष की पूजा ?हमारे देश में विजयादशमी के शुभ अवसर पर देवी पूजा एवं शस्त्र पूजा के के साथ ही साथ 'शमी' वृक्ष की पूजा



की परम्परा भी कायम है। किंतु प्रश्न यह उठता है कि विजयादशमी पर खासतौर से शमी वृक्ष की पूजा क्यों की जाती है और वह भी दशहरा के दिन ही क्यों विजयादशमी के दिन शमी वृक्ष की पूजा करने के संबंध में अनेक कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार जब राजा विराट के गायों को कौरवों से छुड़ाने के लिए अर्जुन ने अपने अज्ञातवास के दौरान शमी वृक्ष की कोटर में छिपाकर रखे गये अपने गांडीव धनुष को फिर से धारण किया, तो पांडवों ने शमी वृक्ष की पूजा कर गांडीव धनुष की रक्षा हेतु शमी वृक्ष के प्रति आभार प्रदर्शित किया। तभी से विजयादशमी के दिन शस्त्रों के साथ-साथ शमी वृक्ष की पूजा की परम्परा भी कायम हो गयी।एक अन्य कथा के अनुसार राजा रघु के पास एक बार एक साधु दान प्राप्त करने हेतु आया, किंतु जब राजा रघु अपने खजाने में दान देने हेतु धन निकालने गये तो खजाना खाली था। फलतः राजा रघु क्रोधवश इन्द्र पर चढ़ाई करने को तैयार हो गये। इन्द्र ने राजा रघु के डर से शमी वृक्ष के पत्तों को सोने (स्वर्ण) का कर दिया। तभी से यह परम्परा कायम हो गयी कि क्षत्रिय विजयादशमी के दिन शमी वृक्ष पर तीर चलाते हैं और उससे गिरे शमी के पत्तों को अपनी पगड़ी में धारण कर लेते हैं।मराठा पेशवा अपने शत्रु पर आक्रमण की शुरूआत विजयादशमी के दिन से ही करते थे और शस्त्र पूजा के साथ शमी वृक्ष की भी पूजा करते थे। अर्थात मराठा इस दिन अपने शस्त्रों की पूजा कर 'सीलांगण' के लिए दसवें दिन प्रस्थान करते थे। सीलांगण का अर्थ होता है 'सीमोल्लंघन'। अर्थात वे दूसरे राज्य की सीमा का उल्लंघन करते थे। इस प्रक्रिया में सर्व प्रथम नगर के पास स्थित छावनी में शमी वृक्ष की पूजा की जाती थी। उसके पश्चात पेशवा पूर्व निश्चित खेत में जाकर मक्का तोड़ते थे और तब वहां उपस्थित लोग मिलकर उस खेत को लूट लेते थे।राजपूतों में भी शमी वृक्ष की पूजा की जाती थी। राजपूत लोग 'सीलांगण' से 'अहेरिया' करते थे और इसकी सफलता के लिए साथ-साथ शमी वृक्ष की भी पूजा करते थे।वर्तमान समय में भी परम्परागत रूप में विजयादशमी के दिन शमी वृक्ष एवं शस्त्रों की पूजा की जाती तथा सीलांगण एवं अहेरिया किया जाता है, किंतु यह किसी हमले के रूप में नहीं किया जाता है, बल्कि परम्परा का निर्वहन किया जाता है।हमारे सैनिकों द्वारा आज भी विजयादशमी के दिन शस्त्रों की पूजा की जाती है। इस दिन दुर्गा पूजा मंडप में शमी पूजा और अपरजिता वृक्ष कि पुजन पश्चात पीले वस्त्र में शमी पत्र अपरजिता पीली सरसों मुख्य कलश का चावल (अक्षत) को भक्त के हाथों बांधते हैं। मान्यता है कि इससे शरीर की रक्षा होती है।

## शब्दों की शक्ति : कलम और वाणी का चमत्कार’

कलम से क्रांति जन्म लेती है और कलम से ही भ्रांति भी। लेखन-कला में असीमित सामर्थ्य और अनुपम क्षमताएँ निहित हैं। यही कारण है कि चिंतन का सूत्र है अधिक सोचो, कम बोलो। शब्द की महिमा अपरंपार है; अक्षर नश्वर होते हुए भी अपने अर्थ और प्रभाव से अमर हो जाते हैं। लेखनी की धार तलवार से कहीं अधिक तीक्ष्ण मानी गई है। तलवार से घायल व्यक्ति बच सकता है, किंतु लेखनी से निकले शब्द कभी-कभी जीवनभर की पीड़ा का कारण बन जाते हैं। इसीलिए संतों और चिंतकों ने चेतावनी दी है कि “बोलने और लिखने से पूर्व बार-बार सोचो।” क्योंकि बोलने के बाद सोचना मनुष्य को मूर्खों की श्रेणी में खड़ा कर देता है।

राजनीति और कूटनीति का समूचा आधार शब्दों और भाषणों पर टिका हुआ है। एक शब्द से जहाँ राष्ट्रों के बीच सेतु बन सकते हैं, वहीं दूसरा शब्द विभाजन और विद्वेष की आग भी भड़का सकता है। इतिहास गवाह है— प्यार और शांति के शब्दों से रक्तरंजित विवाद समाप्त हुए हैं, वहीं कटु वाणी से युद्धों का आरंभ हुआ है।शब्दों का प्रभाव इतना गहन है कि वे किसी व्यक्ति को अमर कर सकते हैं। तुलसीदास की वाणी में सत्य और अमृत की गूंज है, कबीर अपने फक्कड़पन और दोहों से जन-मन में रमे हुए हैं। आधुनिक हिंदी साहित्य में अज्ञेय जैसे लेखक जटिल शब्दावली के बावजूद हृदय तक उतर जाते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने अपने उपन्यास और कहानियों द्वारा हिंदी को जन-जन की भाषा बना अमरत्व प्राप्त किया। देवकीनंदन खत्री ने चंद्रकांता संतति और भूतनाथ जैसे उपन्यास लिखकर हिंदी उपन्यास-साहित्य की लोकप्रियता की नींव रखी। अंग्रेजी में अर्नेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना गया, जिनकी भाषा पाठक के हृदय में सीधा प्रवेश कर जाती थी। इतिहास के पृष्ठ साक्षी हैं कि द्रौपदी के एक वचन ने महाभारत जैसा महायुद्ध खड़ा कर दिया। यही कारण है कि संत-मनीषियों ने कहा ह्लसंभलकर बोले गए शब्द ही सद्गति देते हैं।ह्व अच्छा वक्ता वही है, जो अपने विचार संयमित और संतुलित भाषा में व्यक्त करे। वह भले ही हृदय को न छुए, किंतु जनमानस को जीतने में सफल होता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शब्दों का महत्व अद्भुत है। युद्ध और शांति दोनों ही नेताओं के भाषणों और वक्तव्यों पर निर्भर करते हैं। पाकिस्तान की राजनीति भड़काऊ वक्तव्यों से अपनी साख खो बैठी, जबकि भारत अपनी मधुर वाणी और शांति-दूत की छवि से विश्वभर में सम्मानित हुआ। आज भी रूस-यूक्रेन युद्ध में शांति की पहल के लिए संपूर्ण विश्व भारत की ओर देखता है।युवा पीढ़ी को यही संदेश देना आवश्यक है कि शब्दों का संयमित और सदाचारी प्रयोग करें। मीठी और संतुलित भाषा से समाज और राष्ट्र का वातावरण विकासोन्मुख होता है। यही भारत की सांस्कृतिक और साहित्यिक परंपरा का संदेश है कि शब्दों को सोच-समझकर, तौलकर और प्रेमपूर्वक प्रयोग किया जाए।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# ग्लोबल लिटरेरी फेस्टिवल 2025 संपन्न

## नोएडा फिल्म सिटी स्थित मारवाह स्टूडियो में देश-विदेश के साहित्यकारों ने दी गरिमामयी उपस्थिति

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर।तीन दिवसीय ग्यारहवां ग्लोबल लिटरेरी फेस्टिवल 2025 नोएडा के फिल्म सिटी स्थित मारवाह स्टूडियो में साहित्यिक और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। महोत्सव में भारत सहित विभिन्न देशों के राजदूतों, लेखकों, कवियों, साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

साहित्यिक महोत्सव की अध्यक्षता करते हुए एएफटी यूनिवर्सिटी ऑफ मीडिया एंड आर्ट्स के कुलाधिपति डॉ. संदीप मारवाह ने कहा साहित्य अपनी राष्ट्र की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। नवलेखन पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।महोत्सव निदेशक सुशील भारती ने कहा कि शरीर, मस्तिष्क, इंटरनेट और आत्मा का संगम ही समाज को सार्थक दिशा दे सकता है।



***विदेशी राजदूतों और प्रख्यात लेखकों की उपस्थिति से गरिमा बढ़ी***

महोत्सव में कोमोरोस संघ के महावाणिज्यदूत, एल गंजू, पनामा के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, फिलिस्तीन के राजदूत,अब्दुल्ला एम ए अनुशावेश,तिमोर लेस्ते की राजदूत कार्लिटो नूनस,वेनेजुला की राजदूत रॉड्रिग्स गोंजालेस, क्यूबा के राजदूत,जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा,ऑस्ट्रिया दूतावास के सांस्कृतिक निदेशक माइकल , बांग्लादेश उच्चायोग के प्रेस मंत्री फैजल महमूद,भारत निर्वाचन आयोग के सुजीत कुमार एवं ख्यातिनाम साहित्यकार एवं उद्यमी डॉ.बी एल गौर, प्रख्यात लेखक डॉ.प्रेम भारद्वाज ज्ञानभिक्षु, लेखक नरेंद्र नागदेव, लेखिका सुश्री सोना शर्मा,आभा अयंगर, वंदना राग, डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा, उपन्यासकार तन्मय दुबे, कवि-लेखक एवं आईएएस मुकुल कुमार, डॉ. संजीव जोशी आईपीएस,अभिताभ श्रीवास्तव सहित अनेक प्रख्यात लेखक, साहित्यकार उपस्थित रहे।

**पुस्तकों की आवश्यकता पर विमर्श और कवि सम्मेलन**

पहले दिन "सोशल मीडिया के युग में क्या अभी भी पुस्तकों की आवश्यकता है?" विषय पर संगोष्ठी हुई।दोपहर में प्रतिभा जौहरी और निशा भार्गव के आतिथ्य में कवि सम्मेलन और सांय सत्र में गीतकार शैलेन्द्र, साहिर और मजरूह के गीतों की प्रस्तुतियां हुईं।

***दूसरे दिन साहित्य पर चर्चा और सम्मान समा-रोह***

साहित्य क्या है?" विषय पर गंभीर चर्चा में देश-विदेश के विद्वानों ने विचार रखे।विभिन्न विधाओं के साहित्यकारों को डॉ . सविता चड्ढा,पवन माथुर,अवधेश सिंह, शैलबाला अग्रवाल,मीनाक्षी जोशी,सुभाष नीरव, ओम सपरा को सूरज प्रकाश मारवाह साहित्य रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

***मुशायरे ने श्रोताओं को किया मंत्र मुग्ध***

मुशायरे में एडमिरल डॉ.खुर्रम नूर ,कवि सैयद नजम इकबाल, फरीद अहमद फरीद, जफर कानपुरी, शरफ नानपारवी, शायरा रचना भाटिया ने एक से एक बेहतरीन प्रस्तुति देकर मुशायरा में श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया।अतिथि के रूप में शेयर रेहाना अब्बास, प्रख्यात लेखिका,गजलकारा ममता सोनी, प्रसिद्ध लेखिका कवित्री डॉ. गीतांजलि नीरज अरोरा गीत, कवित्री रजनीश गोयल मौजूद रही।

***तीसरे दिन 'राष्ट्रीय अस्मिता में साहित्य की भूमिका' पर चर्चा***

लेखिका सोना शर्मा, वंदना राग, लेखक रवि वल्लूरी, विवेक मिश्र समेत अंतरराष्ट्रीय अतिथियों ने विचार व्यक्त किए।दोपहर में "अटल बिहारी अवार्ड फॉर द प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर" सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें साहित्य, संगीत, चित्रकला, नाट्यकला और नृत्य क्षेत्र की विभूतियों को सम्मानित किया गया।

*पुस्तक लोकार्पण और सांस्कृतिक कार्यक्रम*

छह पुस्तकों का लोकार्पण हुआ जिनमें 'द ग्रेट रीसेट', 'अनंतता की राह पर', 'भाव रंग', 'साहित्य, समय और दिशा', 'दुनिया के देखे रंग हजार', और 'द मून इज ऑल्सो अलोन' प्रमुख रहीं।

महापुरुषों राम मनोहर लोहिया, पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के पोस्टर लांच किए गए।फैशन शो, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला और फोटोग्राफी प्रदर्शनियों ने महोत्सव को बहुआयामी बना दिया।अंतिम दिन महोत्सव के निदेशक सुशील भारती ने तीन दिवसीय साहित्यिक यात्रा में सहभागिता करने वाले सभी अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए महोत्सव का समापन किया।

# अत्याधुनिक तकनीक और उत्कृष्ट समन्वय का केंद्र बना व्यावसायिक शिक्षा विभाग का स्टॉल, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2025 में बटोरी सराहना

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 24 से 29 सितंबर तक आयोजित तृतीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2025 में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा टाटा टेक्नोलॉजी द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित वृहद् स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस स्टॉल में उठउ मशीनिंग, रोबोटिक्स, ड्रोन, 3D मोल्डिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों एवं उनके अभिनव उत्पादों का प्रभावी प्रदर्शन किया गया, जिसने आगंतुकों को भविष्य की तकनीकी दिशा की झलक दी।



सैकड़ों स्टालों के बीच विभागीय स्टॉल ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर अपनी सार्थकता और गुणवत्ता को प्रमाणित किया। प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ छात्रों, युवाओं एवं आगंतुकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस पहल को और भी विशेष बना दिया।

माननीय विभागीय मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी, प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम (IAS), निदेशक अभिषेक सिंह (IAS), निदेशक कौशल विकास मिशन पुलकित खरे (IAS), अतिरिक्त मिशन निदेशक प्रिया सिंह, अतिरिक्त निदेशक मानपाल सिंह एवं राजेन्द्र प्रसाद, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, सहायक निदेशक एम.के. सिंह, तथा टी.टी.एल. ग्रुप के ग्लोबल हेड सुशील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया और उसकी सराहना की। उनका यह प्रोत्साहन आयोजन की उच्च गुणवत्ता एवं विभागीय उत्कृष्टता का प्रमाण है।

इस सफल आयोजन के क्रियान्वयन में संयुक्त निदेशक मेरठ मंडल मनोज सिंह के कुशल निर्देशन एवं लखनऊ से भेजी गई विभागीय टीम के सदस्यों के अतिरिक्त निदेशक राजेन्द्र प्रसाद, उप निदेशक राजपाल, सहायक निदेशक शिवम सेन, अनुदेशक अंकित वर्मा, रजनीकांत (टी.टी.एल. समूह) एवं वरूण गुप्ता (टी.टी.एल. समूह) का रचनात्मक सहयोग अत्यंत उल्लेखनीय रहा। साथ ही, राजकीय आईटीआई नोएडा के प्रधानाचार्य यज्ञदेव सिंह के कुशल नेतृत्व, राजकीय आईटीआई बादलपुर के प्रधानाचार्य गौरव कुमार, राजकीय आईटीआई दादरी के प्रधानाचार्य शिवांशु तथा राजकीय आईटीआई जेवर के प्रधानाचार्य राजकुमार सहित समस्त स्टाफ के समर्पित योगदान ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह सामूहिक प्रयास विभाग की कार्यकुशलता, उत्कृष्ट समन्वय एवं टीम भावना का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसने व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की सशक्त छवि को और भी सुदृढ़ किया है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत राजकीय बाल गृह बालिका सेक्टर-62 नोएडा में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 01 अक्टूबर 2025 जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के कुशल निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।



इसी क्रम में आज राजकीय बाल गृह बालिका, सेक्टर-62 नोएडा में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं का पूजन कर उनके प्रति सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि बेटियाँ किसी भी दृष्टि से कम नहीं हैं और उन्हें समान अवसर व सम्मान प्रदान किया जाना चाहिए। महिला कल्याण विभाग का यह विशेष अभियान पूरे जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# हनुमान की भक्ति और लंका दहन की गूंज से राममय हुआ महर्षि नगर

समाज जागरण

नोएडा, 30 सितंबर। महर्षि नगर, सेक्टर-110 नोएडा में चल रहे भव्य रामलीला महोत्सव में मंगलवार की रात भगवान श्रीराम और हनुमानजी के मिलन, सुग्रीव-बाली युद्ध, अंगद-रावण संवाद और हनुमानजी के लंका दहन का मंचन हुआ। जैसे ही कलाकार ने लंका दहन का दृश्य प्रस्तुत किया, पूरा परिसर "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।



**चौपाईः**

**राम दूत अतुलित बलधामा,**
**अंजनि-पुत्र पवनसुत नामा॥**
**लंका दीन्हि सगरम ठाढ़ा, भस्म भई सब असुर निकाहा॥**

**आशीर्वाद और शुभारंभ**

ब्रह्मलीन परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के पावन आशीर्वाद और भगवान श्रीराम की मंगल आरती के साथ मंचन का शुभारंभ हुआ। उद्घोषित "जय श्रीराम" ने श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुँचा दिया।

**भव्य सज्जा और तकनीक का संगम**

आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी झालरों, विद्युत सज्जा और आकर्षक द्वारों से सजाया गया। बड़े एलईडी स्क्रीन और आधुनिक साउंड सिस्टम ने मंचन को और जीवंत बना दिया। तेज हवा और बारिश के कारण झूले बंद रखने पड़े, लेकिन भक्तिभाव और उत्साह में कोई कमी नहीं रही।

**सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम**

समिति ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सीसीटीवी कैमरे, प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी और आपात सेवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की। इसके चलते भक्त निश्चिंत होकर भक्ति में डूबे रहे।

**गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति**

इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, संयोजक रामेंद्र सचान सहित यादवेंद्र यादव, शिशिरकांत श्रीवास्तव, श्रीकांत ओझा, विनोद दीक्षित, दयाशंकर गुप्ता, लल्लन पाठक, गिरीश अग्निहोत्री, शिशुपाल यादव, एस.पी. गर्ग, विनोद श्रीवास्तव, राजेंद्र शुक्ला, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**वातावरण राममय बना**

हनुमानजी के पराक्रम और लंका दहन की छटा ने श्रद्धालुओं को भक्ति-सागर में डुबो दिया। देर रात तक "जय श्रीराम" के उद्घोष गूंजते रहे और महर्षि नगर सचमुच राममय हो उठा।

# नोएडा सेक्टर-46 में श्रीरामलीला का भव्य शुभारंभ, मंचन ने दर्शकों को किया भावविभोर

समाज जागरण

नोएडा। श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी, सेक्टर-46 द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सतीश पाल (अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण), महेंद्र प्रसाद (ओएसडी, नोएडा प्राधिकरण) और देवेंद्र प्रताप सिंह (ओएसडी, नोएडा प्राधिकरण) ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्रिया गोल्ड के सीएमडी मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे।



इस मौके पर विशेष रूप से डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद, डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे, एसीपी प्रवीण कुमार सिंह, महाप्रबंधक सिविल एसपी सिंह समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। वहीं अति विशिष्ट अतिथियों में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव, पूर्व विधायक प्रत्याशी पखुड़ी पाठक, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तंवर, नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन अध्यक्ष राजकुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मंचन के दौरान विभीषण का रावण को समझाना, लंका त्याग कर श्रीराम की शरण में जाना, समुद्र पर रामसेतु का निर्माण, अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण-मघनाद युद्ध, लक्ष्मण का मूर्छित होना और हनुमानजी द्वारा संजीवनी लाने का प्रसंग अत्यंत जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

**लीला मंचन के बीच प्रस्तुत चौपाइयों ने भक्ति भाव को और प्रगाढ़ कर दिया—**

**राम काज कीन्हें बिना, मोहिं कहाँ विश्राम ।**
**लक्ष्मण मूर्छित पड़े भूमि पर, उठे हनुमान बलधाम ॥**
**रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई ।**

**जय जय रघुवीर समर्था, जग में तुम ही हो त्राता ॥**

समाज जागरण

आयोजन समिति में चेयरमैन मनोज अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन एवं पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीईए मनोज अग्रवाल, मेला संयोजक संजय गोयल सहित बड़ी टीम ने सफल संचालन में भूमिका निभाई।

रामलीला स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और सभी दर्शक भावविभोर होकर लौटे।

# अंगद की रावण को चुनौती, मेघनाद व कुंभकरण का वध

समाज जागरण

नोएडा। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन स्थल सेक्टर-62 रामलीला मैदान में दसवें दिन का मंचन दर्शकों के लिए रोमांचक और भावविभोर करने वाला रहा। मुख्य अतिथि एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजीव नारायण मिश्रा, डीसीपी यमुना प्रसाद, एडीएम एलआर बच्चू सिंह, डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, एडीसीपी सुमित शुक्ला और स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर मंचन की शुरूआत की। समिति के सत्यनारायण गोयल, अनिल गोयल, एस.एन. गुप्ता, तरुण राज और ललित सिंघल ने अतिथियों का स्वागत किया।



पहले दृश्य में अंगद ने रावण के दरबार में माता सीता को लौटाने की बात रखी, किंतु रावण अहंकार में अड़ा रहा। अंगद ने अपना पैर रोप दिया जिसे कोई भी हिला न सका। जब रावण स्वयं पैर पकड़ने को झुका तो अंगद ने कहा–

"यदि पकड़ना ही है तो प्रभु श्रीराम के चरण पकड़ो।"

यह दृश्य देख दर्शक भक्ति और उत्साह से झूम उठे।

इसके बाद युद्धभूमि में रावण ने मेघनाद को भेजा। मेघनाद ने शक्ति प्रहार से लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। हनुमानजी सुषेण वैद्य के कहने पर संजीवनी लाने गए और लक्ष्मण को पुनः जीवन मिला।

**चौपाईः**

**राम काज कीन्हें बिना, मोहिं कहाँ विश्राम।**
**सजीव किए रघुनंदनहि, धरि आए गिरि ग्राम॥**

मूर्छा टूटने के पश्चात लक्ष्मण ने मेघनाद वध की प्रतिज्ञा ली। श्रीराम ने समझाया कि मेघनाद का मस्तक भूमि पर न गिरे। लक्ष्मण ने युद्ध में मेघनाद का वध कर उसके मस्तक को आकाश में ही रोके रखा। तत्पश्चात उसकी पत्नी सुलोचना श्रीराम शिविर में पहुँची, जहाँ श्रीराम ने उन्हें विधि-विधान से अवगत कराया।

इसके उपरांत रावण ने अपने भाई कुंभकरण को जगाया। कुंभकरण के भीषण पराक्रम से रामसेना में हलचल मच गई। अंततः भगवान श्रीराम के बाणों से उसका वध हुआ।

**चौपाईः**

**रघुपति बाण लगे तन भारी, गिरा कुंभकर्ण रण महादिनकारी॥**

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, सलाहकार मनोज शर्मा, मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

समिति के महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर को अहिरावण वध, श्रीराम-रावण युद्ध, रावण वध और दशहरा महोत्सव के अंतर्गत रावण, मेघनाद व कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा।

# सलाम नमस्ते में मानक महोत्सव 2025 का शुभारंभ

समाज जागरण

नोएडा। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) नोएडा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते ने "मानक महोत्सव 2025" का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को जागरूक करना, ग्रामीण एवं शहरी समुदायों तक मानकों की जानकारी पहुँचाना तथा युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना है। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान सलाम नमस्ते में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी।



सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि मासिक कार्यक्रम मानक महोत्सव के दौरान उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में मानक की जानकारी, युवा एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, आवासीय कॉलोनियों और गांवों में जागरूकता आउटरीच कार्यक्रम,सोशल मीडिया कैंपेन, पॉडकास्ट, पब्लिक सर्विस विज्ञापन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान आईएमएस नोएडा के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मानक महोत्सव 2025 के माध्यम से सलाम नमस्ते न केवल उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और मानकों की जानकारी देगी, बल्कि उन्हें जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम भी उठाएगी।

वहीं संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि खासकर युवा और महिलाएं इस कार्यक्रम से बड़ी संख्या में लाभान्वित होंगें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बीआ-ईएस का उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाओं के महत्व से अवगत कराना है। यह कार्यक्रम उपभोक्ता सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे साथ ही समाज में गुणवत्ता एवं मानकों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देंगे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया व ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल ने लिया ज्ञानदेव महाराज से आशीर्वाद

समाज जागरण

ड्रमंडगंज (मीरजापुर)। नवयुवक बाल समिति ड्रमंडगंज द्वारा मां दुर्गा मंदिर पंडाल में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को अष्टमी तिथि पर मीरजापुर जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया और कोरांव ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल पहुंचे। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया और कथा व्यास ज्ञानदेव महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।



जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने कहा कि "यदि देवहट-ड्रमंडगंज के प्रधान प्रस्ताव बनाकर जिला पंचायत को भेजते हैं तो प्राचीन मां दुर्गा मंदिर का सुंदरीकरण और धर्मशाला निर्माण के लिए धन आवंटित कराया जाएगा।

दोनों जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के जयमाल कार्यक्रम में भी भाग लिया और झांकी का पूजन कर श्रद्धा अर्पित की।

इससे पूर्व कथा स्थल पर आचार्य पंडित रमाकांत पांडेय ने मंत्रोच्चारण के साथ दोनों अतिथियों से आरती करवाई और कलावा बांधकर उनके सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। अष्टमी तिथि पर पंडाल में आयोजित भव्य आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विद्यालय स्थापित होने से बच्चों में खुशी की लहर

समाज जागरण

जनपद बलरामपुर के हरैया सतघरवा विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत इटवा बलनडीह में बच्चों की शिक्षा दीक्षा हेतु एक विद्यालय की स्थापना किया गया विद्यालय का नाम पित्रावती शिक्षण सेवा संस्थान रखा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सामाजिक कार्यकर्ता राम विकाश यादव जी ने बताया कि इस क्षेत्र में कोई अच्छा विद्यालय न होने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने के लिए नाला पार करके जाना पड़ता था जिससे उनके जीवन को बाढ़ के पानी से काफी खतरा रहता था लेकिन अब स्थानीय स्तर पर बच्चों की शिक्षा दीक्षा हेतु विद्यालय की स्थापना की गई है जिससे बच्चों को पढ़ने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। क्षेत्र में विद्यालय स्थापित होने से बच्चों में काफी उत्साह है। कार्यक्रम में उपस्थित पेस संस्था से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार पाण्डेय जी ने बताया कि बच्चों की शिक्षा के लिए यह बहुत ही सराहनीय कदम उठाया गया है जिसके लिए मैं आदरणीय प्रबंधक जी को धन्यवाद देता हूं जल्द ही इस विद्यालय में कक्षाएं संचालित होंगी एवं योग्य अध्यापकों के द्वारा बच्चों को शिक्षा दीक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राम विकास यादव, पेस संस्था से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार पाण्डेय, ग्राम प्रधान, अभिभावक एवं बच्चें उपस्थित रहे।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# राजघाट पर छात्राओं ने साफ सफाई कर स्वच्छता सेवा कार्यक्रम का आयोजन।

**समाज जागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के गंगा घाट राजघाट पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं व ट्रस्ट एवं ग्रामीणों के सहयोग से गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्राओं



ने साफ सफाई का संदेश दिया ।वही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक शिवम अग्रवाल, ज़िला परियोजना अधिकारी अमन तिवारी, अतुल कुमार उर्फ भोला भैया समेत आदि मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से झूलसे घायल बच्चों का ब्लॉक प्रमुख ने लिया हाल चाल

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गांव विजुआ नगला के प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को तेज बारिश के चलते आकाशीय बिजली गरजाहट के साथ स्कूल पर गिर गई। जिसमें स्कूल में लगी लाइट से शोर्ट सर्किट हो गया।जिसमें दो छात्राओं सहित छ : छात्र गंभीर घायल हो गया था। जिसके लिए पांचों को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया था ।वही एक छात्र रचित की



हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर अलीगढ रेफर कर दिया था।

वही घटना की जानकारी मिलने पर बुधवार को गांव विजुआ नगला पहुंच कर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार उर्फ पप्पू यादव ने पहुंच कर सभी घायल छात्रों के अलग अलग पहुचे। परिजनों व छात्रों का हाल चाल जाना है ,वही हर संभव मदद करने व परिजनों को हिम्मत दी है । इस मौके पर प्रमोद यादव, भगवान सिंह, अरविंद यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।

# गोठना में नवरात्र पर पापा पुलिस वालों खिलाया पिज्जा मासूमों में खुशी

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गांव गोठना में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल व पुलिस कर्मियों ने महिला व ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी ।



वही नवरात्र के चलते छोटे छोटे बच्चों को पिज्जा खिलवाया जिसके चलते बच्चों ने अपने अपने पापाओं को बताते हुए कहा कि हमें पुलिस वालों ने पिज्जा खिलाया है जिसके चलते मासूमों का मन पिज्जा खाने से गदद हो गया था।

# 2100 दीपों से हुई गढ़ी रामलीला में मां जगदंबा की आरती

## मातृशक्ति की सुरक्षा और सम्मान बढ़ाने को ली सामूहिक शपथ

**समाज जागरण**

।संभल ।हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने हनुमान नगर गढ़ी में चल रहे रामलीला मंचन में पहुंचकर मां जगदंबा की 2100 प्रज्वलित दीपों से सामूहिक आरती की। कार्यक्रम में मातृशक्ति की सुरक्षा और सम्मान बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

हनुमान नगर गढ़ी में आयोजित श्री रामलीला में हिंदू जागृति मंच के सदस्य अजय कुमार शर्मा, विकास कुमार वर्मा, अंकुर रस्तोगी, संतोष कुमार गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, सुमन कुमार वर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर आदि अनेक कार्यकर्ता पहुंचे। श्री रामलीला कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर 2100 प्रज्वलित



दीप दर्शकों को दिए गए। रामलीला के मंच पर मां जगदंबा की दिव्य भव्य झांकी सजाई गई। तत्पश्चात हजारों लोगों ने हाथों में प्रज्वलित दीपक लेकर मां जगदंबा की सामूहिक आरती में हिस्सा लिया। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने श्री रामलीला मंचन को देखने आए सभी भक्तों के एक हाथ में जलता हुआ दीपक लेकर दूसरा हाथ मां जगदंबा की ओर संकेत करते हुए मातृशक्ति की सुरक्षा और सम्मान अक्षुण बनाए रखने के लिए, सम्मान वृद्धि के लिए तन मन धन समय और संघर्ष के माध्यम से सहयोग करने एवं बुरी नजरों से बचाए रखने और मातृशक्ति को शक्तिशाली बनाए रखने के लिए हर संभव सहयोग करने का संकल्प दिलाया। मां जगदंबा की जय जयकार करते हुए सभी दर्शकों ने सामूहिक आरती और शपथ संकल्प की सराहना की। अंत में सभी दर्शकों पर पुष्प वर्षा की गई। प्रज्वलित दीपों से स्वस्तिक जैसे चित्र बनाकर रंगोली के रूप में मैदान की सजावट की गई। कार्यक्रम में अशोक कुमार श्रीमाली, चौधरी देवेंद्र सिंह फौजी, पृथीपाल सिंह, रजत चौधरी, जितेंद्र शर्मा, सोनू चौधरी, विपिन कुमार शर्मा, नंदकिशोर शर्मा आदि का सहयोग रहा। रामलीला मंचन कर रहे सभी कलाकारों ने भी व्यवस्था में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन विपिन कुमार शर्मा ने किया।

# सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री की फोटो आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, नहटौर कस्बे के मोहल्ला तकियागढ़ी पूर्वी निवासी मुजम्मिल पुत्र मौ० इजलाल ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से मुख्यमंत्री की फोटो को आपत्तिजनक रूप में एडिट कर पोस्ट कर दिया था। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस हरकत में आ गई और कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक भारत सिंह, हेड कांस्टेबल शरदल पंवार और कांस्टेबल नवीन कुमार शामिल रहे।

# गोठना में महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक - महिला उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गांव गोठना में पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान व महिला उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल ने महिलाओं और बालिकाओं व ग्रामीणों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

गोठना के शिव मंदिर पर महिलाओं व ग्रामीणों को सुरक्षा को लेकर टिप्स दिए। वही पुलिस के द्वारा मिशन शक्ति अभियान से जुड़े पैम्फलेट वितरित किए गए, साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई।

इस मौके पर ग्रीस यादव प्रधान, लव



यादव, विधानसभाध्यक्ष, गौरव यादव, जीत यादव, रोहतास कुमार, आराम सिंह , निशांत यादव, बौबी यादव, वेदपाल यादव पंचायत सहायक, राजेश यादव, इन्द्रपाल यादव सहित चन्द्रकला यादव पूर्व प्रधान, मीना यादव ,मौहरकली, मीरा यादव, ,सोनम यादव, नीरा यादव, रश्मी यादव, मुन्नी यादव आदि मौजूद रहे।

# ममता पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी आखिरकार गिरफ्तार

## 10 दिन की मेहनत के बाद मुगलपुरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**समाज जागरण**

मुरादाबाद। थाना मुगलपुरा क्षेत्र के लालबाग मोहल्ले में 21 सितंबर को महिला ममता पर जान से मारने की नीयत से हमला करने वाला आरोपी पुलिस के शिकंजे में आ गया है। 10 दिनों की अथक मेहनत, निगरानी और सूझबूझ के बाद मुगलपुरा पुलिस ने आरोपी राहुल पुत्र अनिल (निवासी कहारों का मंदिर, थाना नागफनी) को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के बाद पीड़िता के पति राजू उर्फ काले की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया था, लेकिन आरोपी घटना के बाद से ही




फरार चल रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलपुरा शैलेन्द्र कुमार ने एक विशेष टीम गठित की। टीम ने लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी, तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय नेटवर्क के सहयोग से आखिरकार 1 अक्टूबर को लालबाग चौकी प्रभारी ओम शुक्ला ने आरोपी को धर दबोचा।

इस गिरफ्तारी को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस की मेहनत और धैर्य की सराहना की है।

"भले ही समय लगा, लेकिन जिस तरह से पुलिस ने हार नहीं मानी और आरोपी को पकड़कर दिखाया, उससे जनता का भरोसा और भी मजबूत

# महिलाओं ने गरबा-डांडिया कर मनाया नवरात्र उत्सव

**समाज जागरण**

संभल ।नवरात्र की नवमी पर सोमवार को मंदिरों और घरों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। सुबह से ही भक्तजन जयकारों और घोष के बीच मां दुर्गा की आराधना में लीन दिखाई दिए।

नवमी के अवसर पर महिला शक्ति संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने अपने हयात नगर स्थित आवास पर नौ देवियों का पूजन आयोजित किया। इस मौके पर संगठन की सभी महिलाएं लाल वस्त्र धारण कर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश पूजन और मां दुर्गा की आरती के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर नौ देवियों का पूजन किया और डांडिया व गरबा की प्रस्तुति दी।

विशेष रूप से नौ कन्याओं को नौ देवी का स्वरूप मानकर पूजन कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया। महा



आरती के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया।

दीपा वार्ष्णेय ने कहा, हर वर्ष की भांति इस बार भी संगठन की सभी महिलाओं ने एकजुट होकर नवरात्र उत्सव मनाया। हमारा उद्देश्य है कि महिलाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लें, बल्कि एक-दूसरे के अधिकारों और सम्मान के लिए भी सजग रहें।

कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एक-दूसरे को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं और महिला सशक्तिकरण व अधिकारों की रक्षा के लिए शपथ ली।

इस अवसर पर खुशबू वार्ष्णेय, निशि वार्ष्णेय, अंजना, नेहा,कुसुम, कल्पना, बृजबाला, ,माधुरी, शशि, दीप्ति, ममता, विनीता, लक्ष्मी, पुष्पा, मधू, कामिनी,पदमा, संतोष, गायत्री, वर्षा ,मंजू ,नीलम, नीलमा, छाया, रिचा, सोनिया, प्रीति, उषा ,कविता, साधना आदि रहीं

# संभल में रामलीला मंचन में भावुक ‘लक्ष्मण शक्ति’ प्रसंग, हनुमान का अद्भुत पराक्रम देख भावुक हुए दर्शक

**समाज जागरण**

संभल। नगर पालिका परिषद, संभल में श्री रामलीला कमेटी, संभल द्वारा आयोजित अलौकिक एवं विशाल आदर्श श्री रामलीला कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान गणेश जी की विधि- विधान से पूजा - अर्चना कर श्री राम दरबार की आरती उतारी गई। मंचन से पूर्व श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यास जी बताते हैं कि रामायण में 'लक्ष्मण शक्ति' का प्रसंग, युद्ध के दौरान की एक अत्यंत भावुक और महत्वपूर्ण घटना है।

जब रामलीला में इसका मंचन किया जाता है, तो यह दर्शकों को गहराई से प्रभावित करता है। इस दृश्य में मेघनाद (इंद्रजीत) द्वारा चलाए गए शक्ति बाण से लक्ष्मण के मूर्छित होने और उसके बाद के घटनाक्रम को दिखाया जाता है। तदुपरांत कलाकारों द्वारा मंचन के प्रारंभ में मेघनाद और लक्ष्मण के बीच भयंकर युद्ध का दृश्य दिखाया जाता है। दोनों योद्धा अपनी-अपनी वीरता का परिचय देते हैं।

जब मेघनाद देखता है कि वह लक्ष्मण को सीधे नहीं हरा सकता, तो वह मायावी शक्तियों का प्रयोग करता है और उन पर ब्रह्मा द्वारा दी गई अमोघ 'शक्ति' का प्रहार करता है। इस प्रहार से लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़ते हैं।

लक्ष्मण को मूर्छित देखकर राम अत्यंत व्याकुल हो जाते हैं और भावुक होकर विलाप करते हैं। राम के इस मार्मिक विलाप को देखकर दर्शक भी भावुक हो जाते हैं।

राम कहते हैं कि उन्होंने सीता को खोने का दुख तो सह लिया, लेकिन लक्ष्मण के बिना वे अयोध्या कैसे लौटेंगे?

जब सुषेन वैद्य (रावण का वैद्य जिसे हनुमान ले आते हैं) बताते हैं



कि लक्ष्मण को केवल हिमालय की संजीवनी बूटी ही बचा सकती है, तो हनुमान जी तुरंत पर्वत की ओर उड़ जाते हैं।

हनुमान जी को रात में ही संजीवनी बूटी लाने का कार्य सौंपा जाता है। जब वे बूटी पहचान नहीं पाते, तो वे पूरा द्रोणागिरि पर्वत ही उठा लाते हैं। यह दृश्य हनुमान के अद्भुत पराक्रम को दर्शाता है।

संजीवनी बूटी के प्रयोग से लक्ष्मण की मूर्छा दूर हो जाती है और वह फिर से स्वस्थ होकर उठ जाते हैं। लक्ष्मण के स्वस्थ होने पर वानर सेना में खुशी की लहर दौड़ जाती है।

श्री रामलीला कमेटी के प्रबंधक वैभव गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा श्री राम के विलाप और हनुमान के समर्पण को दशार्ने वाले कलाकारों के अभिनय इस मंचन को यादगार बना दिया।

आगे उन्होंने कहा इस मंचन के दौरान,

श्री रामलीला कमेटी सदैव दर्शकों से जुड़ी हुई धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों एवं उपदेशों को किसी न किसी रूप में आयोजित करती है जिससे समाज और देश को मजबूत करने के लिए हम सभी को प्रेरणा मिलती है।

आज अतिथियों के रूप में ए०एस०पी० कुलदीप सिंह,शरद जी (विभाग प्रचारक ) कुलदीप जी (आर०एस०एस०),अमित वार्ष्णेय (प्रांतीय सेवा विभाग सदस्य),हरनाम ठाकुर, राजुल गुप्ता उपस्थित रहे। समस्त अतिथियों को पटका पहनाकर कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल जी ने स्वागत कर धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के दौरान श्री रामलीला कमेटी के सदस्यों के रूप में शंकर शर्मा,उज्ज्वल सक्सेना \,अभिषेक गुप्ता,वैभव अग्रवाल, तरंग अग्रवाल, मोहित भारद्वाज, शोभित गुप्ता,अर-विंद प्रजापति, निहाल वाल्मीकि,अक्षय कुमार, वंश ठ-ाकुर,ऋषभ ठाकुर, गणेश आदि उपस्थित रहे।

# रामबाग धाम के विशाल पावन मंच पर चल रही रामलीला में भगवान श्रीराम ने किया रावण का वध

**समाज जागरण**

चंदौसी। श्री बारह सैनी रामलीला नाट्य परिषद चन्दौसी द्वारा नवमी नवरात्रि के दिन रामबाग धाम के विशाल पावन मंच पर लक्ष्मण शक्ति रावण वध की लीला का आयोजन किया गया। रामलीला का आयोजन स्व0 रामनिवास भोलेनाथ जी एवं स्व0 शकुन्तला देवी की पावन स्म्रति में उनके परिजन श्री सुभाष चंद भोलेनाथ, सुशील कुमार भोलेनाथ, सुधीर वार्ष्णेय,तुषान्त गुप्ता एवम विशाल वार्ष्णेय और समस्त परिवार के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। रामलीला में हनुमान जी हीरालाल) लंका दहन करने के बाद माता सीता (प्रियंका)से आज्ञा लेकर बापस किष्किंधा नगरी लौट आते हैं। और वहाँ श्री राम जी(प्रतीक) को माता सीता की दी हुई निशानी देते हैं। राम जी वो निशानी पहचान लेते हैं। उसके बाद महाराज सुग्रीव(उमंग) अपनी सेना को लंका पर चढ़ाई करने का आदेश देते हैं। और सभी समुद्र तट पर पहुंच जाते हैं। अब नल(अमित श्याम) और नील(सिद्धार्थ)नाम के दो महावीर वानरों की सहायता से समुद्र पर पुल बना के लंका पहुँच जाते हैं।

अगले दृश्य में श्री राम जी अंगद(राज बिहारी) को शांति दूत बनाकर रावण के दरबार में भेजते हैं। जहाँ रावण(गोविन्द किशोर) और अंगद संवाद दर्शनीय होता है। अंगद वहाँ जा कर रावण को माता सीता जी को लौटाने का आग्रह करते हैं और अन्यथा की स्थिति में युद्ध लड़ने के लिए चुनौती देते हैं। और अपना पॉव जमाकर ललकारते हैं पर कोई उनका पॉव उठाना तो दूर हिला भी नही पाता है।

अगले दृश्य में युद्ध शुरू होता हैं जहां मेघनाथ(प्रवर) लक्ष्मण (हर्षित) को युद्ध में घायल कर मूर्छित कर देते हैं। महावीर हनुमान जी लंका से सुषेण(गिर्राज किशोर) नाम के वैद्य को ले आते हैं। वैद्य उन्हें संजीवनी बूटी लाने के लिये भेज देते हैं। रास्ते में हनुमानजी को कालनेमि(दिव्यांशु) नाम का राक्षस मिलता है। हनुमानजी उसका वध करके संजीवनी बूटी ले आते हैं और लक्ष्मण जी के प्राण बच जाते हैं।

फिर युद्ध होता है जहाँ मेघनाथ, कुम्भकर्ण जैसे योद्धा मारे जाते हैं। आखिर में राम रावण युद्ध होता है तो विभीषण(वंश) राम को बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत है तो राम जी एक ही वाण से अमृत सु-खाकर रावण का अंत कर देते हैं।

दर्शकों के लिए लकी ड्रा, मेघा ड्रा, बम्पर ड्रा और सुपर बम्पर ड्रा नन्दन ज्वेलर्स परिवार ब्रहम बाजार की ओर से श्री अमित कुमार सर्राफ द्वारा निकाले गए।

श्री रामलीला नाट्य परिषद की ओर से सभी पत्रकार बंधुओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

श्रीरामलीला नाट्य परिषद की ओर से सभी यजमानों का माला, पटका, पगड़ी, पहना कर सम्मान किया गया। और एक श्री राम चरित मानस और गंगोत्री धाम से आया हुआ पवित्र गंगा जल उपहार स्वरूप भेट किया गया।

प्रधान गिरराज किशोर, नवीन चौधरी, कपिल राजा, धीरेन्द्र कुमार , कन्हैया वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, प्रमोद गुरु, प्रदीप शर्मा,ॐ शंकर पेंटर, नवल किशोर ,वासु गुप्ता, प्रियंक जी ,,दीपक सोनू , और मुकुल शर्मा आदि कलाकार और पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच का संचालन अमित अप्पू और ने किया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, तीन युवक घायल

- असमोली थाना क्षेत्र के दारापुर अड्डे पर हुआ हादसा, एक की हालत गंभीर
- पुलिस ने शुरू की जांच, आरोपी वाहन चालक फरार



**समाज जागरण**

संभल (असमोली)। असमोली थाना क्षेत्र के दारापुर अड्डे पर बीती देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में राहुल, आंगज और आकाश नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को मौके पर मौजूद राहगीरों ने आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां राहुल की हालत नाजुक बताई जा रही है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार अपनी दिशा में सामान्य रफ्तार से जा रहे थे, तभी सामने से तेज गति में आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सड़क किनारे जा गिरी और सवार दूर जा छिटके।

घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को प्राथमिक चिकित्सा के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

सूचना मिलते ही असमोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। फिलहाल अज्ञात वाहन की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

इस हादसे को लेकर ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि दारापुर अड्डा अंधे मोड़ पर स्थित है, जहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से वहां स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# आफलाइन स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों का धरना बुधवार को कंपनी बाग में जारी रहा है।

**समाज जागरण**

चंदौसी। प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास पर बैठे शिक्ष-ाकों का धरना प्रशासन ने हटवाया ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर गुलाब देवी मंत्री आवास पर 5 दिन से धरने पर बैठे थे शिक्षक, शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के आश्वासन देने के बाद भी धरने से नहीं हटे थे शिक्षक । चंदौसी मंत्री गुलाब देवी के आवास पर ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर शिक्षकों का धरना जारी अब कंपनी बाग में । शिक्षकों ने नवमी पर भी व्रत नहीं खोला और स्थानांतरण सूची जारी होने तक धरना जारी रखने का संकल्प लिया है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से वार्ता न होने पर निराशा जताई और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आंदोलन की जानकारी दी। शिक्षकों ने दशहरा और दीपावली न मनाने का भी निर्णय लिया है। चंदौसी में लगातार जारी है शिक्षकों का प्रदर्शन, नहीं खोला नवरात्र का व्रत कहा- हमारी माता तो अभी मानी नहीं । आफलाइन स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों का धरना बुधवार को कंपनी बाग में जारी रहा। धरना दे रहे बहुत से शिक्षकों ने नवरात्र के व्रत रखे हुए थे, पर नवमी के दिन भी उन्होंने अपना उपवास नहीं खोला। स्नान आदि करके फिर अपने स्थान पर बैठ गए। बोलीं महिला शिक्षक- शिक्षा में व्यवधान मंत्री डाल रहीं, हम नहीं शिक्षा मंत्री की ओर से दिए गए इस बयान पर कि शिक्षक बीच सत्र में स्थानांतरण पर अड़े रहकर शिक्षा में व्यवधान डाल रहे हैं, महिला शिक्षक बिफर पड़ीं। उनका कहना है कि हमारी ओर से दिसंबर-जनवरी में फाइल शासन को भेज दी गई थी। अब अनुमोदन आपके स्तर से



अटका है। ऐसे में शिक्षक जिद पर अड़े नहीं हैं, बल्कि मंत्री हैं। और शिक्षा का नुकसान भी आपकी जिद के कारण ही हो रहा है। उनका कहना है कि हमें कोई शौक नहीं है कि अपना घर छोड़कर बच्चों के साथ यहां धरना देने आएं। इसके लिए शासन ने ही हमें मजबूर किया है।

**आंदोलित शिक्षकों के लिए प्रश-ासन की ओर से की गई चाक-चौबंद व्यवस्था**

मंत्री आवास से जब शिक्षकों को कंपनी बाग में शिफ्ट किया गया तो यहां व्यवस्था के नाम पर कुछ बेंच ही थीं। हालांकि शिफ्ट करने से पहले डीएम ने शिक्षकों को कंपनी बाग में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया था, जिसे प्रशासन ने निभाया भी। देर शाम से कंपनी बाग में शिक्षकों के लिए टेंट लगना शुरू हो गया था जो रात नौ बजे तक तैयार हो गया।

इसमें लाइट, गद्दे के साथ दो बड़े कूलर भी लगाए गए। साथ ही पीने के पानी के लिए कैंपर की व्यवस्था भी की गई। मच्छरों और असुविधा के बीच एक बार लगा कि शिक्षकों को रात काटना मुश्किल होगा, पर प्रशासन की ओर से व्यवस्था करने के बाद यह समस्या भी खत्म हो गई। साथ ही यहां सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है। शिक्षकों ने इसके लिए पुलिस-प्रशासन का आभार जताया है। ऑफलाइन स्थानांतरण सूची की मांग को लेकर 25 सितंबर से माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के आवास पर धरना दे रहे शिक्षकों पर प्रशासन का रुख सख्त हो गया है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे डीएम और एसपी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शिक्षकों से तीन बजे तक स्थान खाली करने को कहा । अब धरना दूसरी जगह शिफ्ट हो गया है ।

एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि शिक्षक बिना अनुमति के धरना दे रहे हैं। किसी व्यक्ति के निजी आवास पर धरना देना गैरकानूनी है, इसलिए उन्हें एक घंटे का समय दिया गया है कि वे यह स्थान खाली कर दें। साथ ही शिक्षकों को सुझाव दिया गया कि वे अपना पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लखनऊ भेजकर मांगों को सरकार के सामने रखें। इस दौरान शिक्षकों और पुलिस अधीक्षक के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। उधर, शिक्षकों का कहना है कि वे गिरफ्तारी देने को तैयार हैं, लेकिन बिना स्थानांतरण सूची लिए यहां से नहीं हटेंगे शिक्षक अब कंपनी बाग में अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं।

# नगीना देहात में बेटी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। थाना नगीना देहात पुलिस ने सोमवार को 23 जुलाई को हुई बेटी के साथ छेड़छाड़ की घटना में अभियुक्त प्रदुम पुत्र राजेश निवासी ग्राम भदौला को गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से फरार था और पुलिस लगातार उसकी तलाश में लगी हुई थी। वादिनी की तहरीर पर थाना नगीना देहात में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने लंबी जांच-पड़ताल और सघन छानबीन के बाद आरोपी को आज गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।अभियुक्त का विवरणः नामः प्रदुम पिता का नामः राजेश पताः ग्राम भदौला, थाना नगीना देहात, जनपद बिजनौर गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम उपनिरीक्षक हिमांशु, थाना नगीना देहात कांस्टेबल आशीष धामा शामिल रहे। थाना नगीना देहात पुलिस ने जनता से अपील की है कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की हिचकिचाहट न करें और तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

# रामसेतु निर्माण और विभीषण शरणागत की लीला ने मोहा मन

समाज जागरण



कांधला (फुरकान जंग) कस्बे की पावन धरती पर धार्मिक उत्सव का अद्भुत दृश्य तब देखने को मिला जब पंजाबी धर्मशाला में श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान श्रीराम की आरती से आरंभ हुआ यह आयोजन रामसेतु निर्माण, विभीषण शरणागत और रावण-अंगद संवाद जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों की भावनात्मक और भव्य प्रस्तुतियों के साथ श्रद्धालुओं को रामभक्ति में सराबोर कर गया। रामसेतु निर्माण का दृश्य मंच पर इतनी खूबसूरती से उकेरा गया कि दर्शकों की आंखें नम हो उठीं। वहीं विभीषण का श्रीराम के चरणों में शरण लेना और प्रभु की करुणा से उन्हें स्वीकार करना, मानवता और धर्म की विजय का संदेश देता रहा। रावण और अंगद के बीच हुआ संवाद भी दर्शकों को बांधे रखने में सफल रहा, जिसमें अंगद की वीरता और रावण की अहंकारपूर्ण मुद्रा को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की सजीव अदायगी और भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर एक संवाद और दृश्य पर तालियों की गूंज से पूरा पंडाल गूंज उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई मंचन में डूबा नजर आया। इस भव्य आयोजन में डॉ. रणवीर सिंह, अनिल मित्तल, डॉ. जनेश्वर चौहान, सर्वेश वर्मा, अंकित, कन्हैया सैनी, जितेंद्र सैनी, प्रदीप कुमार सिंघल, राजीव अग्रवाल और सुरेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और लीला का आनंद लिया। रामभक्ति से सराबोर यह आयोजन सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने की दिशा में एक सशक्त प्रयास के रूप में सामने आया, जिसने कांधलावासियों को गौरवान्वित किया।

# कैराना में 35 फीट के रावण के पुतले का होगा दहन

समाज जागरण

कैराना। नगर में दशहरा पर्व की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्राचीन देवी मंदिर के तालाब किनारे गुरुवार को विजय दशमी के अवसर पर बुराई पर अच्छाई की जीत रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा।

श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 35 फीट ऊंचा रावण, 30-30 फीट ऊंचे मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले आकर्षण का केंद्र होंगे। इस अवसर पर राम और रावण के बीच युद्ध होगा, जिसके बाद प्रभु श्री राम धनुष से तीर मारकर रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों आग के हवाले कर देंगे। पुतलों के दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में आतिशबाजी भी होगी, जो दर्शकों के लिए उत्साह का माहौल बनाएगी।

# पुरानी रंजिश के चलते किया हमला, मुकदमा दर्ज

समाज जागरण

कैराना। पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड और गंडासे से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

गांव भूरा निवासी सलमान ने मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि 27 सितंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका पिता सालिम अपनी गैलरी में मेहमानों के साथ बैठा था। तभी मोहल्ले के कुछ बच्चों के हुड़दंग मचाने पर पीड़ित ने उन्हें डांटकर भगा दिया। इसके बाद इसरार, सरवर, और सुक्का लोहे की रॉड और गंडासे लेकर पीड़ित की गैलरी में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीड़ित को चारपाई से खींचकर मारपीट शुरू कर दी और उसका सिर लोहे की रॉड व गंडासे से घायल कर दिया। हमलावरों ने धमकी दी कि जो भी पीड़ित को बचाने आएगा, उसे जान से मार देंगे। चीख-पुकार सुनकर पीड़ित के ताऊ शाहदीन और ताऊ की पुत्रवधू मोमिना ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी गालियां दीं और मारपीट की। हमलावर धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बरेली कूच की आशंका के चलते कांग्रेस नेता को किया हाउस अरेस्ट

समाज जागरण



शामली।आई लव मोहम्मद मामले मे बरेली कूच की आशंका के चलते सींगरा निवासी कांग्रेस पार्टी के यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा को देर रात उनके आवास पर ही पुलिस द्वारा हाऊस ऐरेस्ट कर लिया गया। पुलिसिया कार्यवाही को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के द्वारा पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ बरेली पहुंच कर मामले की वास्तविक स्थिति का पता कर गंभीरता से जांच कराए जाने की बात कही गई थी। जिसके चलते जनपद शामली में अशवनी शर्मा को अहमदगढ पुलिस चौंकी प्रभारी अजय पाल सिंह के द्वारा अपनी टीम के साथ देर रात बाहर न जाने की हिदायत देते हुए उनके घर ही नजरबंद कर दिया गया था।

**जैन धर्मशाला में मुनि विव्रत सागर जी का प्रवचन रू धर्म ही मोक्ष का विश्वसनीय मार्ग**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में बुधवार को विव्रत सागर महाराज ने अपने प्रवचन में जीव के तीन भाव-पाप, पुण्य और धर्म-पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म ही मोक्ष या उच्च गति का एकमात्र निश्चित मार्ग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाप जीव को अधोगति की ओर ले जाता है, पुण्य का फल अनिश्चित होता है, जबकि धर्म निश्चित रूप से आत्मा को शुद्धि और मुक्ति की ओर अग्रसर करता है। मुनिराज ने कहा कि पुण्य दोषी नहीं है, बल्कि उसका दुरुपयोग करने वाला जीव दोषी होता है। जैसे माता-पिता द्वारा बच्चे की शिक्षा के लिए दिया गया धन अगर बच्चा भोग-विलास में खर्च कर दे तो दोष धन का नहीं, बल्कि बच्चे का होता है। उन्होंने बताया कि पुण्य के बिना साधना का वातावरण संभव नहीं है, यहां तक कि भरत चक्रवर्ती जैसे क्षायिक सम्यग्दृष्टि भी मुनिराजों को आहार दान देने के लिए प्रतीक्षा करते थे। इस अवसर पर लतिका जैन, रिया जैन, विपिन जैन, दीपा जैन, विदित जैन, मयंक, सिद्धान्त, सम्यक जैन, प्रवीण जैन, ऋषभ जैन आदि मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन

समाज जागरण






शामली। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के अग्रसैन भवन से प्रारंभ होकर अनेकों स्थानों से गुजरी, जिसका विभिन्न संस्थाओं द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत भी किया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह विशाल भंडारे आयोजित किए गए थे।

बुधवार को दूसरे दिन शहर के अग्रसैन बारातघर में अष्टलक्ष्मी श्रीयंत्र महायज्ञ का समापन किया गया। जिसके मुख्य यजमान नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व मीनू संगल द्वारा पूर्णाहुति देकर किया गया। तत्पश्चात भव्य महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा हनुमान धाम स्थित महाराजा अग्रसेन भवन से प्रारम्भ हुई। जिसमें विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने महाराजा अग्रसैन को तिलक किया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों और बाजारों में धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में कई प्रसिद्ध बैंड, विभिन्न मनमोहक झांकिया, ढोल नगाड़े, सांस्कृतिक कार्यक्रम व लोकनृत्य शामिल रहे। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर अनेको सामाजिक व धार्मिक संस्थाओ द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर वीवी इंटर कॉलेज रोड, कबाड़ी बाजार, बड़ा बाजार, गांधी चौक, भिक्की मोड़, गांधी गंज मंडी, रेलवे रोड, बिजली घर रोड से होते हुए अग्रसेन पार्क पर सायं सम्पन्न होगी। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे महाराजा अग्रसेन की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर राजेंद्र गर्ग, वैभव प्रकाश गोयल, मनोज गर्ग, कृष्ण कुमार गोयल, अशोक गोयल, संदीप मित्तल, राकेश गर्ग, विशाल गुप्ता, सचिन मित्तल, विवेक बंसल, आकाश गोयल, रोबिन गर्ग, सभासद राजीव गोयल, अखिल तायल, राहुल कुच्छल, कपिल जिंदल, सक्षम संगल, राधेश्याम संगल, अनुराग गोयल, राकेश कुच्छल मौजूद रहे।

# रामलीला मेला महोत्सव में एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

समाज जागरण



कांधला। कस्बे के कैराना मार्ग पर इन दिनों रामलीला मेला महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ मेले में झूले, दुकानों और विभिन्न आकर्षणों को देखने के लिए रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु व आमजन पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए पुलिस व प्रशासन चौकसी बरते हुए है और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए हुए है।देर रात एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज स्वयं मेले में पहुंचीं। उन्होंने मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को मुस्तैद रहने और पुलिस बल को भी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, किसी भी दशा में मेले में कोई गड़बड़ी न होने पाए।एसडीएम ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले हर व्यक्ति पर पैनी नजर रखी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रामलीला मेला महोत्सव के दौरान देर रात तक श्रद्धालु व दर्शक उपस्थित रहते हैं, ऐसे में प्रशासन ने सुरक्षा हेतु अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया है। वहीं मेला परिसर में आने वाले लोगों को शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।

# बीमार बुआ की सेवा करने आई किशोरी, गायब, फूफा पर आरोप अभियोग दर्ज

समाज जागरण

कांधला। कस्बे में बीमार बुआ की देखभाल करने आई किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों ने किशोरी के फूफा पर गंदी नजर रखने, शादी का दबाव बनाने और परिजनों के साथ मिलकर अपहरण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के चाचा ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर भतीजी को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी युवती गुलशन की शादी मोहल्ला मिर्दगान निवासी आरिफ के साथ हुई थी। कुछ दिन पूर्व गुलशन की तबीयत बिगड़ गई थी, जिस पर उसने अपनी भतीजी को घरेलू कामकाज में मदद के लिए बुला लिया। आरोप है कि इसी दौरान आरिफ की नीयत अपनी साले की बेटी पर बिगड़ गई और वह उससे शादी करने की जिद करने लगा। जब गुलशन ने विरोध किया तो आरोप है कि आरिफ ने अपने परिजनों रोशन, जीनत, नासिर, तालिब और इमरान के साथ मिलकर उसे तीन तलाक देने की धमकी दी।पीड़िता का कहना है कि करीब एक सप्ताह पूर्व सुबह जब उसकी आंख खुली तो भतीजी और पति दोनों घर से लापता मिले। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़िता ने अपने परिवार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद किशोरी के चाचा इकरार ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# जनप्रतिनिधि के पूर्व पीए पर ठगी में मुकदमा दर्ज

**- सपा सरकार में जिपं ठेका दिलवाने के एवज में 4.10 लाख ठगे**

**- पीड़ित की ओर से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी पुलिस**

समाज जागरण

कैराना। एक जनप्रतिनिधि के पूर्व पीए पर सपा शासनकाल में जिला पंचायत का ठेका दिलवाने के एवज में 4.10 लाख रुपये ठगने का आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने पीड़ित की ओर से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव इस्सापुर खुरगान निवासी दिलशाद ने मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि करीब दस वर्ष पूर्व समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मुनव्वर निवासी गांव मंडावर हाल निवासी आर्यपुरी, जो उस समय एक जनप्रतिनिधि का पीए था, ने उसे जिला पंचायत का ठेका दिलवाने का झांसा दिया। इसके बाद उससे चार लाख दस हजार रुपये लिए गए। यह राशि उसने ब्याज पर और अपनी डेढ़ बीघा जमीन गिरवी रखकर जुटाई थी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी मुनव्वर ने न तो ठेका दिलवाया और न ही रुपये लौटाए। उसने कई बार मौजिज लोगों के साथ मुनव्वर से संपर्क किया, लेकिन वह हर बार 15 दिन या एक महीने में रुपये लौटाने का वादा कर टालता रहा। अब आरोपी ने रुपये लौटाने से साफ इनकार कर दिया और धमकी दी कि अगर फिर से रुपये मांगे या किसी को साथ लेकर आया, तो उसे जान से मार देगा। पीड़ित का कहना है कि वह गरीब मजदूर है और उसकी मेहनत-मजदूरी की कमाई ब्याज चुकाने में चली जाती है। इससे उसके परिवार का जीना मुश्किल हो गया है। उसने कहा कि यदि रुपये नहीं मिले तो वह बर्बाद हो जाएगा और उसके पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दुर्गा नवमी में माता रानी की पूजा अर्चना कर भजन संध्या आयोजित

समाज जागरण





शामली। जिले में बुधवार को दुर्गा नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नवमी पर व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा अर्चना की और कन्याओं को भोजन कराकर व्रत खोला।

बुधवार को मां दुर्गा नवमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभावना के साथ मनाया गया। नौ दिन तक नवरात्र में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने सुबह से ही घर-घर में कन्याओं को भोजन कराया और इसके बाद व्रत खोला। दुर्गा नवमी पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड रही। सवेरे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ माता रानी को हलवा पूरी का प्रसाद भी चढाया गया। शहर के कबाड़ी बाजार पुरानी सब्जी मंडी स्थित प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर आट्टे वाला, रेलपार स्थित दुर्गा मंदिर, भाकू वाला मंदिर, सती वाला मंदिर, बलभद्र मंदिर व हनुमानधाम दुर्गा मंदिर में सवेरे से भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अटठे वाला देवी मंदिर में आरती के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसके यजमान जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान रहे। वही दूसरी ओर श्री दुर्गा नवमी पर शहर के हलवाई अटटा स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

# रामलीला महोत्सव में लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का भावुक मंचन

समाज जागरण



शामली। शहर के श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर आयोजित 56वें रामलीला महोत्सव में लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का भावुक मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को भक्ति और करुणा के सागर में डुबो दिया। घ्कलाकारों ने उस मार्मिक क्षण को जीवंत कर दिया। जब मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं और प्रभु राम का विलाप समूची वानर सेना को शोकाकुल कर देता है। श्रीराम के मार्मिक संवाद और लक्ष्मण की निश्चलता ने हर आंख को नम कर दिया। इसके बाद, संकटमोचन हनुमान का संजीवनी बूटी लाने के लिए हिमालय पर्वत की ओर प्रस्थान और पर्वत उठाकर लाने का अद्भुत दृश्य दिखाया गया, जिसने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। अंत में, वैद्य सुषैण के उपचार और संजीवनी बूटी के प्रभाव से लक्ष्मण जी के चेतना में लौटने पर रामादल में खुशी की लहर दौड़ गई। घ्मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी ने बताया कि इस लीला का उद्देश्य भ्रातृ प्रेम, त्याग और हनुमान जी की निष्ठा को दशार्ना है, जो आज भी प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर अध्यक्ष सलिल द्विवेदी सचिव राजकुमार मित्तल, उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, सन्दीप नामदेव, लोकेश वाचस्पति, आशु निर्वाल, आशीष निर्वाल, लाल सिंह लचक, वंश नामदेव, दीपक सैनी, निशांत पाठक, सुनील अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# अश्लील फब्तियां कसने वाला युवक एंटीरोमियो टीम के हत्थे चढ़ा

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग) महिलाओं और युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले युवकों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस की एंटीरोमियो टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे महिला सुरक्षा अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि बुधवार को




एंटीरोमियो टीम वैष्णो मंदिर कैरानाझ्रकांधला रोड पर चेकिंग और गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को पता चला कि एक युवक राह चलती युवतियों और महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।गिरफ्तार युवक की पहचान आमिर पुत्र साजिद उर्फ प्रभु निवासी ग्राम गढ़ी दौलत, थाना कांधला, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। आरोपी युवक मनचले को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक सुनील दत्त, महिला कांस्टेबल श्वेता और महिला कांस्टेबल बबीता शामिल रहे।पुलिस के अनुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और समाज में सुरक्षा का माहौल बनाया जा सके।

# युवती को अश्लील मैसेज भेजने पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण

कांधला। थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को अश्लील मैसेज भेजने और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के मोबाइल पर बीते कई दिनों से अज्ञात युवक अश्लील व अभद्र मैसेज भेज रहा था। शुरूआत में युवती ने इसे नजर अंदाज किया, लेकिन जब संदेशों की संख्या लगातार बढ़ती गई, तो पीड़िता ने इसका विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने से आक्रोशित युवक ने उन अश्लील संदेशों को इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे युवती व उसके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा पर आंच आ गई।इस प्रकरण से आहत पीड़ित युवती पिता ने थाने पहुंचीं और अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है की अभियोग दर्ज कर लिया है जल्दी आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अवैध निर्माण पर राजस्व विभाग की कार्रवाई, जेसीबी से ध्वस्त किया मकान

समाज जागरण

झिंझाना। क्षेत्र के गांव मंसूरा में बरसात में गिरे मकान के पुनः निर्माण को लेकर बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुंचकर निमार्णाधीन मकान को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान गांव में तनाव की स्थिति बनी रही और लोग मौके पर जुट गए। लेकिन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

गांव मंसूरा निवासी लीलू का मकान बरसात के दौरान गिर गया था। जिसको लीलू द्वारा फिर से बनाया जा रहा था। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और हो रहे निर्माण को ध्वस्त करा दिया। नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव ने बताया कि अवैध निर्माण की सूचना मिली थी कि राज्य सरकार की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। मौके पर जांच करने पर शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद जेसीबी मशीन द्वारा निर्माण को ध्वस्त कर दिया। वहीं पीड़ित मकान मालिक लीलू ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उसका मकान करीब 30 वर्ष पुराना था, जो बरसात में गिर गया था। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास है, जिसमे उनके चार पशु भी दब गए थे, जिसमे एक भैंस की मौत भी हो चुकी है और दो गाय तथा एक बैल अभी भी घायल हैं, उसी मकान का वह पुनःनिर्माण कर रहा था। लीलू ने राजस्व टीम पर महिलाओं के साथ अभद्रता करने का भी आरोप लगाया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव, कानूनगो अरविंद कुमार, हल्का लेखपाल राजीव शर्मा, अकरम अली तथा झिंझाना पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस की कड़ी निगरानी में कार्रवाई पूरी की गई।

# आबादी के बीच चल रही थी मौत के सामान की फैक्ट्री, माल बरामद एक गिरफ्तार

समाज जागरण

शामली झिंझाना। (फुरकान जंग) गांव टपराना में अवैध रूप से आबादी क्षेत्र में चल रही पटाखा फैक्ट्री मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार



किया। जिसमें भारी मात्रा में कच्चा बरामद कर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

मंगलवार को पुलिस ने गांव टपराना में आबादी क्षेत्र में खंडहरनुमा मकान पर छापेमारी कर अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। जिसमें पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 38 कट्टे कोल्ड (अनार वाली खाली नलकी),12 कट्टे (पुट्टी),10 प्रेशर मशीन ,04 ड्रम, 04 रेपर के बंडल, 01 कार्टून तार, 04 कार्टून तैयार पटाखे (कुल 960 पीस) व अन्य पटाखे निर्माण के उपकरण बरामद हुए । मौके से अभियुक्त राशिद पुत्र शमशाद निवासी ग्राम टपराना थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया अवैध पटाखा फैक्ट्री की सूचना मिली थी छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में कच्चा माल बरामद किया गया है।वहीं एक आरोपी राशिद निवासी टपराना को गिरफ्तार किया है। मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए राशिद के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गयी है।

# युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। बाइक सवार युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की।

झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव मंसूरा निवासी अफसर ने स्थानीय कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि मंगलवार की शाम उसका भतीजा शोएब बाइक से अपने चाचा मेहरबान को कैराना छोड़कर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह नाहिद कॉलोनी के निकट पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिस कारण उसके भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# भगवती के जागरण में रात भर झूमे श्रद्धालु खूब लगाए जयकारे

**समाज जागरण**

बागपत। ग्राम निरपुड़ा में माँ भगवती का भव्य जागरण श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। देर रात तक चले इस जागरण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण माँ के जयकारों से गूंज उठा। भगवती जागरण में एडवोकेट कुणाल आर्य मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि



एडवोकेट कुणाल आर्य ने शिरकत की। उन्होंने माता रानी के चरणों में माथा टेककर छत्र अर्पित किया और माँ से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। जागरण के दौरान भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। भव्य दरबार में देर रात तक भक्ति रस की अविरल धारा बहती रही।आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि कुणाल आर्य सहित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और माता रानी के आशीर्वाद से सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

# श्री बालाजी रामलीला में हुआ मेघनाथ व लक्ष्मण का भयंकर युद्ध

**समाज जागरण**

बागपत। श्री बालाजी रामलीला कमेटी खेकड़ा के तत्वाधान में चल रही भव्य रामलीला का शुभारंभ श्री बालाजी रामलीला कमेटी खेकड़ा के सभी पदाधिकारीयो ने भगवान श्रीराम जी की आरती कर किया। रामलीला के मंचन में आज दिखाया गया कि मेघनाथ लक्ष्मण का भयंकर युद्ध होता है। मेघनाथ लक्ष्मण को अपनी तंत्र विद्या से लक्ष्मण को मूर्छा कर देते है। राम, लक्ष्मण को मूर्छित देख वियोग में पड़ जाते है, तभी विभीषण जी बताते है कि वह लंका से सुषेण वैद्य को अगर ले आए तो लक्ष्मण के प्राण बच सकते है। हनुमान जी लंका में जाकर सुषेण वैद्य को ले आते है। सुषेण वैद्य लक्ष्मण का उपचार करते है और कहते हैं कि अगर सूर्यास्त से पहले मुझे संजीवनी बूटी मिल जाए तो इनके प्राण बच सकते है। उधर, रावण को पता लगता है कि लक्ष्मण मुर्छित हो गए है और हनुमान जी संजीवनी बूटी लेने गए हैं तो हनुमान जी को रोकने के लिए अपने



श्री बालाजी रामलीला में मंचन करते कलाकार

सेवक कालनेमी को बुलाते है। कालनेमी हनुमान जी को रोकने के लिए भरपूर प्रयास करते है। अंत में हनुमान जी को जब पता चलता है कि वो रावण का भेजा हुआ राक्षस है तो वो कालनेमी का वध कर डालते है और समय से पहले हनुमानजी संजीवनी बूटी लेकर पहुंच जाते है। वैद्य जी लक्ष्मण जी का उपचार कर उनकी मूर्छा भंग कर देते है। रावण को लक्ष्मण की मूर्छा खुलने का जब पता चलता है तो वह अपने भाई कुंभकर्ण को निंद्रा से जगाता है और युद्ध के लिए भेजता है, जहां कुंभकर्ण राम जी का युद्ध होता है और श्री राम जी के हाथों मारा जाता है। रावण को कुंभकर्ण के मरने की खबर आती है तो वह अपने पुत्र मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजता है। मेघनाथ, लक्ष्मण के हाथों युद्ध में मारा जाता है। मेघनाथ की पत्नी सुलोचना अपने पति का शीश मांगने श्री राम जी के पास आती है। श्री राम जी सुलोचना की पति भक्ति देख उनके पति का शीश उनको दे देते है। बाद में सुलोचना भी सती हो जाती है तक की लीला का सुन्दर चित्रण के साथ मंचन किया गया। रामलीला का मंचन डायरेक्टर मुकेश गौड़ व अतुल रूहेला के सहयोग से संपन्न हुआ। रामलीला में आनंद यादव, धर्मवीर यादव, नितिन जैन,अनंत यादव, मनोज धामा, सुनील रूहेला, राजेंद्र यादव,मनोज धामा चार्ली, संजीव जैन,विकास जैन,मनोज जैन,अनिल कुमार, अंकित जैन, अरुण जैन,गोविंद माहेश्वरी ,दीपक द्वितीय, बिट्टू शर्मा, राकेश,विनोद कुमार,सतेंद्र, जयसिंह ,नरेश कुमार, गौतम ,अनुभव मेकअपमैन,रोहित साउंड वाले, शेखर रूहेला,प्रशांत रूहेला,निखिल धामा,दीपक यादव, संजू शर्मा,दीपक पांचाल,गौरव वर्मा,अरुण यादव, मोहन वेदी,मोनू, सोनू, अनुज कश्यप, सूरज, मनोज, अम्बे प्रसाद, भूरे, रोहित आदि सभी कलाकारों का मुख्य सहयोग रहा।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**समाज जागरण**

खेकड़ा। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शिप्रा सिंह द्वारा ग्राम पंचायत लहचौड़ा में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में ॒मिशन शक्ति॒ अभियान चलाया गया।



कार्यक्रम में महिला मंगल दल की सदस्याओं ने भाग लिया और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। अभियान के दौरान 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (बाल सहायता), 112 (आपात सेवा) जैसे जरूरी नंबरों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम में यह भी संकल्प लिया गया कि समाज में नारी सशक्तिकरण का संदेश घर-घर तक पहुँचाया जाएगा।

# छात्रों को पढ़ाया अहिंसा और सत्य का पाठ, ईमानदारी से कार्य करने की दी सलाह

**समाज जागरण**

बागपत (बिनौली)। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जीवाना में बुधवार को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ॒गांधी जी और शास्त्री जी जैसे महापुरुषों के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। सत्य, अहिंसा, सादगी और ईमानदारी ही उनके जीवन का संदेश है, जिसे हमें अपने जीवन में उतारना




चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने निबंध, कविता और भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने महापुरुषों के जीवन पर आधारित रचनाओं से सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर निदेशक डॉ सुनील आर्य, एडवोकेट कुणाल आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स, प्रवीण तोमर, गौरव वर्मा, सुमित, गुड़िया खोखर, शिवानी, गीता शर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

# साइबर सेल और थाना दोघट पुलिस ने पकड़ा अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह

**समाज जागरण**

बागपत। साइबर सेल और थाना दोघट पुलिस की संयुक्त टीम ने क्यूआर कोड स्कैन के जरिए साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एसपी सूरज रॉय ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बदमाशों के कब्जे से मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, डमी मोबाइल, क्यूआर/बार कोड होल्डर (स्पीकर), 40 से अधिक क्यूआर/बार कोड, पैन कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुए हैं। 23 सितंबर को दाहा स्थित राणा फिलिंग स्टेशन पर दो अज्ञात युवकों ने पेट्रोल पंप के क्यूआर कोड पर अपना क्यूआर कोड चिपका दिया था, जिससे भुगतान की रकम सीधे उनके खाते में जाने लगी। इस मामले में थाना दोघट पर मुकदमा दर्ज कर जांच साइबर सेल को सौंपी गई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार



पर पुलिस ने दाहा-बरनावा रोड पर इंडियन पेट्रोल पंप के पास से रिंकू कुमार (भटिंडा, पंजाब) और विपिन (फतेहपुर) को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि वे पहले हरिद्वार में फास्ट फूड बेचते थे, मगर काम न चलने पर तेजी से पैसा कमाने के लिए ठगी का रास्ता अपनाया। दोनों ने रिंकू के बैंक खाते के क्यूआर कोड बनवाकर अलग-अलग राज्यों के पेट्रोल पंप और सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाए और लाखों रुपये हड़पे। आरोपियों ने बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर के अलावा हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड में भी ठगी की वारदातें की हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई राज्यों में शिकायतें ठउफ्ह पोर्टल पर दर्ज हैं। दोनों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।।

# रेलवे ट्रैक के पास मिला मासूम, यातायात पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग)ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत यातायात



पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए एक गुमशुदा बच्चे को सकुशल उसके परिजनों से मिलवाया। 30 सितंबर को धीमानपुरा फाटक ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात कांस्टेबल मनोज कुमार व होमगार्डों ने करीब एक वर्षीय मासूम को रेलवे ट्रैक के पास भटकते हुए देखा। बच्चे को तत्काल सुरक्षित संरक्षण में लेकर खोजबीन की गई। करीब दो घंटे बाद पुलिस ने बच्चे को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेश, एएसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देशन और सीओ यातायात अपेक्षा निम्बाड़िया के पर्यवेक्षण में हुई इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# 4 महीने बाद भी नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट, भाई की मौत पर इंसाफ को भटकता परिवार

## - अवैध अस्पताल की लापरवाही से हुई मौत पुलिस प्रशासन कार्रवाई ठंडे बस्ते में

**समाज जागरण**

बागपत। चार माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी अनीस बेग की संदिग्ध मौत के मामले में अब तक पुलिस रिपोर्ट दर्ज न होना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर रहा है। परिजनों का आरोप है कि अवैध रूप से संचालित रामा अस्पताल, दिल्ली रोड बागपत में फर्जी डॉक्टरों और अनट्रेंड स्टाफ की लापरवाही से अनीस बेग (45) की मौत हुई थी, मगर पुलिस ने अब तक मुकदमा कायम नहीं किया। पीड़ित भाई हाफिज मसूद बेग का कहना है कि बीते 14 मई को अनीस अपने मकान की मरम्मत करा रहा था, तभी छज्जा गिरने से उसके पैरों व शरीर पर चोटें आईं। परिजन उसे रामा अस्पताल की इमरजेंसी में ले गए। आरोप है कि वहां मौजूद स्टाफ ने बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के गलत इंजेक्शन दिए और इलाज में लापरवाही बरती। बाद में फोन पर बुलाए गए डॉक्टर ने भी दवाइयां बदलवाईं, लेकिन तब तक अनीस की हालत बिगड़ गई और आखिरकार उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि अनीस अस्पताल पहुंचने पर होश में था, बातचीत कर रहा था और उसकी चोटें गंभीर नहीं थीं। मौत का कारण अस्पताल का लापरवाह इलाज और गलत दवाइयां थीं। घटना की पूरी फुटेज अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में कैद है। परिजनों ने पुलिस से फुटेज और हार्ड डिस्क कब्जे में लेने की मांग की थी। मृतक के भाई का आरोप है कि पुलिस ने शुरूआती जांच के बाद तहरीर तो ले ली, लेकिन उसकी रिसीव देने से इंकार कर दिया और मुकदमा दर्ज करने का केवल आश्वासन देते रहे। अब चार महीने दस दिन गुजर जाने के बाद भी मामला दर्ज नहीं हुआ है। सोमवार को मृतक की पत्नी तक जब रिपोर्ट की जानकारी लेने थाने पहुंची, तब भी उसे निराशा ही हाथ लगी। परिजनों ने मुख्यमंत्री पोर्टल और एसपी से मांग की है कि रामा अस्पताल के संचालक, फर्जी डॉक्टरों और अनट्रेंड स्टाफ के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए और सीसीटीवी फुटेज जब्त कर निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# आंखों से आग उगलेगा रावण का पुतला, छाती और हाथ में चलते दिखेंगे चक्र, बागपत जिले में इन स्थानों पर होगा पुतला दहन

**-- मैदान में खड़े किए जा रहे रावण के पुतले, लग रहे मेले**

**-- रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतले जलेंगे**

**-- मुस्लिम परिवार ने बनाया रावण का पुतला**

**समाज जागरण**

बागपत। विजयदशमी का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसी के साथ जिलेभर में चल रही रामलीलाओं का मंचन भी संपन्न हो जाएगा। रामलीला आयोजकों द्वारा रावण पुतलों का दहन कराया जाएगा। बुधवार को जिले में कई स्थानों पर पुतलों को खड़ा करना शुरू कर दिया गया। कहीं 60 फीट तो कहीं 50 फीट के रावण का दहन होगा। कहीं दशानन आंखों से आग उगलता दिखेगा तो कहीं छाती और हाथ में चक्र चलते दिखेंगे।

मुस्लिम परिवार ने बनाया पुतला

दोघट कस्बे के गांधी स्मारक इंटर कालेज प्रांगण में 55 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। पुतला क्रेन से खड़ा कराया जाएगा। 23 साल बाद यहां रामलीला मंचन किया गया। इन वर्षों में यहां रावण का पुतला भी नहीं फूंका गया था। इस बार लोगों में दशहरा को लेकर खासा उत्साह है। आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए दोघट के एक मुस्लिम परिवार ने पुतले को बनाया है। परिवार की तीसरी पीढ़ी के फरीद बताते हैं कि 23 साल से कस्बे में रामलीला बंद थी इसलिए वह दूसरे स्थानों पर जाकर रावण का पुतला बनाते थे, लेकिन इस बार अपने ही कस्बे में छोटा, हमजा, सादन के साथ रावण का पुतला बनाया है। रावण के मुंह व आंखों से आग निकलेगी। छाती एवं हाथों पर चक्र घूमते दिखाई देंगे। उसके बाद आतिशबाजी होगी। वहीं, बागपत नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले का दहन होगा। इससे पहले मनमोहक आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। उसके बाद पुतले का दहन किया जाएगा। जिले में अन्य जगहों पर केवल रावण के पुतले का दहन होगा।

पुतला दहन का समय, स्थान और ऊंचाई

-बागपत में गोल्डन गेट स्कूल के पास 60 फीट के रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले का दहन शाम 7 बजे।

-अमीनगर सराय के शीलचंद इंटर कालेज के मैदान पर 50 फीट रावण के पुतले का दहन रात 9 बजे।

-दोघट कस्बे के गांधी स्मारक इंटर कालेज मैदान पर 55 फीट के रावण के पुतले का दहन शाम 3 बजे।

-तितरौदा गांव में धर्मशाला के पास परिसर में 15 फीट के रावण के पुतले का दहन रात 11 बजे।

-अग्रवाल मंडी टटीरी में डीएवी इंटर कालेज के मैदान पर 35 फीट के रावण व कुंभकरण के पुतले का दहन शाम 5.30 बजे।

-अग्रवाल मंडी टटीरी स्थित चौकी के सामने मैदान में 32 फीट के रावण के पुतले का दहन शाम 6 बजे।

-बिनौली स्थित बस स्टैंड के मैदान पर 50 फीट के रावण के पुतले का दहन शाम 6 बजे।

-खेकड़ा नगर में काठा रोड स्थित रामलीला मैदान पर 55 फीट के रावण के पुतले का दहन शाम 6 बजे।

-ललियाना गांव में काले सिंह बाबा मंदिर परिसर में 60 फीट रावण के पुतले का दहन रात 10 बजे।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर झिंझाना वृद्धाश्रम में हुआ सम्मान समारोह

**समाज जागरण**

शामली। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर कस्बा झिंझाना स्थित आवासीय वृद्धाश्रम में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी वीरेन्द्र सिंह के साथ सीडीओ विनय कुमार तिवारी तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी रितु रस्तोगी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को फल, मिष्ठान एवं वस्त्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि व अधिकारियों ने वृद्धजनों से संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की शुभकामनाएं दीं।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा परमोधर्म है और युवाओं को अपने माता-पिता व बड़ों के प्रति आदर एवं भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखना चाहिए।




कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कांधला विनोद मलिक सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**जिला स्तरीय जुनियर कबड्डी टीम के चयन के लिए होगा ट्रायल**

शामली। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव ओम सिंह वर्मा ने बताया की 3 अक्टूबर को 3 बजे जिला स्तरीय ट्रायल शहीद उधमसिंह स्टेडियम शामली में करायी जायेगी। जिसमें जनपद शामली की जुनियर बालक कबड्डी टीम का चयन किया जायेगा। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकते है जिनकी उम्र 20 वर्ष से कम हा। चयन ट्रायल के लिए सभी खिलाड़ी अपना आधार कार्ड व उसकी छाया प्रति साथ लाना जरूरी है।

# सीने पर लिखा आई लव मोहम्मद पुलिस ने भेजा जेल

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)क्षेत्र के गांव कुडाना निवासी एक युवक द्वारा अपने सीने पर आई लव मौहम्मद लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल करने पर सभासद निशीकांत संगल ने दुर्व्यवहार करने और हिन्दु धर्म के प्रति अपमानिक शब्द करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुडाना निवासी दिलशाद पुत्र इस्लामुददीन ने कुछ दिन पूर्व अपने सीने पर आई




लव मौहम्मद लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी। पोस्ट वायरल होने के बाद शहर में चचाओं का विषय बन गया था। बुधवार को शहर के मौहल्ला धर्मपुरा निवासी व नगर पालिका के सभासद निशीकांत संगल ने गांव कुडाना निवासी दिलशाद पर दुर्व्यवहार करने और हिन्दु धर्म के प्रति अपमानिक शब्द करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। सभासद का कहना है कि दिलशाद पूर्व में विभिन्न स्थानों पर वीडियों बनाकर धार्मिक पोस्ट करता है। जिससे धार्मिक भावनाऐं आहत होती है। पुलिस ने दिलशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# एक राष्ट एक चुनाव को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। एक राष्ट एक चुनाव को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन थानाभवन के स्पेक्टम क्लासेस में किया गया। वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम जिला शामली के तत्वाधान में एक विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में मोहित व मुख्य वक्ता हिमांशु गौतम रहे। वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम में जिला सहसंयोजक हिमांशु गौतम ने बताया कि चुनाव से लागू होने वाली आचार संहिता के कारण विकास कार्यो और सरकारी योजनाओं में देरी होती है। जो एक साथ चुनाव से कम होगी। साथ ही नागरिको को अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही प्रशासन और सुरक्षा बलों को चुनावी डयूटी से हटकर किसी अन्य महत्वपूर्ण कार्य के लिए लगाएं जा सकते है। इस लिये देश में वन नेशन वन इलेक्शन होना बहुत जरूरी है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति से यूपी में महिला सुरक्षा मजबूत

**समाचार जागरण**

लखनऊ, 01 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिलाओं के खिलाफ अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति और मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन ने यूपी को महिलाओं की सुरक्षा के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थिति में ला खड़ा किया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की क्राइम इन इंडिया 2023 रिपोर्ट में योगी सरकार की बेहतर कानून व्यवस्था और महिलाओं सुरक्षा को लेकर सकारात्मक तस्वीर सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर राष्ट्रीय औसत से कम रही। वर्ष 2023 में महिलाओं से जुड़े 66,381 मामले दर्ज हुए, लेकिन प्रति लाख महिला आबादी पर अपराध दर केवल 58.6 रही, जो राष्ट्रीय औसत 66.2 से करीब 11 प्रतिशत कम है। इस आधार पर यूपी महिलाओं के खिलाफ अपराध दर में देशभर में 17वें स्थान पर है।

**विभिन्न श्रेणियों में महिलाओं के खिलाफ अपराध में यूपी का बेहतरीन प्रदर्शन**

वहीं प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में महिलाओं के खिलाफ अपराध में भी उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला सम्मान भंग (शील भंग) से जुड़े मामलों में भी यूपी राष्ट्रीय औसत से बेहतर स्थिति में रहा। देशभर में ऐसे मामलों की संख्या 83,891 रही और अपराध दर 12.4 रही। जबकि उत्तर प्रदेश में केवल 9,453 मामले दर्ज हुए और अपराध दर 8.3 रही। इस श्रेणी में यूपी अन्य राज्यों की तुलना में 19वें स्थान पर है।

# शादीकाम वेबसाइट के जरिए विधवा महिला से लाखों की ठगी

**राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार जागरण**
**दिल्ली व्यूरो चीफ रमेशचंद्र व्दिवेदी**

न ई दिल्ली/प्राप्त समाचारों के अनुसार दिल्ली में एआई वीडियो काल स्केम के जरिए एक विधवा महिला से शादी का झांसा देकर 9.50 लाख रुपए ठगी हुई है । बताया जाता है कि एक जालसाज ने शादी काम वेबसाइट के जरिए शादी का झांसा दिया। उसने एआई वीडियो काल का उपयोग कर लंदन दिखाया। आरोपी ने क्लीनिक, बीजा और परिवार के इलाज के बहाने रूपए लिए ।एक कहावत है कि कभी कभी आंखों देखी चीजें भी झूठी हो जाती है ।यही कहावत दिल्ली महिला के साथ चरितार्थ होते देखा गया ।इसी प्रकार के घटनाक्रम में एक जालसाज महिला को एआई वीडियो काल करके स्वयं को विदेश में दिखाया। महिला को शादी का झांसा दिया, इस्के बाद अलग अलग बहाने बनाकर रूपए ले लिया ।जब महिला को मैसेज और कॉल का रिप्लाई मिलना बंद हुआ तो उसे ठगी का एहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने नेशनल



साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई ।जिस पर नार्थ साइबर पुलिस ने धोखाधड़ी संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है छानबीन जारी है ।इस समय फेस बुक , इंस्टाग्राम, व्हाटशाप तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिलाओं के फोटो और की तरह तरह शादी की झांसे में डालने आकर्षक बातें देखने को मिल रही है इसमें शादी और धन दौलत के लालची ऐसे विज्ञापनों को देख कर पार्टी से सम्पर्क करने की कोशिश करते हुए देखे जा सकते हैं ।फोटो महिलाओं की होती है और सम्पर्क सूत्र मैरिज व्यूरो की होती है ।जब कोई सम्पर्क सूत्र पर फोन करता है तो फोन मैरिज व्यूरो से सम्पर्क होता है ।ये अपनी मनमानी रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर रूपए वसूल लेने के बाद धीरे-धीरे अपना उल्लू सीधा करने के बाद ठगी करने वाले के फोन नंबर ब्लॉक कर देते हैं ।आये दिन शादी की झांसे देकर मैरिज व्यूरो लाखों रुपए का ठगी का शिकार बनाने की खबरें सुनने को मिल रही । इसके अलावा भी महिलाओं के अनेक अनैतिक कार्यों के जरिए पुरूष वर्ग ठगी के शिकार के चंगुल फंसने के किस्से सुने जा सकते हैं ।जनता की जोरदार मांग है कि सरकार शीघ्र से शीघ्र इस प्रकार के ठगी करने वालों के प्रति सख्त कार्यवाही कर ठगी के शिकार पीड़ितों को राहत की सांस दिलाये और अन्य पुरुषो को इस दल दल में फंसने से पहले जागरूकता अभियान चला कर लोगों को इस जाल में फंसने से बचाव करें ।

## शिवालिक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 69वीं पंजाब राज्य जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट में जीते 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक

**(मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**




जैतो,1 अक्टूबर :शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो की आठवीं कक्षा के विद्यार्थी गुरमन पुत्र अमनदीप कुमार ने 69वीं पंजाब राज्य जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट में 2 पदक जीतकर अपने स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।गुरमन ने लगातार मेहनत कर शॉट-पुट अंडर-14 लड़कों के ग्रुप में रजत पदक प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने अंडर-14 लड़कों की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो की एक छात्रा ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

नौवीं कक्षा की छात्रा रवनीत कौर पुत्री कमलजीत सिंह ने अंडर-17 लड़कियों की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपने स्कूल और माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया।इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों का श्रेय स्कूल के डी.पी.ई. अरशनूर मुहम्मद और सुखविंदर सिंह को जाता है।स्कूल के प्रिंसिपल सरबजीत सिंह ने विजयी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि खेल हमारे शरीर और मन को तंदुरुस्ती और ताजगी प्रदान करते हैं। हमें हार-जीत की परवाह किए बिना निरंतर खेलों में भाग लेते रहना चाहिए। स्कूल प्रबंधक समिति के सदस्य श्री अश्वनी कुमार गर्ग, श्री अशोक कुमार गर्ग, सरदार जगमेल सिंह, श्री गौरव गर्ग और श्रीमती दीपी गर्ग ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में और सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया।

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350वीं शताब्दी:

### शहीद नगर कीर्तन असम से शुरू होकर जयकारों के बीच कोल्हापुर से महाराष्ट्र के पुणे के लिए रवाना

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

जैतो, 1 अक्टूबर : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा धोबडी साहिब, असम से शुरू हुआ शहीद नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा गुरु दरबार बाबा नानक, कोल्हापुर से



पुणे, महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान सजाया गया, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन किया। इस दौरान सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह ने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन इतिहास को संगत के साथ साझा किया। इस दौरान, मुख्य प्रचारक भाई जगदेव सिंह और भाई हरजीत सिंह ने भी संगत के साथ गुरु जी का इतिहास साझा किया। नगर कीर्तन के प्रस्थान के समय, गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपा भेंट किए। नगर कीर्तन के प्रति संगत में भारी उत्साह था और रास्ते में विभिन्न धर्मों के लोगों ने श्रद्धापूर्वक उनका स्वागत किया। इस दौरान, संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा की और गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के कनिष्ठ सदस्य बलदेव सिंह कल्याण, सदस्य जसमेर सिंह लाछड़ू, उप सचिव कुलदीप सिंह रोडे, प्रभारी गुरमेज सिंह, प्रबंधक नरिंदर सिंह मथरेवाल, पर्यवेक्षक हरभजन सिंह, हरविंदर सिंह वेरका, राम सिंह मुंबई, मुख्य उपदेशक भाई जगदेव सिंह, भाई हरजीत सिंह, चांदी राम दरडा, बख्शा राम दरडा, राधा कृष्ण, वीरेंद्र सूरज, संदीप, रमेश फोटो स्टूडियो, गांधी नगर की पंचायत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

उपस्थित थे। शहीदी नगर कीर्तन कोल्हापुर से पुना के लिए रवाना हुआ का दृश्य।

## रेलकर्मियों की तत्परता और ईमानदारी के कारण स्मार्ट फोन सुरक्षित रूप से यात्री को वापस मिल गया

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**

जैतो,1 अक्टूबर : फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि कल लुधियाना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12472 (स्वराज एक्सप्रेस) में चढ़ते समय एक यात्री का कीमती स्मार्ट मोबाइल फोन प्लेटफॉर्म पर गिर गया। टीटीआई श्री मोहिंदर सिंह को प्लेटफॉर्म पर वह मोबाइल मिला। उन्होंने बिना विलंब किए उसे वाणिज्य निरीक्षक श्री अजय पाल सिंह को आवश्यक कार्यवाही हेतु सौंप दिया। तत्पश्चात श्री अजय पाल सिंह ने वाणिज्य नियंत्रण कक्ष अंबाला से संपर्क किया और पब्लिक



एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यात्री को सूचना देने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात यात्री का कॉल प्राप्त हुआ। सत्यापन के बाद, मोबाइल फोन सुरक्षित रूप से यात्री के परिजनों को लौटा दिया गया।यात्री ने रेलवे कर्मचारियों की ईमानदारी एवं त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए भारतीय रेलवे के प्रति आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि रेल प्रशासन ऐसे ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित करता है तथा सभी रेलकर्मियों को इसी भावना से यात्रियों की सहायता करने हेतु प्रेरित करता है। रेलकर्मियों द्वारा यात्री का मोबाइल लौटाने का दृश्य।

## राष्ट्रीय स्वय इच्छक रक्तदाता दिवस पर संत निरंकारी मिशन को पंजाब सरकार द्वारा स्टेट अवॉर्ड देकर किया गया सम्मानित

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख**

जैतो,1 अक्टूबर :सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पवित्र व असीम आशीर्वाद से उनकी शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए संत निरंकारी मिशन की शाखा संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वधान में वर्ष भर रक्तदान शिविरों का आयोजन कई वर्षों से देश व विदेश के विभिन्न हिस्सों में किया गया जो आगे भी जारी रहेगा। इसी लड़ी में इस वर्ष संत निरंकारी मंडल की तरफ से मानवता की भलाई और परोपकार के लिए पंजाब के अमृतसर, पटियाला और पठानकोट जोन द्वारा भी रक्तदान शिविर लगाए गए। जिसमें अमृतसर जोन के सिविल हॉस्पिटल, गुरु नानक देव हॉस्पिटल व सिविल हॉस्पिटल अजनाला द्वारा रक्तदान शिविरों में 2875 यूनिट तथा पठानकोट जोन के सिविल अस्पताल



द्वारा रक्तदान शिविरों में 2020 यूनिट एकत्रित किया गया। पटियाला जोन को इमरजेंसी हालातों में रक्तदान करने हेतु आइ ई सी प्रमोशन अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। इस समय पंजाब के सेहत विभाग के आई ए एस अधिकारी, पटियाला के सिविल सर्जन, पंजाब की सभी अवॉर्ड जेतू संस्थाएं इत्यादि उपस्थित थे।आज 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वय इच्छक रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में पंजाब सरकार के राज्य ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल द्वारा पटियाला में हुए सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डाक्टर बलबीर सिंह कैबिनेट सेहत और परिवार भलाई मंत्री पंजाब की और से संत निरंकारी मिशन के अमृतसर, पठानकोट और पटियाला जोन को मानवता की भलाई व परोपकार के तहत दिए गए अहम योगदान के लिए स्टेट अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। संत निरंकारी मिशन की तरफ से यह सम्मान चिन्ह संत निरंकारी मिशन के सेंट्रल प्लानिंग एंड एडवाइजरी बोर्ड के वाइस चेयरमैन आदरणीय एच एस चावला जी,जोनल इंचार्ज अमृतसर राकेश सेठी जी, जोनल इंचार्ज पटियाला राधे श्याम जी और जोनल इंचार्ज पठानकोट मोहन लाल शर्मा जी द्वारा प्राप्त किया गया।एच एस चावला जी ने कहा कि संत निरंकारी मिशन के सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज मानव को परमात्मा की जानकारी देकर जीवन जीने की जांच तो सिखा ही रहे हैं और साथ साथ समाज की सेवा करनी वो सिखा रहे हैं । उन्होंने बताया के बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने 1986 में रक्तदान शिविरों का शुभारंभ मानवता के लिए एक अहम संदेश के साथ किया था कि " मानव रक्त नालियों में नही, नाड़ियों में बहना चाहिए।" इसी संदेश को निरंकारी भक्त आज रक्तदान कर मानवमात्र के लिए जीने का संदेश दे रहे हैं। अभ तक संत निरंकारी मिशन लगभग 14 लाख यूनिट से अधिक रक्तदान कर चुका है और यह सेवा लगातार जारी है। संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा जी ने बताया के इसके अतिरिक्त संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की और से प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत पूरे भारत में स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान के अंतर्गत जल श्रोतों में सफाई अभियान व स्वच्छ भारत अभियान चलाए गए, वननेस वन के अंतर्गत लाखों वृक्ष लगाए जा चुके है, कुदरती आफतों में पीड़ितों के लिए राहत कार्य, मुफ्त मेडिकल चैकअप कैंप, होशियार और लोडवंद विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप स्कीम्स इत्यादि सेवाएं भी लगातार निभाई जा रही है।

## मां दुर्गा अष्टमी के उपलय में माता की चौकी आयोजित

**(मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो,1 अक्टूबर ;श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो के पी.आर.ओ.व समाज सेवी पंकज जिंदल कहा कि नवरात्रि हिंदू धर्म का प्रमुख त्यौहार है, जो माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए मनाया जाता हैं। यह त्यौहार अक्सर सितंबर व अक्तूबर के महीने में आता है और नौ दिनों तक चलता है। उन्होंने कहा कि इन नौ दिनों माता के विशेष रूप और गुणों की पूजा की जाती है जिससे भक्तों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा,साहस और आध्यात्मिक उन्नति आदि आती हैं।



उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान में गत रात्रि मां दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष में माता की चौकी लगाई गई एवं नवदुर्गा रूप का दर्शन करवाय। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी श्री बाल कृष्ण जैन (बुल्ली) द्वारा अपने परिवार सहित माता की विशेष पूजा अर्चना और आरती के उपरांत भोग लगाया । समाज सेवी नरेश मित्तल की तरह से हर रोज रामलीला मंचन की शुरूआत से पहले यजमानों से विधिवत आरती कराई जाती हैं।इस अवसर पर सोनू वर्मा, अंकूर गर्ग, पंकज जिंदल आदि ने मां दुर्गा के संगीतमय भजन सुनाए जिस पर श्रद्धांजलु झुमने पर मजबूर हो गए। बड़ी संख्या में लोग मां के दरबार में नतमस्तक हुए। मां भगवती सेवा दल जैतो के सेवकों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद किया।

## पतंजलि योग पीठ के प्रमुख बाबा राम देव ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका

### बाबा राम देव ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट धामी को 1 करोड़ रुपये का चैक सौंपा

**रघुनंदन पराशर दैनिक (समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,1 अक्टूबर :सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेकने पहुँचे पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के प्रमुख बाबा राम देव ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी से मुलाकात की और बाढ़ पीड़ितों के लिए शिरोमणि कमेटी द्वारा की जा रही सेवाओं के लिए 1 करोड़ रुपए का चेक भी



सौंपा। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने बाबा राम देव और उनके साथ मुंबई से आए सरदार हरप्रीत सिंह मिन्हास को श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का एक मॉडल और एक लोई देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर, एडवोकेट धामी ने कहा कि बाढ़ से पंजाब को भारी नुकसान हुआ है और शिरोमणि कमेटी पहले दिन से ही बाढ़ पीड़ितों की लगातार सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं में देश-विदेश की सिख संगतों और संस्थाओं द्वारा भी बड़ा योगदान दिया जा रहा है। आज सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने पहुंचे बाबा राम देव ने अपनी संस्था की ओर से एक करोड़ रुपये का चेक भी सौंपा। एडवोकेट धामी ने बाबा राम देव और उनकी संस्था का धन्यवाद किया। इस दौरान, शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने बाबा राम देव को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी प्रकाश पर्व के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरान, बाबा राम देव ने कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेककर उन्हें अपार शांति मिली है। उन्होंने कहा कि गुरुओं का आशीर्वाद समस्त मानवता पर है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। गुरुओं द्वारा प्रदत्त इस पवित्र स्थान में धर्म, जाति या पंथ का कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने बाढ़ के दौरान शिरोमणि कमेटी द्वारा की गई सेवाओं की सराहना की और पतंजलि योग पीठ द्वारा सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, मोहन सिंह बंगी, ओएसडी सतबीर सिंह धामी, श्री दरबार साहिब के महाप्रबंधक भगवंत सिंह धंगेरा, उप सचिव हरभजन सिंह वक्ता, एडवोकेट प्रदीप गोयल, प्रबंधक जसपाल सिंह ढड्डे, सूचना अधिकारी अमृतपाल सिंह, रणधीर सिंह और सरबजीत सिंह और अन्य उपस्थित थे।

## रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब द्वारा आयोजित बारहवीं रात्रि में लोगों ने अंगद मंचन का लिया आनंद

**(मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो, 1 अक्टूबर : क्षेत्र की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब जैतो द्वारा 19 सितंबर से राम लीला मैदान में रामायण पर आधारित एक अत्यंत भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रामलीला की बारहवीं रात्रि में अंगद दूत बनकर रावण के दरबार में आए और रावण से कहा कि मैं चाहता हूँ कि तुम माता सीता को लौटा दो ताकि युद्ध रुक जाए। इस पर लंकापति रावण ने कहा कि वह मानव सेना मेरा क्या बिगाड़ लेगी। इस पर अंगद ने कहा कि आप पूरी सेना की बात कर रहे हैं, यदि आपमें से कोई भी मेरा पैर जमीन से हिला दे, तो भगवान श्री राम अपनी हार मान लेंगे। लंकापति रावण इस चुनौती को स्वीकार करता है और अपने वीरों से कहता है कि वे उसके पैर उखड़खर समुद्र पार फेंक दें, लेकिन जब कोई भी वीर उसके पैर नहीं फाड़ पाया, तो रावण स्वयं उसके पैर फाड़ने आया। अंगद ने अपने पैर पीछे खींच लिए और कहा कि अगर




गिरना ही है तो श्री राम के चरणों में गिरो, इससे तुम्हारे सारे पाप क्षमा हो जाएंगे। यह कहकर वह श्री राम के पास लौट जाता है। इसमें रावण की भूमिका पाला मिस्त्री ने निभाई और अंगद की भूमिका आशीष बरगाड़ी ने बखूबी निभाई।इस रात्रि के मुख्य अतिथि बुली जैन और उनका पूरा परिवार था। समाज सेवी नरेश मित्तल की तरह से रामलीला मंचन की शुरूआत से पहले लीलाओं के मुख्य अतिथियों से हर रोज विधि विधान से आरती कराई जाती हैं।इस अवसर पर अध्यक्ष मानक शाह, महासचिव सचिव सोनू फैटी, नरेश सिवा, संदीप शर्मा टोनी पाटिल, नरेश मित्तल, नरेश सिवा, संदीप लुंबा, स्टोर कीपर टिंकू ढल्ला, संगीत निर्देशक सोनू वर्मा निर्देशक मास्टर सुरिंदर लुंबा,स्वागत समिति सदस्य दर्शन चौधरी, टोनी डोड, हरफान मोला कलाकार मोनू लुंबा और बिंदु सदियोरा सहित अन्य सभी सदस्य मौजूद थ।रामा कृष्ण ड्रामेटिक क्लब जैतो द्वारा आयोजित रामलीला की झलकियां।

## स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत लगे कूड़े के ढेर

**समाज जागरण**

कालांवाली( सुरेश जोरासिया) 2 अक्टूबर को भारत मे महात्मा गांधी के जन्मदिन को स्वच्छ भारत मिशन के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अपने शहर एवं गली में सफाई करके संदेश देते कि इस प्रकार हम अपने घरों मे सफाई रखते है भारत देश हमारा घर है इसे साफ रखने का कार्य भी हमारा है' लोगों खुले में शौच जाने से रोका जाता है' सरकार के द्वारा शौचालय बनाने के लिए सहयोग किया जाता है। इसी कड़ी में कालांवाली गांव में कूड़े के ढ़ेर लगे हुऐ है' इस कूड़े के ढेऱ को लगे हुए



आज 20 दिन का समय हो चुका है परंतु सफाई कर्मचारियों ने कूड़े के ढ़ेर को उठाने का प्रयास नही किया गया' जब उनको इस गंदगी कूड़े के ढ़ेर के बारे में बताया गया तो उन्होंने इस बात को सिरे से नजअंदाज कर दिया, कूड़े के ढेर अकसर गलियों में लगे रहते है। इसी प्रकार गंदगी के ढेर लगने से मक्खी मच्छर पनप रहे हैं इसी कारण से छोटे बच्चे बीमार हो रहे हैं और अनेकों बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है' केवल सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है इस मौके पर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गंदगी के ढ़ेर को समय से उठाया जाए और कालांवाली गांव को साफ व स्वच्छ रखा जा सके।

## केवल सिंह सरां (के.के. सी.) कांग्रेस जिला सिरसा का उपाध्यक्ष किया नियुक्त

**समाज जागरण**

कालांवाली(सुरेश जोरासिया) चण्डीगढ में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा उदित राज एवं हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष उदय भान ने केवल सिंह सरां गांव हस्सू को



अखिल भारतीय असंगठित एवं कर्मचारी कांग्रेस (के के सी )कांग्रेस जिला सिरसा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष बनाए जाने पर गांव हस्सू के बलवीर सिंह, जरनैल सिंह, प्रतिनिधि पूर्व सरपंच मंगत राज, सुखविन्द्र सिंह, शिवराज सिंह पूर्व प्रतिनिधि सरपंच, बाबा इश्वर सिंह ने कांग्रेस पार्टी का हाईकमान का ध्यावाद किया और केवल सिंह सरां को बधाई दी है।

## मनचलों व शोहदों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाये जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवननाथ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल मार्गदर्शन में, थानाध्यक्ष म्योरपुर कमल नयन दूबे के नेतृत्व में गठित एण्टी रोमियो टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। दिनांक 01.10.2025 को एण्टी रोमियो टीम द्वारा कस्बा म्योरपुर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं बिड़ला विद्या मंदिर स्कूल के पास चेकिंग एवं गश्त के दौरान एक युवक द्वारा स्कूल के पास खड़े होकर आने-जाने वाली महिलाओं, बच्चियों एवं युवतियों के प्रति अश्लील इशारे करने व अश्लील गाना गाने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को मौके से पुलिस हिरासत में लिया गया।

अभियुक्त के इस कृत्य से क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना थी, जिसपर अभियुक्त के विरुद्ध थाना म्योरपुर पर मु0अ0सं0 126/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर अनिल कुमार पुत्र सुरेश निवासी ग्राम बलियरी थाना म्योरपुर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष विधिक कार्यवाही की गई।

अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहीः थाना क्षेत्र में आयोजित रामलीला कार्यक्रम एवं दुर्गा पंडालों का भ्रमण करते समय हुल्लड़बाजी व अनुशासनहीनता कर रहे कुल 20 युवकों को सख्त हिदायत दी गई एवं भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी गई।

## वैश्विक पैरा संगठन प्रमुख, पार्सन्स और फिट्जगेराल्ड ने पैरा खेलों में भारत की प्रगति से प्रभावित होकर नई दिल्ली में चल रहे डब्ल्यूपीएसी सम्मेलन की प्रशंसा की

जब देश का नेता रुचि लेता है, तो यह अच्छी बात है - एंड्रयू पार्सन्स

भारत के पैरालंपिक आंदोलन ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। देश वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन ऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है, जो भारत के विकास और आकांक्षाओं का प्रमाण है।

पैरा-एथलेटिक संगठनात्मक जगत के दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों - विश्व पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड और अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स ने आज इस प्रतिष्ठित स्थल पर मीडिया को संबोधित किया। अपनी बातचीत में, उन्होंने हाल के वर्षों में पैरा खेलों सहित विभिन्न खेलों में भारत द्वारा दिखाई गई प्रगति की प्रशंसा की।

फिट्जगेराल्ड ने कहा है कि यह मौजूदा आयोजन कई मोर्चों पर एक बेहतरीन अवसर है। उन्होंने कहा, "हमारी हर विश्व चैंपियनशिप पूरी दुनिया को यह दिखाने का एक अवसर है कि दुनिया भर में 1.2




अरब दिव्यांग लोगों के लिए क्या संभव है। इसके अलावा, यह उत्कृष्टता और उच्च प्रदर्शन दिखाने के साथ-साथ एक समुदाय के रूप में एक-दूसरे से जुड़ने का भी अवसर है।" पिछले वर्ष कोबे में भारत ने 17 पदक जीते थे। 2015 में दोहा विश्व चैंपियनशिप में भारत ने दो पदक जीते थे। मौजूदा चैंपियनशिप में तो काफी पदक आ चुके हैं, पदक तालिका वाकई शानदार है।

उन्होंने आगे कहा, "भारत सरकार काफी सहयोगात्मक रही है। खेल सुविधाओं में नवीनीकरण का काम चल रहा है। यह आयोजन अगली पीढ़ी को प्रेरित करने का एक शानदार अवसर है।" वर्ष 2022 से डब्ल्यूपीए की भूमिका में कार्यरत फिट्जगेराल्ड ने यह भी कहा कि यह चल रहा आयोजन एक बार का आयोजन नहीं है। उन्होंने कहा, "यह निश्चित रूप से एक बार का आयोजन नहीं है। यहाँ नवीनीकरण से पहले हमने एक ग्रैंड प्रिक्स का आयोजन किया था। अगले तीन वर्षों के लिए हमारे पास प्रत्येक वर्ष एक ग्रैंड प्रिक्स आयोजित करने का अनुबंध है। पूरे भारत में पैरा समुदाय के बीच हमारी पहुँच महत्वपूर्ण है।" हाल ही में तीसरे कार्यकाल के लिए आईपीसी अध्यक्ष के रूप में फिर से चुने गये पार्सन्स ने इस मामले पर अपना आकलन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, "विकास हो रहा है। सरकार से निश्चित रूप से अच्छा समर्थन मिल रहा है। हम भारत में पैरा इकोसिस्टम को समझने की कोशिश कर रहे हैं। जब देश का नेता रुचि लेता है, तो यह अच्छी बात है। भारत में भी यही स्थिति है।" फिट्जगेराल्ड ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पदक न जीतना उतना जरूरी नहीं, जितना कि डब्ल्यूपीएसी किसी बड़ी चीज की शुरूआत है। उन्होंने कहा, "भारत की आबादी सबसे अधिक है। यहाँ कई एथलीट हैं जिनसे संपर्क किया जा सकता है,



यह एक काम प्रगति पर है।" उन्होंने आगे कहा, "भारत में निश्चित रूप से प्रगति हो रही है। यह आर्थिक रूप से आगे बढ़ रहा है। एक ब्राजीलियाई होने के नाते, 2016 के रियो के अनुभव के बारे में बात करते हुए, लेकिन यह याद रखना जरूरी है कि प्रतिस्पर्धी होना पदक जीतने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मेरे लिए, व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ही मायने रखता है, प्रेरणा देता है। मेरे लिए ये खेल वास्तविक शुरूआत हैं।"


जय श्री राम
HAPPY Dussehra
समस्त देशवासियों को
बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के पर्व
विजयादशमी
दशहरा
के पावन अवसर पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।
डीलक्स होटल एंड रेस्टोरेंट
पता- कोटला रोड फिरोजाबाद
प्रो- लव कुश


विजयादशमी की शुभकामनाएं
INSPLRE foundation
समाज सेवा संस्था
समाज के सभी निर्धन वह असहाय बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं 10,11,12 U B.sc के सभी विषयों की कोचिंग निशुल्क दी जाती है जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है
पता- सुहाग नगर सेक्टर 1 प्रोफेसर राजेंद्र सिंह विद्यालय के पास फिरोजाबाद
प्रो- कबीर सिंह


आप सभी को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ
कला महक इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर
सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह
पता - नगला बरी 60 फुटा रोड फिरोजाबाद
सर्व समाज सेवी प्रजापति दिलीप कुमार राजोरिया


अधर्म पर धर्म की जीत, अन्याय पर न्याय की विजय,
दशहरा
विजयदशमी
की आपको और आपके परिवार बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।
श्याम सेवा समिति फिरोजाबाद
बंटू कुशवाहा वरिष्ठ समाजसेवी संस्थापक बाबा खाडू
पता - कोटला रोड फिरोजाबाद मो-8791767978


जय श्री राम
बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के महापर्व
विजयदशमी
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
होटल गोल्डन टावर
हमारे यहां बर्थडे, किटी पार्टी, रिंग सेरेमनी, उचित रेटों में व्यवस्था है
प्रो - नीरज यादव
पता - जैन मंदिर के पास फिरोजाबाद


किड्स कैम्पस स्कूल
अधर्म पर धर्म बुराई पर अच्छाई की जीत कि विजय का महापर्व
विजय दशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
पताः 105, महावीर नगर, (अंबेडकर पार्क के सामने) फिरोजाबाद
प्रबंधक - पंकज कुमार


आप सभी को की असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, अंधकार पर प्रकाश की विजय के प्रतीक पर्व
विजयदशमी
दशहरा
की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरांगना झलकारी बाई समिति फिरोजाबाद 2025-26
सदस्य सुनील कुमार संखवार
पता- आसफाबाद फिरोजाबाद


एस.आर. ज्ञानेश्वरी इंटर कॉलेज
बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक
'विजयादशमी'
के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
प्रबंधक तरुण उपाध्याय
पता -आसफाबाद, फिरोजाबाद- 283203
मो-9259291701


शर्मा फायर सिस्टम
दशहरा विजयादशमी की हार्दिक शुभकामना
प्रो- रवि शर्मा
पता- ऑफिस गणेश नगर फिरोजाबाद


विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनायें
HAPPY Dussehra
जय श्री राम
राष्ट्रीय गौह रक्षा वाहिनी उत्तर प्रदेश मंत्री, आइकॉन भारत आइकॉन मित्र ओम हॉस्पिटल फिरोजाबाद
शिवम कुलश्रेष्ठ


समाज जागरण हिंदी समाचार पत्र की ओर से
दहन रावण के पुतले का ही नहीं
भीतर की बुराइयों का भी करना होगा
दिल में करके राम नाम का स्मरण
धर्म के मार्ग पर चलना होगा
दशहरा की शुभकामनाएं


समाज जागरण हिंदी समाचार पत्र की ओर से
पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले आजादी के महानायक
राष्ट्रपिता
महात्मा गांधी जी
एवं जय जवान-जय किसान का नारा देने वाले
श्री लालबहादुर शास्त्री जी
की जयंती पर शत् - शत् नमन।
02-October

# सेवानिवृत्त पशुधन प्रसार अधिकारी का बिदाई समारोह संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के शाहंशाहपुर स्थित एक होटल में बुधवार को पशुचिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार राव की अध्यक्षता में गंगापुर के पशुधन प्रसार अधिकारी राम मोहन कन्नौजिया के सेवानिवृत्त होने पर उनके सम्मान एवं बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ.आर एस




राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष दिवाकर द्विवेदी, जिलाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव एवं सचिव अरविंद कुमार दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया।अतिथियों ने समारोह में पूर्व में सेवानिवृत्त पशुधन प्रसार अधिकारी समर बहादुर सिंह, दशरथ सिंह, करुणाकर सिंह, कामेश्वर सिंह, राम मूर्ति सिंह, छविनाथ मौर्य एवं कमल नयन सिंह इत्यादि सेवानिवृत सभी पशुधन प्रसार अधिकारियो को सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनकी लंबी आयु के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।कार्यक्रम का स्वागत एवं संचालन पशुधन प्रसार अधिकारी वेद प्रकाश एवं पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के महामंत्री शैलेश चौधरी ने किया।इस अवसर पर पशुचिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार राव, वर्तमान पशुधन प्रसार अधिकारी संजय सिंह, संतोष कुमार, रामू प्रसाद, दिनेश कुमार यादव, ऋषिकांत यादव, सुषमा गौतम, विकास, अनित समेत बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# बरेमा गांव का विजयदशमी का मेला आज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। पंचकोसी मार्ग के किनारे बसे गांव बरेमा की विजय दशमी का मेला बुधवार को मेला मैदान में लगेगा।बताते चले नव दिनों तक चले राम लीला के बाद आज रावण के वध की लीला के बाद मेला का आयोजन किया जाता हैं। श्री राम लीला समिति के अध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रावण के पुतले का दहन नहीं किया जाएगा।वही मेले की तैयारी पूरी कर ली गई।मंगलवार को ही सफाई कर्मचारियों ने मेला मैदान की सफाई कार्य पूरी कर लिया।

# बिजली विभाग की लापरवाही से मंडावर-किरतपुर रोड पर खतरा

## टूटा पोल बन सकता है हादसे का कारण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। क्षेत्र में मंडावर-किरतपुर रोड पर बिजली विभाग की लापरवाही से बड़ा हादसा होने का खतरा मंडरा रहा है। यहां 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन का एक पोल तिरछा होकर लटक रहा है, जिसके



कारण बिजली के तार भी झुक गए हैं। यह पोल कभी भी टूटकर गिर सकता है, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों राहगीर गुजरते हैं, और टूटा हुआ पोल व झुके तार जानलेवा खतरा पैदा कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते अभी तक इसकी मरम्मत नहीं की गई है। अगर पोल टूटकर गिरा या बिजली का करंट सड़क पर फैला, तो कई लोगों की जान को खतरा हो सकता है। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग से तुरंत कार्रवाई कर इस समस्या को ठीक करने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके।

# टीएमयू एनएसएस कैडेट्स समर्पण भाव से करें समाज सेवा

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर एनएसएस स्वयंसेवकों और टीएमयू छात्र क्लब के ओरिएंटेशन सत्र के संग-संग प्रमाणपत्र वितरित**

**समाचार जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना- एनएसएस राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। एनएसएस केवल एक सेवा कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह स्टुडेंट्स के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और सहयोग की भावना को बढ़ाने वाला आंदोलन है। प्रो. जैन ने कहा, देश के युवा शक्ति, सेवा और समर्पण के साथ कार्य करें। प्रो. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण के संग ऑडी में कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि वीसी प्रो. वीके जैन, निदेशक छात्र कल्याण प्रो. एमपी सिंह आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों और टीएमयू छात्र क्लब के ओरिएंटेशन सत्र के संग-संग प्रमाणपत्र भी वितरित हुए। सत्र 2023-25 के 300 से अधिक और 2025-27 के 200 स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 200 स्वयंसेवकों को ओरिएंटेशन सेशन के दौरान कर्तव्य बोध कराया गया। इसके साथ ही 150 से अधिक टीएमयू छात्र क्लब पदाधिकारियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांत वाक्य- मुझको नहीं, तुमको का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके इतिहास और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने टीएमयू के 20 छात्र क्लबों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा, ये क्लब छात्रों में नेतृत्व क्षमता, समाज सेवा और टीम वर्क की भावना को मजबूत कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी के एनएसएस समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नारी शक्ति मिशन कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सामाजिक संदेशों का प्रचार-प्रसार भी किया। कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक- डॉ. उपेंद्र मलिक, श्री गौरव कुमार, श्री बैजनाथ दास, श्री हरीश शर्मा, श्री मोहम्मद सलीम, डॉ. अभिनव सक्सेना, श्री तौहिद अख्तर, श्रीमती सना तबस्सुम के संग-संग क्लब परामर्शदाताओं- डॉ. विनोद जैन आदि को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर असिस्टेंट रजिस्ट्रार श्री दीपक मलिक, श्रीमती ममता यादव आदि मौजूद रहे। संचालन डेंटल कॉलेज की छात्रा मीमांशा जैन ने किया।

# मैजिक से गिरे टीन सेट से कार क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बची मां-बेटी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहुआ पुलिस चौकी अन्तर्गत कोईराजपुर गांव के समीप वाराणसी-बाबतपुर मार्ग पर मंगलवार की शाम बड़ा हादसा होते-होते टल गया। राज इंडिया के सामने वाराणसी से बाबतपुर की ओर जा रही मैजिक पर लदा टीन सेट अचानक आगे चल रही कार पर गिर पड़ा। टीन सेट कार के पिछले हिस्से में घुस गया जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कार में सवार महिला और उनकी पुत्री बाल-बाल बच गईं।



मिली जानकारी के अनुसार कार चला रहे सूर्य प्रताप सिंह अपनी पत्नी नेहा सिंह और बेटी के साथ वाराणसी से आंख दिखाने के बाद अपने घर कोरौती, थाना लोहता लौट रहे थे। जैसे ही वे व्यासबाग ओवरब्रिज के सर्विस लेन पर पहुंचे तो आगे की गाड़ियां धीरे-धीरे चल रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार मैजिक, जिस पर टीन सेट लदा था, चालक ने अचानक ब्रेक मारा और गाड़ी पर रखा सारा टीन सेट कार के पिछले हिस्से में जा घुसा, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई।

मैजिक चालक सौरभ कुमार बिंद निवासी नहवानीपुर थाना कपसेठी ने बताया कि वह चांदमारी से टीन सेट लेकर कछवा जा रहा था और गाड़ी की ग्रीसिंग कराने व्यासबाग पहुंचा था। सर्विस लेन पर पहुंचने पर आगे की कार ने अचानक ब्रेक लगाया, उसे बचाने के प्रयास में उसने भी ब्रेक मारा, लेकिन टीन सेट फिसलकर कार में जा घुसा। हादसे में उसकी अपनी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई और शीशे टूट गए।

सूचना पर हरहुआ पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को चौकी ले गई। चौकी प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस हादसे से जहां वाहनों को नुकसान हुआ, वहीं गनीमत रही कि कार में सवार परिवार सुरक्षित बच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी सामान लादे वाहनों को अधिक सावधानी से चलाना चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# अफजलगढ़ में एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं को सुरक्षा व सशक्तिकरण की जानकारी दी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना अफजलगढ़ की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं के सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने स्कूलों और कॉलेजों में जाकर छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों और आपातकालीन सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। अभियान में टीम ने छात्राओं को मानसिक और सामाजिक सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें बताया कि किसी भी असुरक्षित स्थिति में तुरंत मदद लेने के लिए किन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। छात्राओं ने भी अपने सवाल पूछे, जिनका टीम ने संतोषजनक उत्तर दिया। थाना अफजलगढ़ के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान महिलाओं और बालिकाओं के आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से चलाए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे लड़कियों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दें। महिलाओं के लिए प्रमुख हेल्पलाइन नंबर इस प्रकार हैं: महिला हेल्पलाइन 181 - महिलाओं के लिए आपातकालीन सहायता, कानूनी और मानसिक परामर्श; महिला पावर लाइन 1090 - छेड़छाड़, उत्पीड़न या हिंसा की शिकायत हेतु; चाइल्डलाइन 1098 - बच्चों के लिए आपातकालीन सहायता; पुलिस आपातकालीन सेवा 112 झ सभी आपातकालीन सेवाओं के लिए; स्वास्थ्य सेवा (एम्बुलेंस) 108 झ आपातकालीन चिकित्सा सहायता; मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 - राज्य सरकार से संबंधित शिकायतें और सुझाव। इन हेल्पलाइन नंबरों को मोबाइल में सेव कर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।





# विधायिका और कार्यपालिका की कुंडी खटखटाने के लिए बैठक

**राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार जागरण दिल्ली व्यूरो चीफ रमेशचंद्र द्विवेदी**

नई दिल्ली/विधायी एवं शासकीय स्तर पर भारत का संविधान के निमार्ता सर डॉ. बी. एन. राव एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व लोकतंत्र रक्षक सेनानियों की कृतियों तथा उनके कृतित्व व व्यक्तित्व का हो रहे उपेक्षाओं के कारण हमें आज पुनः विधायिका व कार्यपालिका की कुंडी खटखटाने की आवश्यकता आन पड़ी है* ताकि; उनकी कृतियों ; कृतित्व व व्यक्तित्व को शासकीय स्तर पर राजनीतिक सामाजिक सांस्कृतिक सामरिक अध्यात्मिक रुप से पुनः प्रदर्शित एवं संस्थापित किया जा सके । अतः इसी के संदर्भ में दिल्ली में होनेवाली बैठक में सम्मिलित होने की अपील करते हैं ताकि; संविधान निमार्ता सर डॉ. बी एन राव सहित समस्त अमर बलिदानियों को सम्मान दिलाया जा सके। बैठक स्थल सोनूचंद एस एस संगीत अकादमी निर्माण बिहार मेट्रो स्टेशन गेट नम्बर 02 निकट सनातन मंदिर तिथि 03 अक्टूबर 2025 समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक। हरि ॐ तत्सत। अलख निरंजन।।- क्रांतिवीर सुशील खन्ना वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी राष्ट्रीय नशा उन्मूलन समिति धर्ममूर्ति पंडित लक्ष्मण बालयोगी मुख्य प्रशासकीय न्यासी विश्व पुरोहित यजमान न्यास परिसंघ केंद्रीय अध्यक्ष भारतीय राजनीति संघ एवं सूत्रधार राष्ट्र पुनर्निर्माण मिशन// जीवकांत झा राष्ट्रीय विचारक एवं राष्ट्रीय संयोजक नदी संवाद // सचिन पाटिल राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्र पुनर्निर्माण मिशन // प्रद्युम्न कुमार सिन्हा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्र सृजन अभियान // डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह सूत्रधार राष्ट्रवाद से रामराज्य // श्री जितेन्द्र रघुवंशी राष्ट्रीय महासचिव स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति//श्री भारत भूषण विद्यालंकार जी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संरक्षक स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति// देवदत्त उपाध्याय संगठन सचिव लोकतंत्र सेनानी संघ // रघुवंश वर्मा अध्यक्ष दिल्ली कायाकल्प मिशन // राजकुमार भारद्वाज अध्यक्ष परम ज्योति एजुकेशनल सोसायटी // डॉ. मनीष कुमार अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अष्ठलक्ष्मी धर्मार्थ ट्रस्ट// अधिवक्ता महेंद्र शर्मा अध्यक्ष अधिवक्ता आनन्द शर्मा व अधिवक्ता मंयक कुमार स्थायी ट्रस्टी विश्व बंधुत्व सेवा ट्रस्ट इत्यादि




# आयर बाजार में सुप्रसिद्ध बारह दिवसीय बिरहा दंगल चार अक्टूबर से बारह अक्टूबर तक होगा

## *समापन पर सपा नेता शिवपाल यादव होंगे मुख्य अतिथि।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।वाराणसी के आयर बाजार में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला बिरहा दंगल इस बार 4 अक्टूबर से शुरू होगा। दंगल के अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के शिष्य नारद महाराज करेंगे। समापन समारोह में समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव मुख्य अतिथि होंगे।

प्रतिदिन शाम 7 बजे यथार्थ गीता का पाठ होगा। इसके बाद रात भर बिरहा कार्यक्रम चलेगा।

उद्घाटन दिवस पर देवरिया के धर्मेंद्र सोलंकी और इलाहाबाद की प्रीति पाल के बीच मुकाबला होगा। 5 अक्टूबर को रामजनम टोपी वाले और गाजीपुर की आंशिका कुशवाहा प्रस्तुति देंगे। 6 अक्टूबर को बलिया के सुरेंद्र यादव और मोहनिया बिहार की रजनीगंधा का कार्यक्रम होगा।

7 अक्टूबर को मिरजापुर के कमलेश पाल और प्रतापगढ़ की मुस्कान चंचल प्रस्तुति देंगे। 8 अक्टूबर को बिहार के देवलाल यादव और प्रतापगढ़ की रुचि यादव मंच संभालेंगे। 9 अक्टूबर को वाराणसी के ज्ञानी यादव और नीतू राज की प्रस्तुति होगी।

10 अक्टूबर को मोहनिया बिहार के सुधीर लाल यादव और गाजीपुर की खुशी यादव के बीच मुकाबला होगा। 11 अक्टूबर को वाराणसी के विजय यादव बबलू और प्रमोद लाल यादव बनारसी प्रस्तुति देंगे। अंतिम दिन 12 अक्टूबर को गाजीपुर के विजय लाल यादव और बक्सर बिहार के ओमप्रकाश यादव के बीच मुकाबला होगा।

# नवमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन भक्तों की रही भारी भीड़

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ के ग्रामीण इलाकों में नवमी के दिन आज मां दुर्गा की पंडाल में सुबह से ही पूजा पाठ किया जा रहा है। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ हो रही है। नव दुर्गा पूजा समिति नौडिहवा के प्रबंधकअनिल कुमार सिंह एवं अध्यक्ष गणेश सिंह ने कहां की मां दुर्गा के पंडाल में आए सभी भक्तगण मां की आरती और प्रसाद जरूर ग्रहण करें। आज विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जहां पर सम्मानित जान को समाजसेवी अनिल सिंह और गणेश सिंहके द्वारा सम्मानित ग्रामीणों को किया जाएगा। इसके अलावा गांव के ही बाबू नंदन सिंह, विवेक सिंह,शिवम सिंह, विनय सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, मनीष प्रजापति निक्की सोनी, छोटू सिंह, बृजेश सिंह, गोलू सिंह, सतीश सिंह, शुभम सिंह, प्रिंस सिंह, अभिषेक सिंह, दीपक सिंह, विनोद सिंह,राज सिंह, पुजारी राजकुमार सिंह रहे। आज नवमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन ग्रामीण और कमेटी के सदस्यों के द्वारा कराया जा रहा है।जहां पर हजारों की संख्या में भक्ति गए प्रसाद ग्रहण करेंगे।ग्रामीणों के भीड़ ज्यादा होने और जरूरत पड़ने पर प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा कोई अप्रिय घटना ना घटे पुलिस ग्रामीणों से सहयोग भी ले रही है। आज नवमी के दिन हवन पूजन मां की आरती और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।



# नगीना-बढ़ापुर मार्ग पर दहशत फैलाने वाला गुलदार वन विभाग के पिंजरे में कैद

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर बढ़ापुर। नगीना-बढ़ापुर मार्ग पर पिछले कई दिनों से ग्रामीणों में दहशत फैलाने वाला गुलदार आखिरकार वन विभाग की टीम के हाथों कैद हो गया। सुहावाला रेंज के गांव तय्यबपुर में बीती रात गश्त और निगरानी के दौरान वन विभाग ने उसे पिंजरे में बंद कर लिया। गुलदार के पकड़े जाने की खबर से गांव और आसपास के इलाकों में राहत की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों से गुलदार की दहशत के कारण वे रात में खेतों और रास्तों पर निकलने से डर रहे थे। वन विभाग की सतर्कता और लगातार गश्त के कारण अब लोगों को सुरक्षा का भरोसा मिला है। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जंगल और मानव बस्तियों के बीच संतुलन बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। इस तरह की कार्रवाई से भविष्य में किसी अप्रिय घटना की संभावना कम होगी। ग्रामीणों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतर्कता से क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण बना है।



# देश में नरेंद्र मोदी के बाद अगला प्रधानमंत्री कौन ?

**राष्ट्रीय हिन्दी समाज जागरण दिल्ली व्यूरो चीफ रमेशचंद्र द्विवेदी**

न ईदिल्ली/देश में नरेंद्र मोदी के बाद अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, इस ओर सबकी नजरें तलाश कर रही है जो एक कुशल प्रशासक और रामराज्य की कल्पना को साकार कर सकें । वैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के साथ देश के चतुर्दिक विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है । विश्व गुरु कहलवाने में भी इनके कदम आगे ही है । इतना ही नहीं कुछ माने में देश कीआर्थिक स्थिति देश की सुरक्षा व्यवस्था तथा लोकप्रियता जो अर्चित की है इससे भारत का इतिहास गर्वित है । मोदी जी को 72%जनता फिर से देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है, लेकिन भाजपा के अलिखित नियम है कि नेता 75वर्ब के बाद किसी भी संगठनात्मक पद पर न रहे । अगर इस नियम को सख्ती से पालन करना है तो मोदी को 2025 को पद छोड़ना होगा । उसके बाद योगी आदित्यनाथ जी और अमित शाह बन सकते हैं ? यह तो समय पर ही निर्भर करता है । वैसे देखा जाए तो जनता का एक बहुत बड़ा हिस्सा योगी के पक्षधर दिखाई दे रहा है । योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के इतिहास में जो रिकॉर्ड दर्ज कराई है शायद अभी तक न किसी मुख्यमंत्री ने किया है और शायद कर सकेगा । इनके कुशल प्रशासन की चर्चाएं विश्व एक अद्भुत इतिहास के नजरिए से देखा जा रहा है शायद यह बातें अतिशयोक्ति नहीं होगी । यदि लोकसभा का चुनाव होता है तो भाजपा अपने दम पर 290सीटे लाने में सक्षम बतायी जा रही है ।एक सर्वे के अनुसार 54हजार लोगों से अगले प्रधानमंत्री के संबंध में चर्चाएं की गई जिसमें मोदी जी के कान नाक कहे जाने वाले इतना इन्हें राजनीति का चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह को28%लोग प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं । योगी आदित्यनाथ जी को 27,3%राहुल गांधी को 25%अखिलेश यादव को 2%नितिन गडकरी को14, 6%, राजनाथ सिंह को 5,5%तथा शिवराज सिंह को लगभग 9,4% बताया जा रहा है । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्ण रुप से योगी आदित्यनाथ जी को देश का भावी प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है । वैसे सुनने में आ रहा है कि योगी आदित्यनाथ जी को सबको साथ लेकर चलने और भारत को हिंदूतत्व राष्ट्र बनाने के लिए के लिए उन्हें पूर्ण रूप से तैयार किया जा रहा है ।




# नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने किया एनआईयू क्रिकेट चैलेंज ट्रॉफी 2025 का आयोजन : एनआईयू ब्लू बना चैम्पियन

**समाचार जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 30 सितम्बर 2025 - नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) द्वारा आयोजित एनआईयू क्रिकेट चैलेंज ट्रॉफी 2025 का शानदार समापन हुआ, जहाँ एनआईयू ब्लू ने अमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा को 45 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया।

तीन दिवसीय इस टूनार्मेंट का आयोजन एनआईयू परिसर में हुआ, जिसमें दिल्ली-एनसीआर की 28 यूनिवर्सिटियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्रिकेट मैदान पर खेल भावना, प्रतिभा और टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया।

नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. विक्रम सिंह ने कहा, ह्लपूरी एनआईयू टीम को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई और अमिटी यूनिवर्सिटी को उपविजेता बनने पर शुभकामनाएँ। दोनों टीमों ने शानदार प्रतिभा, समर्पण और खेल भावना दिखाई, जिसने इस प्रतियोगिता को सफल बनाया।ह्व

एनआईयू की वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) उमा भारद्वाज ने कहा, ह्लविजेता टीम को हार्दिक बधाई और उपविजेता अमिटी यूनिवर्सिटी व सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ। ऐसे टूनार्मेंट सिर्फ खेल का ही नहीं बल्कि जज्बे का उत्सव होते हैं। खिलाड़ियों के कौशल और दृढ़ संकल्प से धैर्य, टीम वर्क और एकता जैसी मूल्यवान भावनाएँ झलकती हैं।ह्व

एनआईयू की डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स और डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर लेफ्टिनेंट प्रतिमा पांडे ने कहा, ह्लएनआईयू ब्लू और सभी प्रतिभागी टीमों को बधाई। हमारे युवा खिलाड़ियों को इतने जुनून और लगन के साथ खेलते देखना गर्व की बात है। उन्होंने जो जज्बा, टीम भावना और दृढ़ता मैदान पर दिखाई, वही खेल की असली पहचान है।ह्व




नॉकआउट चरण में एचबी कॉलेज, शारदा यूनिवर्सिटी, आईएमटी, आईआईएलएम, एनआईईटी, जीएनआईओटी, एकेजीसी, गलगोटियास कॉलेज, गलगोटियास यूनिवर्सिटी, अमिटी यूनिवर्सिटी, डीएमई और द्रोणाचार्य यूनिवर्सिटी जैसी शीर्ष यूनिवर्सिटियों ने कड़े मुकाबले खेले। क्वार्टर फाइनल में एनआईयू ब्लू, एकेजीसी, जीएनआईओटी और अमिटी ने शानदार जीत दर्ज की– एनआईयू ब्लू ने 68 रनों से, एकेजीसी ने 7 विकेट से, जीएनआईओटी ने 6 विकेट से और अमिटी ने 33 रनों से विजय हासिल की।

सेमीफाइनल मुकाबलों ने रोमांच और बढ़ा दिया। एनआईयू ब्लू ने एकेजीसी को 18 रनों से हराया, वहीं अमिटी ने जीएनआईओटी को 15 रनों से मात दी। इसके बाद फाइनल में एनआईयू ब्लू और अमिटी आमने-सामने आए।

बहुप्रतीक्षित फाइनल में एनआईयू ब्लू ने अमिटी यूनिवर्सिटी को 45 रनों से हराकर खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ स्टेडियम खुशी और तालियों से गूंज उठा।

टूनार्मेंट का मुख्य आकर्षण कुलदीप भाटी रहे, जिन्हें शानदार प्रदर्शन (170 रन और 1 विकेट) के लिए प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट घोषित किया गया। उनकी ऑल-राउंडर प्रतिभा एनआईयू ब्लू की जीत में अहम साबित हुई। वहीं, अथर्व त्यागी ने टूनार्मेंट में 27 गेंदों पर 108 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 13 छक्के और 6 चौके शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरूआत एनआईयू के आधुनिक क्रिकेट ग्राउंड में ऊर्जावान ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुई, जिसने तीन दिनों तक रोमांचक मुकाबलों, दोस्ती और प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाया।

खेलों के रोमांच से आगे बढ़कर, एनआईयू क्रिकेट चैलेंज ट्रॉफी 2025 ने शिक्षा में खेलों की अहमियत को भी रेखांकित किया। ऐसे आयोजन अनुशासन, नेतृत्व, टीमवर्क, दृढ़ता और रणनीतिक सोच जैसे गुणों को निखारते हैं, जो छात्रों को जीवन में सफलता पाने के लिए सक्षम बनाते हैं।

# जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने व्यापारियों से किये सीधा संवाद, जीएसटी के बताएं फायदे

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। प्रदेश सरकार के स्टांप एवं पंजीयन मंत्री/प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने आज नगर पालिका परिषद के रामलीला मैदान के बगल मार्केट की विभिन्न दुकानों पर जाकर सरकार द्वारा जीएसटी घटाएं जाने के फलस्वरूप व्यापारियों को होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी, इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के माननीय प्रधान मंत्री जी ने जीएसटी को घटाकर व्यापारियों को व्यापार करने में इजाफा किया है और इसके साथ ही उनके आय में वृद्धि के रास्ते भी खोले हैं, जीएसटी कम होने से कम धनराशि लगाकर लोग अधिक रोजगार कर सकेंगे और अपनी इनकम को वही बढ़ा सकेंगे। इससे आम जनमानस को भी काफी लाभ पहुंचेगा या देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में काफी मजबूती प्रदान करेगा और देश को सशक्त और मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्त, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। इस दौरान माननीय मंत्री जी ने नगर क्षेत्र में भ्रमण करके कई दुकानों पर जीएसटी के फायदे के संबंध में व्यापारियों को जानकारी दी और कस्टमर से भी संवाद कर उनको प्रोडक्ट खरीदने में होने वाले लाभ के संबंध में भी बताएं।

## प्रभारी मंत्री ने शासन के विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की, की समीक्षा

### केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जन जन किया जाये लाभान्वित

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। प्रदेश सरकार के स्टांप एवं पंजीयन मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने आज सर्किट हाउस के सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा बैठक की बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री व प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जन-जन को शत प्रतिशत लाभानित करने के साथ ही शिक्षा व्यवस्था मको बेहतर करने की आवश्यकता है। शिक्षा व्यवस्था बेहतर होगी तभी देश पूर्ण विकसित राष्ट्र बनेगा, पूर्ण राष्ट्र बनने के लिए शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने की आवशयक है। इसलिए प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था के सुद्दण करने हेतु अनेक प्रकार की योजनाए संचालित की हैं। इस मौके पर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड, माननीय विधायक घोरावल डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, जिलाधिकारी बी० एन० सिंह, पुलिस अधीक्षक. अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) वागिश कुमार शुक्ला, डॉ0 अभिषेक मिश्र, रोहितमिश्रा,सम्मानित जन प्रति निधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहें। इस मौके पर विकास से संबधित डाकुमेंट्री फिल्म दिखाई गयी, जिसे मा0 मंत्री जी ने देखा और सराहा। उन्होंने कहा की जनपद का विकास इसी प्रकार से होना चाहिए, जिस तरह से फिल्म में दिखाया गया है।

## शहद निकालने के लिए पेड़ पर चढ़े युवक पर, मधुमक्खियों के हमले से गिरकर घायल

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत (झिंगटखोली) में शहद तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े युवक गिरकर घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल बहादुर व पवन कुमार पुत्र स्वर्गीय टिकन गोड़ निवासी कोटा झिंगट खोली बीती रात लगभग 8:30 बजे घर के ही पास नीम के पेड़ में दोनों भाई शहद तोड़ने गए थे। बड़ा भाई लाल बहादुर उम्र लगभग 40 वर्ष पेड़ पर चढ़ गया और शहद निकालने लगा तभी अचानक मधुमक्खियां ने हमला कर दिया जिससे पेड़ पर संतुलन बिगड़ गया और वहां से नीचे गिर पड़ा जिससे पीठ कमर एवं दाहिने हाथ में गंभीर चोट लग गया। पेड़ के नीचे खड़ा छोटा भाई पवन मधुमक्खियां के हमले से बचाकर घर लेकर भागा। व इलाज कराने गया। घायल युवक लाल बहादुर ने बताया स्वास्थ्य में काफी सुधार है पहले से बेहतर लग रहा है।

## चालक की लापरवाही के कारण पलटा ट्राली क्रेन, कोई हताहत नहीं

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। नगर पंचायत डाला बाजार में लापरवाही से काम करते हुए चालक द्वारा अपनी होशियारी दिखाने के चक्कर में ट्राली क्रेन पलट गया। जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड 3 में दूरसंचार के पास बबुल की झाड़ी सड़क पर आ गया था जिसकी



ट्राली क्रेन के माध्यम से जबरदस्ती धक्का मार कर हटाया जा रहा था। चालक ने जान बूझ के अपनी लीला दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अचानक क्रेन पलट गया। मौके पर मौजूद नगरवासियों ने बताया की चालक को मना किया गया कि ऐसे में धोखा हो सकता है लेकिन, सुने कौन। मनबढ़ चालक की लापरवाही से घट सकती थी बड़ी घटना। चालक की वजह से मशीन का बहुत बड़ा नुकसान हुआ। जिस पर जिम्मेदार चुप दिखे।

# जनपद सोनभद्र में सघन चेकिंग अभियान के तहत 176 किए गए चालान

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशों के अनुपालन एवं मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा तथा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारू द्विवेदी के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक यातायात विनोद यादव के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुल 176 चालान किए गए, जिनमें निम्नलिखित प्रकार के उल्लंघन सम्मिलित हैं: काली फिल्म लगे वाहन 07 मोडिफाइड साइलेंसर 01 सीट बेल्ट न पहनने पर 02 अन्य धाराओं में (जैसे बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, फाल्टी नंबर प्लेट, स्टंटबाजी आदि)166 यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाया गया।

जनपद पुलिस द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें एवं जिम्मेदार नागरिक बनें।

## दुर्गा पूजा पंडाल में किया गया कन्या पूजन, नौ देवी स्वरूप कन्याओं को कराया गया भोजन

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



म्योरपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत पड़री खंता में बुधवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी पर कन्या कुंवारी भोज का आयोजन किया गया।इस अवसर पर देवी दुर्गा के स्वरूप मानी जाने वाली कन्याओं का पुजन कर उन्हें भोजन कराया गया। मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि में नवमी तिथि को कन्या पूजन शक्ति और मातृत्व के सम्मान का प्रतीक है। इसमें 2 से 10 वर्ष की कन्याओं को मां दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस पुजा से घर में सुख समृद्धि आती है। कार्यक्रम का शुरूआत श्री दुर्गा पूजा सेवा समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं द्वारा चरण पखार कर तिलक लगाकर और आरती हुई। इसके बाद उन्हें श्रद्धापूर्वक विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए। कन्याओं को उपहार स्वरूप, फल, मिठाई, चुड़ी, चुनरी और पुजन समाग्री भी प्रदान की गई। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण देखने को मिला जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन माता दुर्गा की जयकारों और भक्ति गीतों के साथ हुआ।

## साइबर क्राइम पुलिस थाना ने वापस कराये 95700/-रुपये-

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा साइबर अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्या0) के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ0स0 06/2025 धारा 66 ऊक्ळ एक्ट बनाम अज्ञात द्वारा आवेदक शिव कुमार निवासी ओबरा को कॉल करके स्क्रीन शेयर के माध्यम से मोबाइल हैक करके साइबर ठगी कर लेने के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन तथा एनसीआरपी पोर्टल से आवश्यक जानकारी एकत्रित कर सम्बन्धित विभिन्न संदिग्ध बैंक खातों को फ्रीज/होल्ड कराते हुये मा0 न्याया0 से धनराशि वापसी के सम्बन्ध में आदेश पारित होने के उपरान्त सम्बन्धित बैंको से पत्राचार 90000/- रुपये मुकदमा वादी के बैंक खाते में सफलता पुर्वक वापस कराया गया। आवेदक शिव कुमार निवासी रा0गंज के साथ फ्राड हुये धनराशि 5700/- को होल्ड कराकर, एनसीआरपी पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य संकलित कर आवेदक शिव कुमार के मूल खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया, जिस पर मुकदमा वादी तथा प्रार्थना पत्र आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ साथ साइबर क्राइम पुलिस थाना के अधिकारी/कर्मचारीगण की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।

# बाबा भूतेश्वर दरबार में भव्य भंडारा, श्रद्धा और सामाजिक सद्भाव का अद्वितीय संगम

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ओबरा स्थित बाबा भूतेश्वर दरबार आज यानी 1 अक्टूबर 2025 को आस्था और सामाजिक समरसता का एक अद्भुत केंद्र बन गया। महारुद्र सेवा समिति के तत्वावधान में दरबार प्रांगण में आयोजित विशाल भंडारा एवं कन्या भोज ने भक्तों के उत्साह और समर्पण को एक नया आयाम दिया। इस दिव्य कार्यक्रम में भक्तों की भारी मौजूदगी ने इसे और भी भव्य बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूरी विधि-विधान और धार्मिक मर्यादा के साथ किया गया। सुबह सबसे पहले पूजा-पाठ और हवन का आयोजन हुआ, जिससे पूरे परिसर में एक सकारात्मक और दिव्य ऊर्जा का संचार हुआ। मुख्य आकर्षण का केंद्र कन्या पूजन और कन्या भोज रहा। छोटी कन्याओं का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया, उन्हें पूजन सामग्री भेंट की गई और फिर ससम्मान भोजन कराया गया। भक्तों का दृढ़ विश्वास है कि कन्या भोज के माध्यम से देवी शक्ति की आराधना होती है, जिसने आयोजन की धार्मिक महत्ता को कई गुना बढ़ा दिया। इस भव्य आयोजन की सफलता का श्रेय महारुद्र सेवा समिति के कुशल प्रबंधन और टीम





भावना को जाता है। समिति के प्रबंधक रामआश्रय बिंद ने सभी गतिविधियों का कुशल नेतृत्व किया। उनके मार्गदर्शन में, समिति के सभी पदाधिकारीगण ने अथक परिश्रम किया। विशेष रूप से महिला शक्ति टीम ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुष्पा दुबे, हेमलता जायसवाल, रीता चौहान, संगीता, बादल कुमारी, और माया चौहान जैसी महिलाओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ व्यवस्था संभाली। भक्तों के बीच प्रसाद वितरण से लेकर साफ-सफाई तक, हर कार्य को टीम भावना के साथ अंजाम दिया गया, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सुचारू और सफल बना। यह धार्मिक आयोजन केवल अध्यात्म तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और मानव सेवा की भावना को भी मजबूत करने का माध्यम बना। समिति ने कहा कि भंडारा और कन्या भोज जैसे कार्यक्रम सभी वर्गों के लोगों को एक साथ लाते हैं, जिससे सौहार्द और भाईचारे का संदेश पूरे क्षेत्र में जाता है। इस अवसर पर कई विशिष्ट कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। इनमें सर्वेश दुबे, ओमप्रकाश सिंह, रणजीत तिवारी, संकट मोचन झा, और विश्व हिंदू संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता व बाबा भूतेश्वर दरबार अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह प्रमुख थे। दिनभर चले इस भव्य आयोजन के दौरान, दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद, सभी भक्तों ने बाबा भूतेश्वर से क्षेत्र की समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए मंगलकामनाएं कीं। महारुद्र सेवा समिति का यह सफल आयोजन, भक्तों की अटूट आस्था और सामाजिक सद्भाव के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक बन गया है।

## बाल्मीकि जयंती पर "ऋषि सम्मान" से नवाजे जाएंगे डॉ0 अर्जुन दास केशरी

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। राष्ट्रीय संचेतना समिति सोनभद्र के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार डा० अर्जुन दास केशरी को ऋषि सम्मान प्रदान किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय संचेतना समिति के निदेशक व कार्यक्रम के संयोजक जगदीश पंथी ने बताया कि 07 अक्टूबर 2025 को महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद के सभागार में बाल्मीकि रामायण में नारी शक्ति की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी व सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार डा० अर्जुन दास केशरी को यह सम्मान प्रदान किया जायेगा। श्री पंथी ने बताया कि विचार गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार व कवि उपस्थित होंगे। द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व यह सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर डा0 अनिल कुमार मिश्रा व डा0 अनुज प्रताप सिंह को दिया गया है।

# हौसला बुलंद चोरों ने ताला तोड़कर नवनियुक्त चौकी प्रभारी को दी चुनौती

### पुलिस बूथ के बगल के दुकान को बनाया निशाना गुरमा मोड मारकुंडी तिराहे पर बना पुलिस बूथ बना महज शो-पीस

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मुख्य राज्य मार्ग स्थित गुरमा मोड मारकुंडी पुलिस बूथ के बगल की दुकान को सोमवार की रात्रि चोरों ने अपना निशाना बना लिया। हौसला बुलंद चोरों ने पुलिस बूथ के ठीक बगल के दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे मारकुंडी मीना बाजार निवासी व्यवसायी जयप्रकाश उर्फ बच्चा पुत्र रामजीत के दुकान के सामान, गैस सिलेंडर, इनवर्टर समेत ₹25000 नकदी चुरा ले गए हैं। मामले को दबाने के उद्देश्य से इस संबंध में महज प्रार्थना पत्र ले लिया गया है।इतना ही नहीं कारवाई होने के डर से पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी नहीं अवगत कराया गया है। गुरमा मोड मारकुंडी पर बना पुलिस बूथ महज शो-पीस बना हुआ है। पुलिस कर्मियों की मौजूदगी न होने से पुलिस बूथ भी व्यवसाईयों का डेरा बना हुआ है तथा व्यवसायी अपने सामानों को बूथ के अंदर व आसपास ही रखते हैं और बावजूद इसके चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है, वही गुरमा पुलिस चुप्पी साधे काफी निष्क्रिय और अपने कर्तव्यों से विमुख होकर राज्य सरकार से प्रतिमाह वेतन लेने में मशगूल है। सूत्र बताते हैं कि पूर्व में भी पुलिस बूथ के दीवारों को भी तोड़कर व्यवसायी के सामानों का चोरी होना साबित करता है कि गुरमा पुलिस रात्रि में गस्त नहीं करती है, सिर्फ बैठकर सरकार से वेतन ले रही हैं। विश्वस्त सूत्रों की माने तो गुरमा चौकी अन्तर्गत वाराणसी शक्तिनगर मुख्य राजमार्ग लबे रोड गुरमा मोड मारकुंडी मुख्य तिराहे के समीप बने पुलिस बूथ को बीते दिनांक 14 जुलाई 2025 रात्रि को चोरों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि रात के अंधेरा में पुलिस बूथ में रखे फल व सब्जी पर हाथ साफ कर फरार हो गये। बताते हैं कि पूर्व ही मारकुंडी कम्पोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान की छत की सीट हटा कर शराब की पेटी लेकर फरार हो गये थे।इसी क्रम मे बीते दिनांक 14 जुलाई 2025 की रात्रि सब्जी-फल बिक्रेता आशीष भारती व राजकुमार भारती पुत्रगण मुरली निवासी कोनियवा मारकुंडी दोनों भाई पुलिस बूथ के बगल में सब्जी व फल की दिन भर बिक्री कर सामानों को पुलिस बूथ के अंदर रखकर रात को अपने घर चले गए थे। इसी दौरान रात के अंधेरे तथा बरसात का फायदा उठाते हुए हौंसला बुलंद चोरों ने पुलिस बूथ के ईंट के दीवाल को तोड़कर फल, सब्जी लेकर फरार हो गये।

जिससे आस पास के व्यवसायियों में दहशत फैल गई है। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि में गस्त बढ़ाने की मांग की है।जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके।

## चोपन पुलिस ने पॉक्सो एक्ट मे वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन कुमुद शेखर सिंह के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0स0 339/25 धारा 64(2)m,352,115(2),351(3) BNS 5J(ii)/6, 5L/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बंजरगी सिंह पुत्र स्व0 अनिल सिंह निवासी बाडी डाला थाना चोपन सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष, को आज दिनांक 01.10.2025 को समय 13.30 बजे नगर पंचायत कार्यालय मोड़ चोपन थाना चोपन सोनभद्र से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।

## पुलिस बल ने दिखाई मानवता की मिसाल पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर"

**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया।

यह रक्तदान शिविर मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर महिला आरक्षियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं रक्तदान कर महिला शक्ति की सशक्त छवि प्रस्तुत की। रक्तदान शिविर में पुलिस लाइन में नियुक्त अनेक पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर 'रक्तदान महादान' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का कार्य है, बल्कि यह समाज में आपसी सहयोग और मानवीय संवेदना का परिचायक भी है। पुलिस बल सदैव जनसेवा हेतु तत्पर है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से यह संदेश देना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्त संग्रह की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस सराहनीय पहल ने यह साबित कर दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस न केवल कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी निभा रही है, बल्कि समाज के प्रति अपने नैतिक कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन कर रही है।

## थाना पिपरी की साइबर टीम ने आवेदक की फ्राड हुई धनराशि कुल 33000/- रुपए उसके मूल खाते मे कराया वापस

**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। अनजान व्यक्ति द्वारा आवेदक सुजीत कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी रेनूकूट पिपरी सोनभद्र से व्हाट्सएप के जरिये APK File Downloadकरा के बिना उसकी जानकारी के आवेदक के बैंक से जुड़े मोबाइल का कोड प्राप्त करके फोन पे यूपीआई आईडी प्राप्त कर आवेदक के खाते मे मौजूद 33000/- रु को किसी अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर लिया। जिसके सम्बन्ध में आवेदक ने तत्काल साइबर पुलिस पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई । पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी पिपरी सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना पिपरी की साइवर टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई राशि को सम्बंधित खाते मे होल्ड कराया गया तथा ट्रान्जेक्शन के सम्बंध में आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर सम्बंधित बैंक को पत्राचार कराया गया तथा आवेदक की फ्राड हुई धनराशि कुल 33000/- को उसके मूल खाते मे वापस कराया गया। आवेदक द्वारा थाना पिपरी की साइबर टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।

## थाना शक्तिनगर क्षेत्रान्तर्गत मूर्ति विसर्जन स्थलों का संयुक्त निरीक्षण – शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन सक्रिय

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। थाना शक्तिनगर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मूर्ति विसर्जन स्थलों – कोटा बोट पॉइंट एवं कोहरौल रिहंद डैम – का आज क्षेत्राधिकारी पिपरी, एसडीएम दुद्धी, थानाध्यक्ष शक्तिनगर, चौकी प्रभारी बिना एवं चौकी प्रभारी रेनूसागर द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विसर्जन



स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा जल पुलिस की तैनाती आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए ताकि आने वाले पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना न हो। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि मूर्ति विसर्जन के समय निर्धारित नियमों का पालन करें एवं शांति व्यवस्था बनाए रखें।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा को लेकर चला जागरूकता अभियान – जन चौपाल के माध्यम से पुलिस ने बढ़ाया आत्मविश्वास

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद सोनभद्र के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम एवं महिला पुलिस कर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मंदिर, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस जन चौपाल के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से संबंधित कानूनों, महिला अधिकारों, छेड़खानी, घरेलू हिंसा एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया, जिनमें प्रमुख



रूप से शामिल हैं: महिला हेल्पलाइन 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन 181 आपातकालीन सेवा 112 बाल संरक्षण 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 102/108 (स्वास्थ्य संबंधित आपातकालीन सेवा)

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना विकसित करना, आत्मविश्वास को सशक्त करना एवं उन्हें किसी भी प्रकार की आपराधिक स्थिति में तत्काल व सही कदम उठाने के लिए प्रेरित करना रहा।

पुलिस विभाग द्वारा आमजन से यह अपील भी की गई कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अपराध की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, जिससे त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने किया माँ दुर्गा का हवन पूजन

## आज होगा माँ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम

**समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**



सिद्धार्थनगर। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर नवमी के दिन प्रतिवर्ष की भाति श्रद्धालुओं ने विधि विधान से आदि शक्ति मां जगदम्बा का हवन पूजन अर्चन किया। इस पावन अवसर पर मां सिद्धिदात्री की पूजा के साथ हवन और कन्या पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। लेख में हवन की आवश्यक सामग्री, संपूर्ण विधि और विभिन्न मंत्रों का विस्तृत वर्णन किया गया है, जिससे भक्त मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। यह पावन पर्व देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना के समर्पित होता है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व के दौरान मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करने से भक्तों को विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। नवरात्रि का समापन मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा से हुई है। इस बार नवमी विगत दिन यानि 1 अक्टूबर, 2025, बुधवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। देवी भक्तों ने विधि विधान से मां दुर्गा का हवन पूजन किया। और कुछ देवी भक्तों ने देवी स्वरूप मानकर कुंवारी कन्याओं को भोजन भी करवाया। हवन पूजन के समय माँ दुर्गा के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजामान हो गया। श्रद्धालुजन भक्तिमयी वातावरण का खूब आनंद लिए। तो वहीं नवरात्रि के समापन होने पर श्रद्धालु महिलाओं की आंखें नम भी हो गई। श्रद्धालु महिलाओं ने कहा कि 9 दिन तक देवी की मूर्ति रखकर पूजन अर्चन करने से माँ दुर्गा की प्रतिमा से अटूट प्रेम हो जाता है। नवरात्र समाप्त होने के कुछ दिन तक मां दुर्गा की प्रतिमा का याद बना रहता है। जानकारों का कहना है कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का समापन गुरुवार, 2 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ होगा, जिसके बाद दुर्गा मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। दशमी तिथि की शुरूआत 1 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 1 मिनट पर हो रही है और इसका समापन 2 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 10 मिनट पर होगा, ऐसे में दुर्गा विसर्जन आज किया जाएगा।

# आखिर क्यों अपने ही जान का दुश्मन बन बैठा टेंपो चालक!

## टेंपो चालक के आत्महत्या के पीछे कहीं साजिश तो नहीं।

**समाज जागरण**



सिद्धार्थनगर। जनपद के कठेला समय माता थाना क्षेत्र के पठान डीह गांव में विगत दिन एक टेम्पो चालक ने अपने घर में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय रामसेवक पुत्र धर्मदास के रूप में हुई है, जो पेशे से टेम्पो चलाता था, बताते चलें कि इस पेशे की बदौलत वह परिवार का जीकोपार्जन करता था, मृतक की पत्नी रीता देवी के अनुसार, वह खेत से लौटीं तो उसने पति को कमरे में फंदे से झूलते देखा। उसके शोर मचाने पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आत्महत्या के कारणों की गहन जाँच की जा रही है। गांव के लोगों ने रामसेवक को मेहनती और सीधा-सादा व्यक्ति बताते हुए इस घटना पर गहरा आश्चर्य जताया है, रामसेवक के पाँच बेटियाँ और एक बेटा है। जिनकी परवरिश की चुनौती अब परिवार के सामने खड़ी हो गई है। मृतक ने जिस तरह से आत्महत्या कर लिया है, ऐसे में पुलिस के सामने कई सवाल खड़े हो रहे हैं, इसमें सबसे पहला सवाल यह भी हो सकता है कि परिवार वालों का खर्चा निर्वहन न कर पाने की वजह से हैरान परेशान होकर उसने मौत को ही गले लगा। दूसरा सवाल यह भी उठना लाजिमी है कि कहीं पारिवारिक कलह के चलते तो मृतक ने ऐसा कदम नहीं उठा लिया। ऐसे में पुलिस को चाहिए कि मृतक की पत्नी से भी गहनता से पूछताछ करे। क्योंकि समाज में पति- पत्नी का रिश्ता अक्सर कलंकित हुआ करता है। कहीं पर पत्नी-पति को मौत के घाट उतार देती है,तो कहीं पर पति-पत्नी को मौत के घाट उतार देता है। बताते चलें कि पति-पत्नी का पवित्र रिश्ता वर्तमान परिवेश में एक खूनी रिश्ते में तब्दील हो चुका है। इसलिए मृतक की पत्नी से पूछताछ करना पुलिस के लिए बहुत जरूरी है। फिलहाल यह आत्महत्या कई सवालों को पैदा कर रही है लेकिन अब देखना है कि पुलिस कब और कैसे आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने में सफल हो पाती है। सूत्रों के अनुसार पुलिस गंभीर से गंभीर मामले में भी जल्दबाजी करके गलत तरीके से पदार्फाश कर देती है लेकिन उसको ऐसा कत्तई नहीं करना चाहिए। क्योंकि पुलिस की निष्पक्ष जाँच से ही इंसाफ मिलती है।

# जिला अधिकारी ने माँ दुर्गा पंडाल का किया भ्रमण

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जिला अधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने नगर पंचायत इटवा स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के सदस्यों से मिलकर दुर्गा पूजा संबंधी जानकारी लिया। जिला अधिकारी ने जनपद वासियों की स्वस्थ समृद्धि और कामना के लिए आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा से प्रार्थना किया।

# कन्नौज: प्रभारी मंत्री ने की कोर कमेटी की बैठक, नोट की समस्याएं

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। आज प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने जनपद की प्रभारी मंत्री होने के चलते निरीक्षण भवन में कोर कमेटी की बैठक ली जिमसें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी उपस्थित रहे। बैठक में जनपद के



विकास कार्यों को लेकर चर्चा गई तथा विकास कार्यों में आ रही समस्याओं को नोट किया गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए। वही शासन स्तर पर आ रही समस्याओं को नोट किया गया, वही प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन स्तर से आ रही समस्याओं को मुख्यमंत्री मंत्री के समक्ष रखा जाएगा और आरही समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। विभाग बार भी विकास कार्यों की समीक्षा की गई जिससे विकास कार्यो में कोई बाधा न आए। बैठक के बाद मौजद कार्यकताओं से भी बात की और उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

# कन्नौज: आला अफसरों ने किया मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण, यातायात डायवर्ट रहेगा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा दुर्गा प्रतिमा/मूर्ति विसर्जन पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना कोतवाली कन्नौज क्षेत्रांतर्गत विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं आमजन की सुविधाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विसर्जन के दौरान गोताखोरों की व्यवस्था, चिकित्सीय सहायता टीम एवं एम्बुलेंस भी तैनाती के लिए निर्देशित किया गया। जनता से अपील की गई है कि प्रशासन का सहयोग करें एवं निर्धारित नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक विसर्जन कार्य सम्पन्न करे।

कल 02 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस ने यातायात के लिए डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। एक पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक
ट्रैफिक पुलिस द्वारा गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिर्फ मूर्ति वाली गाड़ियों को ही सर्किट हाउस वाले मोड से विसर्जन स्थल घाट पर जाने दिया गया था अन्य सभी प्राइवेट वाहन डीजे वाले वाहन को यहीं पर रोक दिया गया था जिससे बिना किसी घटना दुर्घटना के सकुशल रूप से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जा सका था।

यही व्यवस्था कल होने वाले मूर्ति विसर्जन पर भी लागू रहेगी। सिर्फ दुर्गा प्रतिमा वाली गाड़ियों को ही सर्किट हाउस वाले मोड( पुलिस लाइन) के पास से विसर्जन स्थल वाले घाट अलियापुर की तरफ जाने दिया जाएगा। अन्य किसी भी प्रकार के चार पहिया वाहन डीजे वाले वाहन को सर्किट हाउस वाले मोड पर ही रोक दिया जाएगा ताकि बिना किसी घटना और समस्या के इस बार भी मूर्तियों को सकुशल रूप से विसर्जित कराया जा सके।

सभी मूर्ति विसर्जित करने वाले आयोजको से अनुरोध है कि इस बार भी सिर्फ मूर्ति वाली गाड़ियों को ही सर्किट हाउस वाले मोड़ से विसर्जन स्थल की तरफ ले जाएं अन्य किसी प्रकार के चार पहिया वाहन तथा डीजे वाले वाहन को ले जाने का प्रयास न करें।

# कन्नौज: मिशन शक्ति: कन्या पूजन के साथ बालिकाओ को किया गया जागरुक

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर महिलाओं का सशक्तिकरण किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत आज थाना कोतवाली कन्नौज मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम द्वारा फूलमती देवी मंदिर परिसर में महिलाओं को एकत्रित करके महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया व महिला संबंधी सभी हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1930, 1076,1098 के बारे में जानकारी दी गई।

थाना ठठिया पुलिस द्वारा ग्राम मन्नापूर्वा में ग्राम चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया व महिला संबंधी सभी हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1930, 1076,1098 के बारे में जानकारी दी गई।

जनपद के समस्त थानों पर तैनात मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम द्वारा निरन्तर अपने अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण शील रहकर विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजार, मंदिर, दुर्गा पाण्डालों मे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान व साइबर संबंधित अपराध के बारे मे अवगत कराया। उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व वढ112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी दी और बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया।

समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा ग्रांम चौपाल,स्कूल, कालेजों, बाजारों में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उद्देश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# कन्नौज: स्टेट हाईवे पर बाइक से स्टंट, पुलिस ने बाइक सीज की

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। तिर्वा-कन्नौज रोड पर एक युवक ने बाइक तेजी से दौड़ाते हुए स्टंट किया। सोशल मीडिया लर वायरल होने के लिए उसने स्टंटबाजी का वीडियो बनवाया। जोकि वायरल होने लगा। ये वीडियो सामने आने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने बाइक के नम्बर के आधार पर पता लगाया तो बाइक सदर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर सरायघाघ मोहल्ला स्थित मनकामेश्वर मन्दिर के निकट रहने वाला रामजी सविता के नाम रजिस्टर्ड थी। इसके बाद पुलिस ने बाइक सीज कर दी।



मामले को लेकर ट्रैफिक इंचार्ज रवि शंकर तिवारी का कहना है कि युवक ने सड़क पर तेजी से बाइक दौड़ाते हुए स्टंट किया। जिस वक्त वह स्टंट कर रहा था, उस समय रोड पर काफी ट्रैफिक भी था। जिससे स्टंट करने वाले युवक की तो जान को खतरा था ही, साथ में वह अन्य वाहनों पर सवार लोगों की जिंदगी से भी खिलवाड़ कर रहा था। जिससे कोई भी हादसा हो सकता था। इस तरह से स्टंट करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# कन्नौज: अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वृद्धजनों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक/वृद्ध जन दिवस के अवसर पर आज वृद्ध आश्रम, पुलिस लाइन कन्नौज में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, तथा भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया द्वारा वृद्धजनों को फल, मिष्ठान, वस्त्र एवं पुष्पमालाओं से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ह्लवरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इनके अनुभव और मार्गदर्शन से ही समाज आगे बढ़ता है। प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने बुजुर्गों का आदर एवं देखभाल करे।ह्व
उन्होंने उपस्थित जनों का आह्वान किया कि वे अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ समय बिताएँ, उनकी आवश्यकताओं को समझें और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर रखें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु वृद्धावस्था पेंशन योजना, वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि, एवं वृद्धाश्रम प्रबंधन कार्यक्रम जैसी अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ सभी पात्र वृद्धजनों तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री के प्रतिनिधि विवेक पाठक, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा, एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डॉ. अशोक कुमार सविता सहित अनेक अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# कन्नौज: युवक ने धर्म छिपाकर छात्रा से रेप कर कर होटल में बंधक बनाया

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। एक गांव की रहने वाली इंटर की छात्रा से मुस्लिम युवक ने धर्म छिपाकर दोस्ती कर ली। फिर उसे एक होटल में ले जाकर बंधक बना लिया और होटल संचालक की मदद से उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर पिता व भाई की हत्या करने की धमकी दी।




मामला गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। जहां की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी गुरसहायगंज नगर के एक इंटर कालेज में इंटरमीडियट की छात्रा है। उसके घर के पास में ही एक शोरूम पर कुछ समय से गुरसहायगंज के किदवई नगर मोहल्ला निवासी नदीम पुत्र चांद मियां काम करता था। किशोरी के कॉलेज आते-जाते समय उसने किसी तरह उसका मोबाइल नम्बर पता कर लिया। कॉल कर के वह अपना धर्म छिपाकर किशोरी से बात करने लगा। 30 सितम्बर को जब किशोरी अपने कॉलेज से वापस लौट रही थी, तब नदीम उसे गुरसहायगंज के एक गेस्ट हाउस में ले गया। जहां वह किशोरी से जबरदस्ती करने लगा। इस बीच किशोरी को उसके मुश्लिम होने की जानकारी मिली तो उसने नदीम का विरोध किया। यहां नदीम ने गेस्ट हाउस संचालक की मदद से उसे बंधक बना लिया और फिर दुष्कर्म किया। जिससे किशोरी का बुरा हाल हो गया।

शिकायत करने पर नदीम ने किशोरी के पिता व भाई की हत्या करने की धमकी दी। जिससे डरी-सहमी किशोरी घर पहुंची और उसने रो-रो कर अपनी मां को पूरी घटना बताई। मामले को लेकर किशोरी के पीटा उसे लेकर गुरसहायगंज थाने पहुंचे। यहां उन्होंने नदीम और गेस्ट हाउस संचालक रविशंकर के खिलाफ तहरीर दी। देर रात पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार भी कर लिया।

# मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर महिला की 108 एंबुलेंस की मदद से बची जान

**समाज जागरण**



बदायूं/ बदायूं दोपहर लगभग 14:52 हरवती पति शिवराज निवासी सैजनी ब्लाक बदायूं के रहने वाले मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग किसी काम से जा रहे थे। तभी अचानक उझानी रोड सहसवान हजरतगंज रोड पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल मे टक्कर मार दी जिसमें तीन लोग बुरी तरह से घायल हों गए। टक्कर की आवाज सुनकर गांव के लोग एकत्र हुए और फिर उन्होंने निःशुल्क 108 एंबुलेंस को फोन किया,सूचना पर पहुंची 108 की एम्बुलेंस संख्या UP 32EG4618 पर तैनात ईएमटी बबलू नाग पायलट सतीश कुमार ने सतर्कता दिखाते हुए 45 वर्षीय हरवती कि पहले ब्लीडिंग कंट्रोल की और उसके वाइटल चेक किया और ई आर सी पी की सलाह से प्राथमिक उपचार करते हुए जिला बदायूं के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझानी में भर्ती कराया। हालात को गंभीर देखते हुए वहां के डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो युवक घायल दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी

**समाज जागरण**

मदनापुर /शाहजहांपुर थाना मदनापुर क्षेत्र के दो युवक पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गए। आरोपियों इदरीस और इकबाल को बरेली पुलिस ने दबोच लिया है। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि दोनों युवक बरेली हिंसा में भीड़ का हिस्सा थे। जो नदीम के बुलाने पर शाहजहांपुर से बरेली में हिंसा करने आए थे अब उनके नेटवर्क और साथियों की तलाश की जा रही है।

# मेले में संगठन के नाम पर मोटा पैसा वसूलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**समाज जागरण**



शाहजहांपुर। ओसीएफ श्रीरामलीला मेले में झूले के ठेकेदार से संगठन के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। इस मामले में संगठन के पदाधिकारी शाहनवाज अंसारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह रुपए लेते हुए नजर आ रहे हैं। झूला ठेकेदार इमरान ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि शाहनवाज अंसारी लगातार उन पर दबाव बनाकर पैसे की मांग कर रहे हैं। मनमाफिक रकम न देने पर धमकी देने और पैसे वापस करने की बात कहने का भी वीडियो वायरल हुआ है। उन्होंने कहा कि संगठन के नाम पर हर मेले, दिवाली या अन्य आयोजनों में वसूली की जाती है। इस कारण उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है और उनकी छवि धूमिल की जा रही है। ठेकेदार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शाहनवाज अंसारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई अन्य ठेकेदार या व्यक्ति इस तरह के दबाव और अवैध वसूली का शिकार न हो। वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।

# मंडी गेट पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, सड़े-गले सेबों को मौके पर नष्ट कराया

**समाज जागरण**



शाहजहांपुर। मंडी गेट के बाहर सड़ेझगले सेबों की बिक्री की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सोमवार की सुबह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागेश्वर मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर खड़े दर्जनभर ट्रकों से सेब बेचे जा रहे थे। छापे में व्यापारियों के साथ जमकर नोकझोंक भी हुई, लेकिन अधिकारी सख्त रहे और खराब सेबों को वहीं नष्ट करा दिया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़े गले फलों की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि भविष्य में कोई व्यापारी ऐसा करते पकड़ा गया तो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान व्यापारी नौशाद, टीटू, कमर हाफिजी, कुर्बान अली, अजीत गुप्ता और फूलचंद आदि सेब बेचते पाए गए। छटाई कर खराब फलों को मौके पर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागेश मणि त्रिपाठी ने साफ कहा कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय यादव समेत विभागीय टीम मौजूद रही। छापेमारी के बाद मंडी क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

# बरेली बवाल का एक और गुनहगार नंगा तौकीर रजा का खास दबोचा गया

**समाज जागरण**

बरेली। बरेली की सड़कों पर आग भड़काने वाला और मासूमों की जान खतरे में डालने वाला दंगाई अब कानून की जकड़ में है। यह कोई और नहीं बल्कि मौलाना तौकीर रजा का करीबी साथी नफीस है, जो गुपचुप तरीके से भीड़ जुटाने और उपद्रवियों को उकसाने का मास्टरमाइंड था।

जिस चेहरे ने भीड़ को उन्माद में झोंका, वही चेहरा आज सलाखों के पीछे दहशत से कांप रहा है। पुलिस के अनुसार इस शख्स पर पहले भी इंस्पेक्टर को खुलेआम धमकाने का मुकदमा दर्ज है, यानी अपराध इसका पेशा और नफरत इसकी पहचान रही है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में एक-एक कर राज खुल रहे हैं। जांच से साफ हो रहा है कि कैसे योजनाबद्ध तरीके से जुमे के दिन भीड़ बुलाई गई, कैसे युवाओं को भड़काकर पत्थर उठवाए गए और कैसे शहर को आग और खून की लपटों में धकेलने की कोशिश की गई।

पुलिस का कहना है कि यह गिरफ्तारी महज शुरूआत है, पूरे नेटवर्क की जड़ें खोदी जा रही हैं। जिन हाथों ने देश की गंगा-जमुनी तहजीब पर दंगों की कालिख पोतने की कोशिश की है,अब उनका कानून की पकड़ से बचना नामुमकिन है।

बरेली की जनता ने भी राहत की सांस ली है कि वह शख्स जो पर्दे के पीछे से शहर की शांति को जलाने की साज़िश कर रहा था, अब सलाखों के पीछे सिसक रहा है। गुनहगार चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, इंसाफ की चाबुक से उसकी चूलें हिलना तय है।

# साधु का भेष बनाकर कर रहे थे ठगी, शक होने पर पकड़े गए दोनों युवक

**समाज जागरण**



शाहजहांपुर। सदर बाजार क्षेत्र के चिनौर मोहल्ले में साधु का भेष धारण कर घूम रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक नशे के आदी हैं और नशे के लिए आसानी से पैसा जुटाने के उद्देश्य से साधु जैसी वेशभूषा धारण कर लोगों से मांगते थे।

सदर प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवकों में एक हिंदू है और दूसरा मुस्लिम। दोनों ही नशे के आदी हैं और भीख मांगकर नशा करते थे। इस दौरान उनका वीडियो भी वायरल हो गया है।

# जैतीपुर पुलिस ने अफीम के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार, एक किलो अफीम बरामद

**समाज जागरण**

जैतीपुर /शाहजहांपुर जैतीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओमकांत जैतीपुर और छत्रपाल तिलहर का रहने वाला है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि बदायूं जिले के थाना दातागंज क्षेत्र के सलेमपुर के रहने वाले राजकुमार कोटेदार से लेकर आए थे। थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के टाटराबाद के रहने वाले पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## आईजी बोकारो सुनील भास्कर ने दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन की तैयारियों को लेकर किया समीक्षा बैठक

हजारीबाग एसपी और गिरिडीह एसपी को दिए कई निर्देश

**मिंटू कुमार समाज जागरण**

हजारीबाग दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए बोकारो जोनल आईजी सुनील भास्कर ने हजारीबाग और गिरिडीह के पुलिस अधीक्षकों संग समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि किसी भी परिस्थिति में शांति भंग नहीं होने दी जाएगी और पूर्व में घटी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हर स्तर पर सतर्कता जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोपनीय सूचनाओं का संकलन कर संवेदनशील स्थानों और व्यक्तियों की पहचान की जाए और उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। आईजी ने कहा कि सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील स्थानों पर



वरीय पदाधिकारी प्रतिनियुक्त रहेंगे। 126 के तहत चिह्नित व्यक्तियों पर नोटिस कर कार्रवाई की जाएगी। सभी पूजा पंडालों का सत्यापन कर आयोजन समितियों से नियम पालन का शपथ पत्र लिया जाएगा। किसी भी प्रकार का भड़काऊ गाना बजने न पाए, इसके लिए संगीत संचालकों के साथ पुलिस बल की मौजूदगी रहेगी और पंडालों व जुलूसों में बजने वाले गीतों की सूची पूर्व में जांची जाएगी। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर पूर्व में घटनाएं घट चुकी हैं, वहां सीसीटीवी और ड्रोन की मदद से निगरानी की जाएगी।

आईजी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन और पुलिस की समन्वित कार्रवाई से शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में दुर्गा पूजा विसर्जन सम्पन्न कराया जाएगा।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया पूजा पंडालों का भ्रमण

**अरविंद कुमार यादव सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को कटकमसांडी प्रखंड के पश्चिमी सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद एवं पुर्वी सांसद प्रतिनिधि विरेंद्र कुमार बीरु कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान माता रानी के चरणों में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। भ्रमण के क्रम में प्रेम प्रसाद ने कहा कि दुर्गा पूजा और नवरात्र हमारे सनातन संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। वहीं विरेंद्र कुमार बीरु ने कहा नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा कर हम धर्म, शाक्ति, और संस्कारों से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। उनहोंने सभी पूजा समितियों को सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से सहयोग राशि प्रदान कर उत्सव को और भव्य एवं सफल



बनाने में सहयोग दिया। भ्रमण के दौरान ढौढ़वा, कोनहर, मनार, शाहपुर, झारदाग,कठौतिया डाटों कला, डाटों खुर्द, कुराहगडा, बाझा, एदला, बसंतपुर, कटकमसांडी, जोलडीहा, बहिमर, डांड,कण्डसार, गोदखर,हेदलाग, छड़वा, कंचनपुर, लुपुंग, पबरा पेलावल सहित पूजा पंडालों का दौरा किया। मौके पर भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पुर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद, विरेंद्र कुमार बीरु महामंत्री अरविंद कुमार यादव नारायण साव,दुर्जेय प्रसाद, सहदेव यादव, सोहर राणा, प्रकाश यादव सुनिता देवी, किशोरी यादव, मुकेश कुमार सरयैर अनुराग मितल, एवं लेखराज यादव सहित सभी पूजा पंडालों में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तेलडीहा में दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आगाज

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

मदनपुर (बिहार) औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड के शक्ति गढ़ तेलडीहा गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा आराध्य समिति द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर मंच उद्घाटन के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं जिसमें प्रथम दिन स्कूली बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जबकि दूसरे दिन बृंदावन से आए कलाकारों ने झांकी की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में मंच उद्घाटन रामाश्रय सिंह, प्राचार्य जनता महाविद्यालय अम्बा( औरंगाबाद )द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने दुर्गा पूजा के महत्व और सांस्कृतिक मूल्य पर प्रकाश डाला।मंच संचालन अक्षय सिंह ने किया। जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व के आर पी विनय कुमार सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन स्कूली बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसमें गीत, संगीत, नृत्य और





अन्य कलाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब बाह बही बटोरी और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं दूसरे दिन बृंदावन से आए कलाकारों ने झांकी की प्रस्तुति की, जिसमें दुर्गा पूजा के विभिन्न पहलुओं को दशार्या जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।कलाकार के रूप में सलोनी ,प्रियंका, अर्चिता, शालनी, लक्ष्मी, गोपी, आर्दश, सुहाना, और शानु ने अपने अपने प्रतिभा का प्रस्तुति कर जलवा बिखेरा।मौके पर रणधीर सिंह, मनोज कुमार सिंह, सुधिर पाण्डये, सुजित सिंह, बंसत सिंह, गोरख सिंह मौजूद थे।

## पटना जिले के पालीगंज में किया गया विवाह मंडप का शिलान्यास

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत मेरा पतौना पंचायत स्थित निरखपुर गांव में बुधवार को स्थानीय मुखिया के द्वारा विवाह मंडप का शिलान्यास किया गया।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार शादी व अन्य समारोहो में जनता के लिए सुविधाओ को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसके तहत प्रत्येक पंचायतों में सार्वजनिक विवाह मंडप बनवाने की फैसला किया है। इसी क्रम में सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पटना जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत मेरा पतौना पंचायत में विवाह मंडप बनाने की प्रस्ताव पारित की गई है। जिसको



लेकर मेरा पतौना पंचायत के मुखिया विजय यादव ने पंचायत क्षेत्र के निरखपुर गांव स्थित सूर्य मंदिर के पास विवाह मंडप बनाने के लिए बिधिवत रूप से शिलान्यास किया गया। इस दौरान सरकारी लिंक के द्वारा पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। मौके पर पालीगंज बीडीओ संजीव कुमार, मेरा पतौना पंचायत सहायक सन्तोष कुमार, संजय यादव, सुरेन्द्र प्रसाद, मनेन्द्र प्रसाद, श्याम बहादुर यादव, श्रवण कुमार, सन्तानन्द प्रसाद व गणेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नबीनगर के जनकपुर पोखरा में दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी जागरण का भव्य आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नगर पंचायत नबीनगर क्षेत्र के वार्ड 4 जनकपुर पोखरा में दुर्गा पूजा के अवसर पर महाअष्टमी की रात श्री श्री दुर्गा पूजा समारोह समिति एवं मां दुर्गा कला मंच जनकपुर पोखरा के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत धनबाद के "जौली छाबड़ा ग्रुप" का रंगारंग देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन



सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार रजक,इंदल सिंह, विकास कुमार,मुरारी सिंह एवं अन्य द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। मंच का संचालन रामजीत शर्मा ने किया।मौके पर संबोधित करते हुए बिपिन सिंह ने कहा कि दशहरा एक पवित्र त्यौहार है।सभी लोग मिलजुलकर इस त्यौहार का आनंद उठाए उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी दर्शकों से शांतिपूर्वक आर्केस्ट्रा का लुत्फ उठाने को कहा ।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास और सौंदर्यीकरण करना उनकी प्रथम प्राथमिकता है। बिपिन सिंह ने यह भी घोषणा किया कि मंदिर के बगल में पोखरा का सौंदर्यीकरण 1 करोड़ रुपए से किया जाना है जल्द ही इसके निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।इससे पूर्व सभी आगंतुक का स्वागत अंग वस्त्र और फूल माला देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जौली छाबड़ा ने माता की भजन से शुरू किया और उसके बाद एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया गया। मौके पर ओबिंद राम, मेघनाथ शर्मा राहुल रावत,उदय गुप्ता पूजा समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी वर्ष पर जगृति यात्रा

हजारीबाग में 2 अक्टूबर 2025 को भव्य स्वागत।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से प्रारंभ हुई यह जागृति यात्रा/नगर कीर्तन, धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत के 350वें वर्ष के उपलक्ष्य में, दिनांक 2 अक्टूबर 2025 को हजारीबाग पहुँचेगी। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधन समिति, स्त्री सत्संग समिति एवं खालसा यूथ एसोसिएशन, तथा साध संगत की अथक सेवाओं और सहयोग से इस ऐतिहासिक अवसर पर यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारियाँ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ की जा रही हैं।

**संक्षिप्त ऐतिहासिक परिचय**

गुरु तेग बहादुर जी का प्रकाश 1 अप्रैल 1621 को अमृतसर में हुआ। जन्म के समय उनका नाम त्याग मल रखा गया था। वे छठे गुरु, गुरु हरगोबिंद साहिब जी के सबसे छोटे पुत्र थे। अपनी आध्यात्मिकता, बुद्धि, साहस और त्याग के लिए वे प्रसिद्ध हुए। युद्धों में वीरता दिखाने पर उन्हें तेग बहादुर(तलवार के बहादुर) की उपाधि प्राप्त हुई। उन्होंने कश्मीरी पंडितों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा हेतु और क्रूरता तथा अन्याय के विरोध में अडिग होकर आवाज उठाई। 1675 में उन्हें दिल्ली लाया गया जहाँ इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाया गया, किंतु उन्होंने सत्य और धर्म की रक्षा हेतु बलिदान को चुना। उनके समक्ष ही उनके तीन अनुयायी–भाई मती दास जी (आरी से चीरकर),भाई सती दास जी (आग में जलाकर),भाई दयाला जी (उबलते पानी में डालकर)–शहीद कर दिए गए।अंततः 24 नवंबर 1675 को दिल्ली के चाँदनी चौक में, मानव अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षण हेतु, गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने शहीदी का महान उदाहरण प्रस्तुत किया। इसलिए इतिहास उन्हें सदा इस पंक्ति से स्मरण करता हैः गुरु तेग बहादुर, सगल सृष्टि पर ढांपी चादर।

**आयोजन का महत्व**

यह जागृति यात्रा, जो सीधे तख़्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से आ रही है, न केवल गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शौर्य और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि यह हमें धर्म, सत्य और स्वतंत्रता की रक्षा हेतु अडिग खड़े रहने की प्रेरणा भी देती है। साध संगत, स्त्री सत्संग और खालसा यूथ एसोसिएशन और सेवा भाव इस आयोजन को और भी ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना रहा है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष स. परमवीर सिंह कालरा, उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह और नितिन बावा, सचिव आनंद राज सिंह कालरा, कोषाध्यक्ष कुलतार सिंह और जसमीत सिंह ने समूह संगत को तहे दिल से आमंत्रित किया।

## मेरा युवा भारत हजारीबाग ने दीपूगढ़ा में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

मेरा युवा भारत हजारीबाग के द्वारा बुधवार को हजारीबाग के दीपूगढ़ा स्थित वृद्धाआश्रम में सदर अस्पताल हजारीबाग के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। जिला युवा अधिकारी रुद्रशेखर एवं लेखा सह कार्यक्रम समन्वयक उमेश कुमार एवं सदर अस्पताल से आए अधिकारी तथा डॉक्टर सारे वृद्धि जनों से एक-एक करके मुलाकात की एवं उनसे उनका हाल लिया तथा वहां के रखरखाव, सफाई, खाना पानी इत्यादि का निरीक्षण भी किया। सारे वृद्धजनों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया।



उन्होंने कहा कि अभी दुर्गा पूजा का त्यौहार चल रहा है ,हर परिवार त्योहारों में अपने घरों में अपने परिवार के साथ खुशियां मनाता है पर इन बुजुर्गों को हम ऐसे ही छोड़ देते हैं, इनके बारे में कोई नहीं सोचता। हमें कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे ये लोग भी हर त्यौहार में खुशियां मना सके। अंतिम में सारे वृद्धजनों को कुछ खाने पीने की चीजें एवं जरूरत की सामग्री भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में युवा स्वयंसेवक आकाश, महेश, शाहबाज, संजना एवं अन्य उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्र पर किया गया औषधीय पौधरोपण

**अरविंद कुमार यादव दैनिक सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

शारदीय नवरात्र आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी दिन बुधवार को दुर्गा मां के सिद्धिदात्री दिव्य स्वरूप के पावन अवसर पर कटकमसांडी के शाहपुर स्थित चिरूआं पहाड़ी योगेश्वर महादेव धाम परिसर में औषधीय तत्वों के पिटारा पांच आम पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण में सक्रिय भूमिका पतंजलि के कार्यवाहक अध्यक्ष अजीत कुमार द्वारा निभाई गयी। बता दें कि अजीत कुमार योग शिक्षक भी हैं, और योग से रोग भगाने का गुण लोगों को नियमित देते रहते हैं। साथ ही कटकमसांडी क्षेत्र के विभिन्न सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में औषधीय पौधों का रोपण करते रहते हैं।



## सांसद के निदेर्शानुसार पंडालों में घूम-घूमकर सहयोग राशि प्रदान की यशोदा देवी।

आजसू नेत्री यशोदा देवी ने डुमरी प्रखंड का भ्रमण कर लिया मां का आशीर्वाद, क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु की कामना।

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता-समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : आजसू डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी ने दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर डुमरी विधानसभा के डुमरी प्रखंड के दर्जनों



दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर अपने दर्जनों समर्थकों के साथ माथा टेका और मां का आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कामना की साथ ही गिरिडीह सांसद के निदेर्शानुसार पंडालों में घूम-घूमकर सहयोग राशि प्रदान की। यशोदा देवी ने कहा कि सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व सनातनी परंपराओं पर आधारित है और सनातन ही विश्व कल्याण की बात करता है जिसमें मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा विशेष मायने रखता है अगर व्यक्ति उनके स्वरूप से संबंधित ज्ञान प्राप्त कर ले तो वह सच्चे व अच्छे मार्ग पर चलना शुरू कर देगा जिससे पूरा विश्व का कल्याण सुनिश्चित है। साथ ही जगह-जगह पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और समस्याओं का अविलम्ब समाधान करने का आश्वासन भी दिया। वही डुमरी प्रखंड के धावाटांड, चैनपुर ,जामतारा, डुमरी ,कुलगो ,खाखी, पोरदाग आदि गांव में अपने दर्जनों समर्थकों के साथ रहे और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सतीश कुमार, पप्पू कुमार, पिंटू कुमार , खेमलाल महतो समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## पटना जिले के खिरिमोड में विधायक ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खिरिमोड थाना के स्थानीय बाजार में बुधवार को पालीगंज विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

जानकारी के अनुसार पटना जिले के सभी इलाके में दुर्गापूजा की धूम मची हुई है। बाजार से लेकर ग्रामीण इलाकों में भी बनी पूजा पंडालों में देवी दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। चारो तरफ खुशी का माहौल है। कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इसी क्रम में



पटना जिले के खिरिमोड थाना स्थित स्थानीय बाजार में नवयुवक संघ की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने बिधिवत रूप से रिबन काटकर किया। मौके पर विधायक ने आयोजक मंडली के सभी सदस्यों व कार्यकताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। वही आयोजको की ओर से मौके पर पहुंचे विधायक व अन्य अतिथियों को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक संदीप सौरभ ने बताया कि पूजा खुशियां लेकर आती है। जिसे उत्साह तथा शांति पूर्वक मनाना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि यदि मैं पुनः विधायक का चुनाव जीत जाऊंगा तो खिरिमोड पर एक बड़ा सा लाइब्रेरी तथा स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण जरूर करूंगा। साथ उन्होंने युवाओं को कहा कि आपसभी पढ़ाई पर ध्यान दें ताकि आनेवाले दिनों में आपका भविष्य बन सके। इसी लक्ष्य को लेकर लाइब्रेरी का निर्माण कराना चाहता हूं। वही अतिथियों ने कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए नवयुवक संघ के अध्यक्ष विकास यादव, व्यवस्थापक नवीन यादव सहित सभी सदस्यों को बधाई दिया है। मौके पर बिधायक डॉ. संदीप सौरभ, पत्रकार वेद प्रकाश, पंकज कुमार, मुखिया विजय यादव, दशरथ प्रसाद, ज्ञानवर्द्धन शर्मा, पूर्व मुखिया देवनारायण बिंद, सरपंच अमित कुमार, राजकुमार कुशवाहा, कंचन यादव व जितेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पटना के बिहटा में सड़क हादसे के दौरान साइकिल सवार बच्चे की मौत

घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, पुलिस ने किया लाठी चार्ज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ दशहरा के दिन पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर टोला में सोमवार को एक तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने साइकिल सवार 13 वर्षीय सोनू राम को कुचल दिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। सोनू राम की पहचान स्थानीय निवासी धर्मेंद्र राम के पुत्र के रूप में हुई है। वही घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे लोगों ने ट्रक को पकड़कर चालक की पिटाई कर दी और वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस की गाड़ी को भी घेर लिया और नोकझोंक की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। इस सम्बंध में पटना पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप



सिंह ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही बिहटा थाना की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया गया है। वही चालक को हिरासत में लिया गया है। साथ ही ग्रामीणों द्वारा चालक से मारपीट और पुलिस पर हमला करने के मामले में भी अलग से एफआईआर दर्ज की जाएगी। एसपी ने कहा कि कानून सबके लिए समान है। किसी को भी हाथ में कानून नहीं लेना चाहिए।पुलिस अपनी कार्रवाई करेगी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सोनू राम साइकिल से घर लौट रहा था। तभी श्रीरामपुर टोला के चाय दुकान के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्चा सड़क पर गिर गया और ट्रक के पहिए के नीचे आ गया। ग्रामीण आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दशहरा जैसे भीड़भाड़ वाले त्योहार के दिन भी प्रशासन ने भारी वाहनों के परिचालन पर रोक नहीं लगाई। जिसके कारण ट्रक खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे थे और यह दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं और ग्रामीणों के बीच आक्रोश व्याप्त है।

## दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, तीन गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना क्षेत्र के बरुणा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना मे दोनो पक्ष के लोग घायल हुये है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने नवीनगर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया।

पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले आई। पुलिस ने मामले में आरोपी बरुणा गांव निवासी सूनील चन्द्रवंशी तथा दूसरे पक्ष के सकल सिंह और सुशील सिंह के विरुद्ध कार्रवाई की है। मामले में नवीनगर थानाध्यक्ष मृतंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट की घटना घटी है। दोनो पक्षो की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। मारपीट में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया।

## पटना में बज्रपात से खेत में काम कर रहे किसान झुलसा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बुधवार को पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के बिंदौल गांव में बज्रपात से एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान की पहचान 70 वर्षीय रामाधार पंडित के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रामाधार पंडित खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक बारिश शुरू हो गई और इसी दौरान बज्रपात हुई। इस हादसे में वह बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत बिहटा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## महानवमी के अवसर पर पूजा पंडालों में दर्शनार्थियों की उमड़ी जन सैलाब

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर**

(औरंगाबाद)महानवमी के अवसर पर नबीनगर में दुर्गा पूजा पंडालों में जन सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में हवन-पूजन किया और कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है, जो भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान,







शक्ति और दिव्य शक्तियां प्रदान करती हैं। महानवमी पर कन्या पूजन का विशेष महत्व है। भक्तों ने नौ कन्याओं को भोजन कराकर देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया।दुर्गा पंडालों में हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने आहुतियां अर्पित कर शांति और मंगल की कामना की।वहीं नबीनगर के मंगल बाजार,अनुग्रह नारायण स्टेडियम,दुखहरनी मंदिर पड़ा मोहल्ला,जनकपुर पोखरा मे महानवमी के अवसर पर माता रानी के पूजन और दर्शन के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा।वहीं अनुग्रह नारायण स्टेडियम में मेला महिलाओं खासकर बच्चों में आकर्षण का केंद्र रहा।मेले में मनोरंजन के लिए झूला,चरखा का लोगो ने खूब आनंद उठाए।

# नगर परिषद बरगवा मे हो रहा है कर्मचारियों का शारीरिक एवं मानसिक शोषण

**समाज जागरण**

अमलाईःजबसे नगर परिषद बरगवा अमलाई का गठन हुआ है तरह तरह के भ्रस्टाचार और मनमानी पूर्ण रवैया चल रहा है,यहां कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी अधिकारियो के प्रतारणा झेल रहे हैं, आलम यह है की यहां श्रमिक कानून का उलंघन खुले आम चल रहा है स्थिति यह है की कर्मचारियों के हित का ई पी एफ का पैसा तक नहीं जमा किया जा रहा है,अगर कोई दुर्घटना हो जाये तो बीमा राशि भी नहीं जमा की जा रही है।यहां के मजदूरों की जिम्मेदारी कौन लेगा,जब कर्मचारियों के द्वारा अपने हितो की बात की जाती है तो उन्हे नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है,ताजा मामला यह है की जब आउटसोर्स कर्मचारियों के द्वारा अपने हितो के लिए बात की गयी तो प्रभारी के द्वारा यह कहा गया की अगर यहां काम करना है तो 24 घंटे भी काम देना पड़ेगा नहीं तो नौकरी छोड़ दो।ये विवश कर्मचारी अपनी समस्या लेकर कहाँ जाये,जिम्मेदार अधिकारी कोई सुध नहीं ले रहे है,ज्ञात हो की यहां के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तीन नगरीय निकाय के प्रभारी है तो उनके द्वारा यहाँ के काम मे उदासीनता बरती जा रही है।

# नगर परिषद बरगवा मे हो रहा है कर्मचारियों का शारीरिक एवं मानसिक शोषण

**समाज जागरण**

अमलाईःजबसे नगर परिषद बरगवा अमलाई का गठन हुआ है तरह तरह के भ्रस्टाचार और मनमानी पूर्ण रवैया चल रहा है,यहां कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी अधिकारियो के प्रतारणा झेल रहे हैं, आलम यह है की यहां श्रमिक कानून का उलंघन खुले आम चल रहा है स्थिति यह है की कर्मचारियों के हित का ई पी एफ का पैसा तक नहीं जमा किया जा रहा है,अगर कोई दुर्घटना हो जाये तो बीमा राशि भी नहीं जमा की जा रही है।यहां के मजदूरों की जिम्मेदारी कौन लेगा,जब कर्मचारियों के द्वारा अपने हितो की बात की जाती है तो उन्हे नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है,ताजा मामला यह है की जब आउटसोर्स कर्मचारियों के द्वारा अपने हितो के लिए बात की गयी तो प्रभारी के द्वारा यह कहा गया की अगर यहां काम करना है तो 24 घंटे भी काम देना पड़ेगा नहीं तो नौकरी छोड़ दो।ये विवश कर्मचारी अपनी समस्या लेकर कहाँ जाये,जिम्मेदार अधिकारी कोई सुध नहीं ले रहे है,ज्ञात हो की यहां के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तीन नगरीय निकाय के प्रभारी है तो उनके द्वारा यहाँ के काम मे उदासीनता बरती जा रही है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला मंडल धनपुरी में संपन्न

**समाज जागरण विजय तिवारी**

धनपुरी । भारतीय जनता पार्टी मंडल धनपुरी में प्रदेश अध्यक्ष माननीय हेमंत खंडेलवाल के निदेर्शानुसार जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत पर मंडल धनपुरी में कार्यशाला आयोजित हुआ जिसमें मंडल प्रभारी व जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने मंडल के सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कार्यशाला में उपस्थित कार्यकताओं को बताया कि वर्तमान समय में भाजपा द्वारा लोकल फॉर वोकल में देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना साथ ही आस पास के सभी लोगों को स्थानीय निर्मित वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग हो इसके लिए प्रेरित करना अपने स्थानीय दुकानदारो से क्रय करना व एक दूसरे का सहयोग से आत्मनिर्भर बनना। उन्होंने यह भी कहा कि आत्म निर्भर भारत से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर मिलेंगे ।मंडल के महामंत्री दीपक राय ने आज की कार्यशाला में संबोधित करते हुए बताया कि आत्म निर्भर भारत से ही स्वदेशी का अभियान सफल होगा आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभर रहा है ऐसे में कई बड़े देश भारत का विकास होते नहीं




देखना चाहते हैं जिस कारण कई तरह के प्रतिबंध लगा कर और आवश्यक सामग्री के आयात पर रोक लगाकर विकास की गति रोकना चाह रहे जिसका निदान अब आत्मनिर्भरता से ही होगा हम अपने उपयोग की वस्तुएं खुद बनाए और स्वदेशी अपनाए मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा ने स्वागत भाषण में कहा कि आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम को मंडल में प्रभारी ढंग से क्रियान्वित किया जाएगा और बृहद जनजागरण अभियान चला कर स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा ।बैठकमे उपाध्यक्ष आनंद कचेर ,पूर्व मंडल अध्यक्ष संजू चंदवानी मंचासिन रहे। कार्यक्रम में जगदीश सेन, चंद्रप्रकाश गुप्ता, श्रीमती पूजा कोल, श्रीमती अंजना रजक ,श्रीमती लक्ष्मी इमलिया ,भोला पनिका , नीरज पाल , देवीदीन दहिया , भूपेंद्र सिंह , अशोक मिश्रा , देवेंद्र दाहिया , ऋषि शर्मा , रोहणी दहिया , कमल पाठक , राजकुमार कोल,गुड्डू दहिया , विनय सिन्हा , पुरुषोत्तम गुप्ता सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।बैठक के अंत में सुरेश विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम ,बैठक का सफल संचालन मंडल महामंत्री सचिन दाहिया ने किया

# "मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत दुद्धी में 'पिंक बूथ' का भव्य उद्घाटन – महिला सशक्तिकरण की ओर एक सशक्त कदम"

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति 5.0' के अंतर्गत थाना दुद्धी क्षेत्रान्तर्गत कस्बा दुद्धी में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक 'महिला सहायता केंद्र झ पिंक बूथ' का आज भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा फीता काटकर पिंक बूथ का उद्घाटन किया गया एवं उपस्थित जनसमूह को महिला सुरक्षा, जागरूकता और अधिकारों के प्रति प्रेरित करते हुए एक उत्साहवर्धक वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि ह्लपिंक बूथ नारी शक्ति को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत पहल है। यह केंद्र महिलाओं को न केवल सहायता देगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी दुद्धी, प्रभारी निरीक्षक दुद्धी, महिला थानाध्यक्ष दुद्धी सहित स्थानीय सम्भ्रान्त नागरिक, महिलाएं, एवं स्कूलों की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।




सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। पिंक बूथ में महिलाओं के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है जो घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध जैसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करेंगी एवं उचित मार्गदर्शन भी देंगी। इस अवसर पर छात्राओं व महिलाओं के बीच जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए और उन्हें पुलिस सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। "मिशन शक्ति 5.0" के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस महिलाओं को एक सुरक्षित व सशक्त वातावरण प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है, और दुद्धी में पिंक बूथ की स्थापना इसी कड़ी का सशक्त उदाहरण है।

# गरबा उत्सव में थिरकते प्रतिभागियों ने मनमोहक नयनाभिराम प्रस्तुति देकर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अमलाई ।नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 6 स्थित दुर्गा मंदिर चौक में नवरात्र के पावन अष्टमी पर्व पर भव्य डांडिया गरबा कार्यक्रम पवन कुमार चीनी मित्र मंडली द्वारा आयोजित किया गया। स्मरणीय हो कि शारदीय नवरात्रि में यह गरबा नृत्य मां दुर्गा को प्रसन्न करने और नवरात्रि के उत्सव को मनाने का एक माध्यम है' गरबा महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत नगर के गणमान्य नागरिक व समाजसेवियों द्वारा मां दुर्गा का पूजन अर्चन व दीप प्रज्वलित करके महाआरती के साथ की गई। महाआरती में सभी प्रतिभागियों ने एक साथ मिलकर मां के भव्य दरबार में दीपक को हाथों में लेकर मां की भव्य आरती की। इसके बाद गणेश वंदना नृत्य किया गया गरबा कार्यक्रम में लगभग 500 की महोत्सव प्रतिभागियों ने भाग लिया और मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी दर्शको को रोमांचित कर दिया सभी प्रतिभागियों को पवन कुमार चीनी



मित्र मंडली द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया गया । गरबा महोत्सव में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रश्मि खरे, थाना प्रभारी सुंदरेष मरावी, मीणा तंवर ,ज्योति शर्मा , जितेंद्र सोनी, शिवरतन वर्मा, कांग्रेस नेता सुजीत सिंह चंदेल, अरविंद नायक, व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप पुरी , वार्ड क्रमांक 6 पार्षद सुंदर बई विश्वकर्मा, पार्षद रंजन सोनी, सौरभ कोरी, प्रीति साहू ,अर्चना यादव, रामनारायण उरमलिया, चंद्रिका द्विवेदी, संदीप पुरी ,सोनू आहूजा, अजय यादव, रवि दुबे पत्रकार कैलाश लालवानी, विजय तिवारी, राजीव रावत, दीपक सिंह, ज्ञानेंद्र पांडे ,जीवन यादव, सूरज श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को अंतिम रूप प्रदान करने में पार्षद पवन कुमार चीनी ,संजय ओटवानी ,अजय दहिया मयंक सिंह ,सनी केसरवानी, राहुल सिंह, राजेश यादव ,हरि मौर्य, सैफ रिजवी, संदीप पांडे ,अशोक डोडवानी, प्रमुख योगदान रहा। समाजसेवी एवं पार्षद चीनी ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों,दर्शकों, समिति के सदस्यों ,पत्रकार बंधुओ, मुख्य रूप से पुलिस प्रशासन का अंतर्मन से धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यक्रम का सफल संचालन सूरज श्रीवास्तव ने किया।

# "माँ शैलपुत्री पदयात्रा का अमलाई में होगा भव्य स्वागत पवन चीनी ने लोगों से की अपील, कहा आएं और भक्तों का करें अभिनंदन"

**समाज जागरण**

अमलाई । कोतमा से मैहर धाम तक निकलने वाली माँ शैलपुत्री भक्त मंडल की विशाल पद रथ यात्रा का मार्ग भर स्वागत व अभिनंदन हो रहा है। इसी कड़ी में इस यात्रा को अमलाई स्थित बापू चौक पर चीनी मित्र मंडली के द्वारा विशेष रूप से रोका जाएगा, जहाँ श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी व विश्राम की व्यापक व्यवस्था की गई है। मंडली द्वारा दो दिन से लगातार तैयारी चल रही है, जिसमें टेंट लगाने से लेकर पूरे कुरुक्षेत्र की सफाई तक का काम पूरा किया जा चुका है।

मंडली के प्रमुख पवन चीनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा में शामिल भक्तों को यहाँ पर विशेष सत्कार मिलेगा और श्रद्धालुओं के लिए दिन-रात भोजन पानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि माँ शैलपुत्री का आशीर्वाद पाने और यात्रा का स्वागत करने का यह अवसर अद्वितीय है, जिसमें पूरे बुढार, धनपुरी और अमलाई क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर भाग लें। पवन चीनी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सभी लोग आकर श्रद्धा-भाव से माँ के भक्तों का अभिनंदन करें और स्वागत की इस परंपरा में शामिल होकर पुण्य अर्जित करें।

यात्रा के अमलाई पहुँचने पर यहाँ बैंड-बाजे की धुनों और पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया जाएगा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिसके मद्देनजर मंडली द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जगह-जगह पेयजल, ठहराव, टेंट और भोजन की व्यवस्था कराई गई है ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

यह पद यात्रा कोतमा नगर से 2 अक्टूबर को प्रारंभ होकर अनुपपुर, बुढार, शहडोल, पाली, उमरिया, चंदिया, कुँआगांव, बरही, बदेरा होते हुए 8 अक्टूबर को मैहर धाम पहुँचेगी। वहाँ भक्त माँ शारदा देवी के दर्शन करेंगे और विशेष पूजन-अर्चन के बाद वापसी होगी।

गौरतलब है कि यह धार्मिक यात्रा वर्षों से लगातार निकाली जा रही है, जिसमें हर बार क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं और माता रानी के दरबार में पहुँचकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस बार भी यात्रा को लेकर लोगों में गहरी आस्था और उत्साह है। पवन चीनी ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि आएं, भक्तों का स्वागत करें, आशीर्वाद लें और इस पुण्य यात्रा के साक्षी बनें।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है विजयदशमी का पर्वः दिलीप पांडे

**समाज जागरण**

भारत भूमि उत्सवों की भूमि है। यहां प्रत्येक पर्व न केवल वो धार्मिक आस्था से जुड़ा होता है, बल्कि जीवन मूल्यों और सामाजिक संदेश का वाहक भी होता है। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा कि इन्हीं पावन पर्वों में से एक है विजयदशमी, जिसे दशहरा भी कहा जाता है। यह पर्व आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। विजयदशमी का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत गहरा है। विजयदशमी का सबसे प्रमुख कारण है—मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की लंका पर विजय। रामायण के अनुसार, जब रावण ने माता सीता का हरण किया, तब श्रीराम ने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए असत्य और अधर्म के प्रतीक रावण का वध किया। यह घटना इस तथ्य को सिद्ध करती है कि चाहे असत्य कितना भी बलवान क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की विजय निश्चित है।भारत के कोने-कोने में इस दिन अलग-अलग तरीके से उत्सव मनाया जाता है। कहीं पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन कर असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया जाता है, तो कहीं पर शक्ति की आराधना के रूप में इसे मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय के दिन के रूप में भी मनाया जाता है। बंगाल और पूर्वी भारत में यह पर्व दुर्गा विसर्जन के रूप में समाप्त होता है, जहां भक्त माता दुर्गा को विदा कर अगले वर्ष पुनः आने का आमंत्रण देते हैं।विजयदशमी हमें केवल ऐतिहासिक घटनाओं की याद नहीं दिलाती, बल्कि यह संदेश देती है कि प्रत्येक इंसान के भीतर भी एक रावण छिपा होता है—क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, अहंकार और अन्य दुगुर्णों के रूप में। इस दिन का पावन अवसर हमें प्रेरित करता है कि हम इन बुराइयों का दहन करें और अपने जीवन में अच्छाइयों को स्थान दें। यह पर्व समाज को भी एकजुट करने का कार्य करता है। रामलीला के मंचन, मेले, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक उत्सव लोगों के बीच भाईचारा और उत्साह का संचार करते हैं। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएँ सभी मिलकर इस अवसर को उल्लासपूर्वक मनाते हैं। आज के युग में विजयदशमी का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। आधुनिक जीवन की भाग-दौड़ और प्रतिस्पर्धा में हम अक्सर नैतिक मूल्यों को भूल जाते हैं।

ऐसे में यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि शक्ति तभी सार्थक है जब उसका प्रयोग धर्म और न्याय के लिए किया जाए। विजयदशमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का अवसर है। अतः, विजयदशमी का पर्व हमें यह सिखाता है कि चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो, यदि हम सत्य और धर्म के मार्ग पर चलें, तो विजय निश्चित रूप से हमारी होगी। श्री पांडे ने कहा कि इस पर्व का सनातन संदेश है,सत्यमेव जयते।

# आदिवासी अंचल के बच्चों को मिली सौगात, विद्यालय में लगा आरओ फिल्टर

**प्यासे को पानी पिलाना ही सच्चा धर्म, बच्चों और शिक्षकों ने जताया आभार**

**समाज जागरण**

शहडोल। आदिवासी अंचल के अमलाई क्षेत्र स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों और शिक्षकों के लिए एक बड़ी सौगात दी गई है। पशु चिकित्सक डॉ. विशाल पुरी के प्रयासों और विर्बेक एनिमल हेल्थ कंपनी के सहयोग से विद्यालय में आरओ जल फिल्टर लगवाया गया। अब विद्यालय के बच्चे और शिक्षक शुद्ध एवं स्वच्छ जल का सेवन कर सकेंगे। इस सुविधा से विद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राचार्य एक्का मैडम सहित शिक्षक सत्यकुमार त्रिपाठी, जी.एल. साकेत, वर्षा ठाकुर, प्रमिला जांगड़े, स्वाति दासिया, जमीला अहमद, लाल बहादुर नाई और श्री एल.पी. सिंह मौजूद रहे। सभी ने इस सराहनीय पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यदि समाज के लोग इसी तरह आगे आएँ तो ग्रमीण और



आदिवासी क्षेत्रों के विद्यालयों का कायाकल्प हो सकता है।

विद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि यह सहयोग हमारे विद्यालय और बच्चों के लिए अमूल्य योगदान है। अब तक बच्चों को स्वच्छ जल न मिलने से अनेक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आरओ फिल्टर लगने से बच्चों का स्वास्थ्य सुधरेगा और वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे पाएंगे। इस अवसर पर डॉ. विशाल पुरी ने कहा, पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है। प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। यदि हमारे छोटे से प्रयास से बच्चों को शुद्ध जल मिल पाता है और वे स्वस्थ रह पाते हैं, तो यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। भविष्य में भी हम विद्यालय की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। बच्चों ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें बीमारियों से निजात मिलेगी और गर्मी के दिनों में भी ठंडा व शुद्ध पानी उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने तालियों से आभार व्यक्त किया और शिक्षकों ने भी इसे प्रेरणादायक कदम बताया। यह सहयोग केवल विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे अंचल के लिए प्रेरणा बना है। जब समाज का प्रत्येक वर्ग पीड़ित मानवता की सेवा में आगे आएगा, तभी सच्चे अर्थों में शिक्षा और स्वास्थ्य का स्तर ऊँचा उठ सकेगा।

# व्यवहारी जनपद में जनपद अध्यक्ष एवं सहायक यंत्री पर आरोप प्रत्यारोप

**समाज जागरण शहडोल**

सरकारों का अपना एक मोनोपल्ली है जैसे ही सत्ता में दस्तक देने के बाद से ही प्रशासनिक अधिकारियों पर अपनी मर्जी थोपना शुरू हो जाता है पिछले चार दशक से मप्र में भाजपा सरकार है जहाँ बूथ स्तर से लेकर मण्डल,जिला और प्रदेश स्तर कार्यकर्ताओ,व मुखिया का चयन संगठन द्वारा किया जाता है संगठन के नेतृत्व के साँथ इनका अपना विकास भी शुरू हो जाता है जहाँ इन कथित खादीधारियो द्वारा शासकीय सेवको पर दबाव बनाकर तमाम तरह के अनर्गल कार्यो को शासकीय दायरे में उच्च व गुणवत्तापूर्ण होने का मूल्यांकन कराया जाता है ऐसे समय मे यदि शासकीय सेवक इनके झाँसे में आकर इनके उन भ्रष्टाचार पर अपना मुहर लगा दे तब तक तो तालमेल ठीकठाक रहता है किंतु जैसे ही सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी का आत्मसम्मान इनके आड़े आया वैसे ही इन खादीधारियों का अपना अलग ईगो हर्ट होने लगता है और तब शुरू होता है सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ तबादला भ्रष्टाचार का षडयंत्र ऐसा ही एक मामला शहडोल जिले के ब्यौहारी जनपद अन्तर्गत आया है जहाँ सहायक यंत्री द्वारा अध्यक्ष के भ्रष्टाचार पर अपने यांत्रिकी विभाग की तकनीकी मूल्यांकन का हस्ताक्षर नही देने पर सहायक यंत्री के खिलाफ आवाज उठाने लगी और उन्हें भ्रष्टाचार का मुखौटा पहनाया जाने लगा।

**मामला पहुँचा पुलिस अधीक्षक के पास...**

जनपद ब्योहारी अन्तर्गत विजय सिंह, सहायक यंत्री के पद पर पदस्थ हैं उनके साँथ हुए अभद्र और अशिष्ट व्यवहार पर इंजिनियर्स असोसिएशन की टीम एसपी कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन दिए हैं।

ज्ञापन में उल्लेख है कि हम सभी इंजिनियर्स का राष्ट्र के निर्माण में का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहता है। परन्तु दिनो दिन अभियंताओं के साथ अत्याचार के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिसके कारण अभियंताओं में भय का माहौल व्याप्त है। जिससे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान शतप्रतिशत नही दे पा रहे हैं। वर्तमान में अपने शहडोल जिला अंतर्गत जनपद पंचायत ब्यौहारी में पदस्थ सहायक यंत्री विजय सिंह के ऊपर जनपद अध्यक्ष पति विपेन्द्र सिंह द्वारा गलत कार्यों को करने के लिये कई दिनों से दबाव बनाया जा रहा था एवं धमकी भी दी जा रही थी। गलत कार्यों को न करने पर बीते दिनांक 29.09.2025 को दोपहर समय 2.45 बजे अध्यक्ष पति विपेन्द्र सिंह अचानक कार्यालयीन चेम्बर (शासकीय कार्यों को निर्वहन करते समय) में आकर गाली गलौच करने लगे और मारने की धमकी भी देने लगे। गाली देने का कारण पूछे जाने पर उन्होंने नहीं बताया, माहौल को शांत करने के लिये श्री विजय सिंह अपने चेम्बर से बाहर निकलने लगे तब कार्यालय के बाहर पोर्च के सामने पीछा करते हुये आये और पुनः गाली गलौच करते हुये अपनी कार से जानलेवा हमला करने के लिये हथियार निकालने लगे, तब कार्यालय में उपस्थित लोगों द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। फिर भी यह नहीं माने और गाली गलौच करते हुये अपने पत्नी को गारने के लिये उकसाने लगे कि तुम इसे (विजय सिंह) को मारो। जो भी मुकदमा होगा उसे मैं देख लूंगा। उसके पश्चात विजय सिंह वहा से किसी तरह जान बचाकर निकल गये। यह कोई पहला मामला नही है जब अधिकारी, कर्मचारी कथित नेताओं की राडार में रहते हैं इससे पूर्व इसी भांति बीते वर्ष म०प्र० के राजगढ़ जिले में एक अभियंता साथी को जनपद अध्यक्ष पति अध्यक्ष के चेम्बर में बुलाकर दरवाजा बंद करके मारपीट किया गया है। अपराधी आज भी खुलेआम घूम रहा है।

अतः महोदय से निवेदन है कि उपरोक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाय। जिससे इस प्रकार की घटना भविष्य में घटित न हो तथा शासकीय कर्मचारी / अधिकारी निडर एवं निर्भय होकर शासकीय कार्यों का निर्वहन कर सके।

**यह लिखा अध्यक्ष ने...**

मैं जनपद अध्यक्ष आकांक्षी प्रीतू सिंह ब्यौहारी से मेरे साथ जनपद में पदस्थ सहायक यंत्री विजय सिंह द्वारा मेरे साथ अभद्रता एवं बदतमीजी एवं गाली गलौच किया गया बोला गया कि आपकी कोई औकात नहीं है आपके जैसे हमने बहुत अध्यक्ष देखे हैं क्योंकि हम एक महिला हैं इसलिए हमारे साथ ऐसा होता है इनको हटाने के लिए मेरे द्वारा एक साल से कई बार कलेक्टर महोदय जिला पंचायत सी ई ओ महोदय से निवेदन एवं लेटर दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई इनके द्वारा मुझे एवं मेरे पति को झूठे केस एसटी,एससी केस में फंसा देने कीधमकी दी जा रही है कि हम आपको फसा देंगे और आपका कोई नहीं सुनता तो हमारा कुछ नहीं होगा हमारे साथ बड़े-बड़े लोग जुड़े हुए हैं हमारा कुछ नहीं होगा जिसका आवेदन मेरे द्वारा थाना प्रभारी जी को 29.09..2025को दे दिया गया है।

**इनका कहना है...**

मेरे द्वारा इनके द्वारा कराए जा रहे गलत निर्माण कार्यो को पास न करने और मूल्यांकन न करने के कारण ये मेरे से द्वेष रखती है और मैं जब सीईओ पद पर था तब भी मेरे चैम्बर पर आकर मुझे इनके पति मारने की कोशिश किए थे,फिलहाल मैं एसपी साहब को ज्ञापन दे आया हूँ,आगे जो विधिसंगत होगा वह वरिष्ठ अधिकारी जानें...विजय सिंह सहायक यंत्री ब्योहारी इनसे सम्पर्क नही हो पाया,जनपद अध्यक्ष आकांक्षी सिंह

# उत्पादकता आधारित बोनस में भेदभाव के खिलाफ आंदोलन करेंगे रेल कर्मचारी : राकेश मणि

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। रेल मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष, राकेश मणि पाण्डेय ने रेल व भारत सरकार पर रेल कर्मचारियों को उत्पादकता आधारित बोनस देने के परिप्रेक्ष्य में धोखा देने व गुमराह करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने यहां बताया कि रेलवे कर्मचारियों को विगत वर्षों की तुलना में उसके सापेक्ष ना केवल कम धनराशि बोनस की निर्धारित की गयी है बल्कि तमाम कर्मचारियों को इससे वंचित भी कर दिया गया है। रेल मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष, राकेशमणि पाण्डेय ने कहा कि ऐसा करना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि रेल कर्मचारियों के साथ सरकार द्वारा एक क्रूर मजाक भी है। इस अन्याय के खिलाफ रेल मजदूर यूनियन भारत सरकार व रेल मंत्रालय के प्रति निन्दा प्रस्ताव भी पारित किए जाने की जानकारी देते हुए रेल मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष, राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि इस पारित प्रस्ताव के तहत रेलवे के सभी जोनों में विरोध प्रदर्शन व ज्ञापन दिये जायेंगे। रेल मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष राकेशमणि पाण्डेय व क्षेत्रीय महामंत्री लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में रेल मजदूर यूनियन की ओर से रेलवे और भारत सरकार की वादा खिलाफी व धोखा देने की कटु निन्दा करने के साथ-साथ पूरे भारत के रेलवे जोन में इसके खिलाफ संघर्ष किये जाने के निर्णय की भी घोषणा की और बताया कि दिए गए निर्णय के अनुरूप रेलवे कर्मचारियों द्वारा काला फीता बांधकर कार्य करने, अवकाश के समय पर गेट मीटिंग कर निन्दा प्रस्ताव पास करने तथा आम जनता को सरकार द्वारा बरती जा रही अनियमित्ता और रेल कर्मचारियों के साथ दोहरी नीति का कृत्यों की जानकारी आम जनता को भी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त रेल कर्मचारियों की यूनियनों द्वारा भी उदासीनता अपनाने, रेल कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय पर मूक दर्शक बने रहने और संगठन को सरकार के हाथों गिरवी रखने के खिलाफ आवाज उठाने के साथ ही रेलवे कर्मचारियों को आगाह भी किया जायेगा।

रेल मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष राकेशमणि पाण्डेय व क्षेत्रीय महामंत्री लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल ने यह भी कहा कि मान्यता प्राप्त यूनियनें केवल स्वयं स्वयंभू चाटूकारता के चलते सरकार के संरक्षण में खड़ी रहती हैं और इसीलिए विगत 08 बार 80 प्रतिशत हड़ताल के पक्ष में वोट लेकर अन्तिम समय में हड़ताल से अलग होने का निर्णय लेकर कर्मचारियों के हितों पर सरे आम कुठाराघात किया है। राकेशमणि पाण्डेय व लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल ने सरकार व रेल मंत्रालय से उत्पादकता आधारित वास्तविक बोनस का आकलन करने और उसे परिवर्तनीय बोनस के रूप में भुगतान किये जाने की भी जोरदार मांग करते हुए बताया कि आम रेल कर्मचारियों को भी इस सम्बन्ध में जागरूक करने का कार्य रेल मजदूर यूनियन करेगी और इसके लिए प्रत्येक माह एक सप्ताह का जन जागरण 31 मार्च तक चलाया जायेगा।

दोनों नेताओं ने बताया कि इसके पश्चात दिल्ली स्थित रेल भवन पर एक विशाल रैली का भी आयोजन किया जायेगा,

जिसमें रेल कर्मचारियों की वास्तविक व ज्वलन्त मांगों पर निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपे भी जाएंगे। ताकि रेलवे की वास्तविक उत्पादकता बोनस का लाभ समुचित रूप सभी कर्मचारियों को मिल सके।

# निगोहा का बाल दशहरा मेला आज

**तीसरी आंख की नजर में रावण का बध करेंगे राम पूरा मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरों से हुआ लैस**

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां कस्बे में दशहरा पर्व पर लगने वाला बाल दशहरा मेला 2 अक्टूबर गुरुवार को तीसरी आंख की निगरानी में सम्पन्न होगा जहाँ विभीषण का किरदार निभाने वाले उस्मान मियां 52 फुट ऊंचा रावण जलाने में राम की मदद करेंगे वही जवाबी आतिशबाजी के साथ देर रात तक लोग रंगारंग कार्यक्रमों का लुफ्त उठाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए मेला प्रबंधक संजीव शुक्ला ने बताया कि दशहरा पर्व पर लगने वाले एक दिवसीय बाल दशहरा मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई है गुरुवार शाम 3 बजे उन्नाव की मशहूर आल्हा सिंगर काजल सिंह ओर से आल्हा प्रस्तुत कर कार्यक्रम प्रारम्भ होगा जहां शाम6 बजे रामलीला मंचन से पहले भगवान राम की भव्य आरती होगी इस महा आरती में डीसीपी लखनऊ व एसीपी मोहनलालगंज शामिल होंगे।इसके बाद स्थानीय हिन्दू मुस्लिम वर्ग के युवाओं के द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।वही रात11 बजे 52 फुट का रावण दहन के साथ जवाबी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा जिसमे कई जिलों से आतिशबाज भाग लेंगे विजयी होने



वाले आतिशबाज को पुरस्कृत किया जाता है इसके साथ ही निगरानी के लिए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे लगाये गए। भारीभरकम भीड़ होने के कारण जगह जगह एलईडी टीवी लगाए गए हैं।निगोहा कस्बे में लगने वाले बाल दशहरा मेले में लगभग 50 हजार की भीड़ दूरदराज से आती है।

**सज गई दुकानें -----**

शनिवार को लगने वाले मेले में लखनऊ रायबरेली उन्नाव जिले से आये व्यापारियों ने दुकानें लगा दी है।वही मेले में विभिन्न प्रकार के आये झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि सुरक्षा के लिये कड़े इंतजाम किये गये है।

इसके लिए पीएसी बल के अलावा फायर ब्रिगेड व कई थानो से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मेले में डीसीपी व एसीपी मोहनलालगंज भी मौजूद रहेंगे।

# एक दिन की थानाध्यक्ष प्रियांशी ने थाने का निरीक्षण कर महिलाओं को अधिकारों की दी जानकारी,

घायल की कराई रिपोर्ट दर्ज, बिना हेलमेट थ्री राइड बाइक सवारों को दी चेतावनी



**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

एका :मुख्यमंत्री के मिशन फेस फाइव पर पुलिस अधीक्षक के आदेश से थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने महर्षि परशुराम शिक्षण संस्थान, एका कक्षा 11 की छात्रा प्रियांशी मिश्रा को एक दिन की थाना प्रभारी बनाया।

प्रियांशी ने थाना परिसर पहुंचते ही कंप्यूटर कक्ष और मिशन शक्ति केंद्र,हेल्प डेस्क, पुलिस बैरक हवालात का निरीक्षण किया। महिला कांस्टेबलों से बातचीत कर उन्होंने थाने में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। सीसी ऑपरेटर राजकुमार सिंह ने कंप्यूटर पर चलने वाली जीडी के बारे में जानकारी दी। महिला कांस्टेबल नव्या सृष्टि बेवी ने महिला उत्पीड़न ,एफ आईआर, धार्मिक कार्यक्रम, रजिस्टर का निरीक्षण कराया। नगला मान्धाती से पारिवारिक झगड़े में घायल व्यक्ति का मेडिकल कराके एफआईआर कराई। जमीनी विवाद के झगड़े में आई शिकायत पर सुजायतपुर में तत्काल पुलिस भेजी।

इसके बाद प्रियांशी पुलिस बल के साथ बाजार में उतरीं और चौराहे पर थ्री राइड बिना हेलमेट बाइक चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा। वहीं चोरहे पर महिलाओं को मिशन शक्ति फेस-फाइव की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्हें कई छिट पुट लड़ाई झगड़ा की घटनाओं की कॉल्स मिलीं, जिन पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की।

प्रियांशी ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पुलिस का काम बेहद कठिन है लेकिन जनता की सेवा का संतोष इसमें सबसे बड़ा पुरस्कार है। थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस पहल से बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे पुलिस कार्यप्रणाली को करीब से समझ पाती हैं। वहीं प्रियांशी के पिता राजू मिश्रा ने बेटी को थाना अध्यक्ष बनने पर गर्व जताया और कहा कि यह अनुभव उसके जीवन के लिए प्रेरणादायक रहेगा!

# हिन्दी साहित्य की पाँच काव्य पुस्तकों का एक साथ विमोचन

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! हिन्दी समर्थक मंच लोनी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित स्थानीय सरस्वती इंटर कॉलेज में 14 सितम्बर 2025 हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर विमोचन समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें हिन्दी साहित्य की पाँच काव्य पुस्तकों का विमोचन हुआ।




उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजयपाल कौशिक स्थानीय साहित्यकार एवं कॉलेज प्रबंधक, हिंदी समर्थक मंच के संस्थापक एवं प्रख्यात साहित्यकार अतर सिंह प्रेमी एवं स्थानीय साहित्यकारों में राजीव गोयल रॉकी कौशिक सत्यवली पंकज एवं ग्राम कैरुआ जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश से पधारे सुकवि श्री प्रभुदयाल स्वर्णकार 'प्रभु'जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत अतर सिंह प्रेमी द्वारा रचित प्यारा बचपन(बाल कविता संग्रह) दूसरी पुस्तक सबके प्यारे राम (साझा काव्य संग्रह) संपादक श्री अतर सिंह प्रेमी जी तीसरी पुस्तक शब्द सवेरा (साझा काव्य संग्रह) संपादक श्री अतर सिंह प्रेमी जी एवं चौथी पाँचवी पुस्तक श्री प्रभुदयाल स्वर्णकार 'प्रभु' जी द्वारा रचित पद्य पराग (काव्य संग्रह) श्री राम वन गमन (खंडकाव्य) का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि विजयपाल कौशिक ने समस्त पुस्तकों के सन्दर्भ में सारगर्भित उद्गार प्रकट किए ।उक्त आयोजन में अनेक गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय की समस्त छात्र, छात्राओं की भी उपस्थिति रही।

# बरसात में गरीब का गिरा आशियाना

प्रधान और लेखपाल से कई बार गुहार लगा चुका था ग्रामीण!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद थाना जसराना के गांव मोहम्मदपुर पाढम मैं मंगलवार को हो रही बारिश तथा गड़गड़ाहट के साथ चमक रही बिजली के कारण एक गरीब का आशियाना मंगलवार की रात भर भरा कर गिर गया जिससे किसान सड़क



पर रहने को मजबूर है मोहम्मदपुर पाढम निवासी नीरपाल पुत्र हजारीलाल का कच्चा मकान था मंगलवार की रात हो रही बारिश के कारण मकान मैं पानी टपकने लगा मंगलवार की रात वह अपने परिवार के साथ कमरे में सो रहा था तभी अचानक कमरे की मिट्टी गिरने लगी मिट्टी की आवाज सुन नीरपाल अपने परिवार के लोगों के साथ कमरे से बाहर निकल गया इतनी देर में ही मकान भरभरा कर गिर गया और घर का सारा सामान मिट्टी में दब गया देव योग से सभी लोग सुरक्षित बच गए नीरपाल इसकी जानकारी ग्राम प्रधान और लेखपाल को दी परंतु दोनों में से कोई भी देखने नहीं आया नीरपाल ने बताया उसने कई बार प्रधान और लेखपाल से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने के लिए पंजीकरण कराया था परंतु उसे आज तक कोई सुविधा नहीं मिली जिससे वह अपने परिवार के लिए छत मुहैया करा सके और नीरपाल ने प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान बनवाने की गुहार लगाई है!

# शिक्षकों ने की गुब्बारे छोड़कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग

8 वें वेतन आयोग की मांग तेज, 9 नवम्बर को दिल्ली में होगा आंदोलन

बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारियों ने जुटकर एके कालेज में किया प्रदर्शन



**समाज जागरण**

शिकोहाबाद। नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के आह्वान पर ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन द्वारा नगर शिकोहाबाद सहित देशभर के सौ शहरों में बुधवार को ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद के सैकड़ों की संख्या में शिक्षक व कर्मचारी एके महाविद्यालय में एकत्रित हुए और हाथों में मांगों की तख्तियों के साथ हजारों गुब्बारे छोड़कर अपनी आवाज सरकार तक पहुँचाने का प्रतीकात्मक रूप से प्रयास किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों और शिक्षकों ने तीन प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और कहा कि अब उन्हें और लंबे समय तक अनदेखा नहीं किया जा सकता। फेडरेशन की मुख्य तीन मांगें हैं 8वें वेतन आयोग का शीघ्रतम गठन, सेवारत शिक्षकों हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए और पुरानी पेंशन योजना ओपीएस को बहाल किया जाए।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक हर्षित ने कहा कि सरकार कई बार कर्मचारियों और शिक्षकों की जायज मांगों को टाल रही है। 8वां वेतन आयोग का गठन अब वक्त की मांग है। ओपीएस बहाली कर्मचारियों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का सवाल है तथा सेवारत शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा नियुक्ति के समय सभी अधिमान्य अर्हताएं पूर्ण करने के उपरांत टीईटी उत्तीर्ण करने जैसी बाध्यता थोपना उनके अनुभव को नजरअंदाज करने और शिक्षकों द्वारा किए गए श्रम का अपमान है।

यदि सरकार ने सहानुभूतिपूर्वक मांगों पर विचार करते हुए ठोस कदम नहीं उठाया तो यह आंदोलन शीघ्र ही देश भर में तेज किया जाएगा। अन्य वक्ताओं में महासचिव अनिल कुमार, संगठन मंत्री अवनीन्द्र यादव ने भी अपने विचार रखे। फेडरेशन के सह सचिव अरुण कुमार ने स्पष्ट कहा कि यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। 9 नवम्बर को दिल्ली में विशाल धरना.प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर से शिक्षक और कर्मचारी शामिल होंगे। बुधवार का ध्यानाकर्षण कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। गुब्बारे छोड़ते समय कर्मचारियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से नारे लगाए और अपनी मांगों को सरकार तक पहँचाने का संकल्प दोहराया। राज्य स्तर से लेकर देशभर में इस कार्यक्रम को व्यापक समर्थन मिला। कार्यक्रम में मनीष यादव,उदय प्रताप,चंद्रहंस,विश्वनाथ,रजत सिंह, राजेश कुमार समेत सैकड़ों शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा -सशक्तिकरण हेतु रन फॉर एम्पॉवरमेंट का आयोजन

**समाज जागरण कासगंज।**

जिलाधिकारी कासगंज प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत सोमवार को ह्यरन फॉर एम्पॉवरमेंट का आयोजन किया गया। इस दौड़ का उद्देश्य महिलाओं



और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के संदेश को समाज तक पहुँचाना रहा। राजकोल्ड चौराहे से प्रारंभ होकर रिजर्व पुलिस लाइन गेट तक निकाली गई इस दौड़ को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महिला पुलिसकर्मियों, महिलाओं और विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक एवं मिशन शक्ति नोडल अधिकारी सुशील कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन शाहिदा नसरीन, क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक रविन्द्र मलिक सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दी जा रही है। इस प्रकार की गतिविधियाँ समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करती हैं।

## मेजर रामवीर सिंह शिक्षण संस्थान में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

कुछ दिल ने कहा थीम पर छात्राओं ने दी प्रस्तुति



**समाज जागरण**

शिकोहाबाद। मेजर रामवीर सिंह शिक्षण संसथान सेक्टर 2 आवास विकास कॉलोनी शिकोहाबाद में विश्व स्वास्थ्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमे संस्थान के छात्र-छात्राओं ने एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

जिसमे सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं ने भाग लिया। सेमिनार का टाइटल था कुछ दिल ने कहा। इस में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी और अध्यापिकायों ने स्वास्थ्य के महत्तव के बारे में बताया। स्वस्थ केसे रखना हे आदि विषय पर चर्चा की गयी। दिल की बिमारियों के बारे में नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। डा मानवेन्द्र ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत सन 2000 में हुई थी। तभी से हर वर्ष यह मनाया जा रहा है।सेमिनार में ई रामब्रेश यादव डायरेक्टर, प्रबंधक डा. प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुनीता यादव,संस्थान की उपाध्यक्ष प्रियदर्शनी देवी,डा नीतू यादव,डा निशा कुमारी,डा गरिमा यादव,डा जानवी उपस्थित रहे। संबोधन करने वालों में से यशी, सोमन, लक्ष्मी,निशा, मोनिका, गुंजन, विशाल आदि ने प्रति भाग किया। कार्यक्रम के अंत में ई. रामब्रेश यादव ने सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी से स्वस्थ रहने की कामना की।

## कासगंज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत कन्या पूजन, अन्नप्राशन व गोदभराई का आयोजन

**समाज जागरण**



कासगंज, 30 सितम्बर। मिशन शक्ति 5.0 अभियान और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कलेक्ट्रेट रुद्राक्ष सभागार में कन्या पूजन, अन्नप्राशन एवं गोदभराई का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रणय सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सचिन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पाँच शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया, जिसमें जीवन में पहली बार उन्हें अन्न ग्रहण कराया गया। पाँच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 21 कन्याओं का कन्या पूजन और कन्या भोज संपन्न हुआ। कन्याओं और मातृशक्ति का सम्मान करते हुए उन्हें भोजन, मिष्ठान, फल, खिलौने और उपहार प्रदान किए गए।

सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाएँ बेटियों के उज्जवल भविष्य की नींव हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना है कि बेटियाँ आत्मनिर्भर बनकर ही विकसित राष्ट्र का निर्माण करेंगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने कहा कि जनपद में पहली बार इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शारदीय नवरात्रि और अष्टमी पूजन की परंपरा को मिशन शक्ति अभियान से जोड़कर समाज में नारी शक्ति का सम्मान और महत्व बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने सभी माताओं, बहनों और जनप्रतिनिधियों का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएँ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत सीमेंट प्लांट मलावन में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण एटा।**

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण और सम्मान की दिशा में मंगलवार को सीमेंट प्लांट मलावन में शारदीय नवरात्रि की महानवमी के पावन अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड हितेंद्र सिंह एवं एच.आर. हेड रविन्द्र सिंह



ने देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान कन्याओं को भोजन कराया गया और उपहार स्वरूप सामग्री भी भेंट की गई। कन्या पूजन कार्यक्रम में एचओडी विवेक पांडे, आर.के. नागर, धनराज सिंह एवं राजेश रिंगर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने कन्याओं का स्वागत कर मातृशक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। आयोजकों ने कहा कि कन्या पूजन नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह मिशन शक्ति अभियान की भावना के अनुरूप है, जो महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने माँ सिद्धिदात्री से समाज की उन्नति और बेटियों के सम्मान की भावना को सुदृढ़ बनाए रखने की प्रार्थना की।

## डरें नहीं, सहे नहीं पुलिस है आपके साथ : मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण कासगंज।**

महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जनपद कासगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने स्कूल, कॉलेज, बस अड्डों, गांवों और कस्बों में पहुंचकर छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया।



**अभियान का मुख्य संदेश रहा**

डरें नहीं, सहे नहीं, खुलकर कहें अपनी बात; मुसीबत में खाकी है हरदम आपके साथ। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समाज के बदलते स्वरूप के साथ कुछ शरारती तत्व भी सक्रिय रहते हैं, जिनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। धैर्य बनाए रखते हुए तुरंत पुलिस से शिकायत करनी चाहिए। पुलिस हर संभव मदद के लिए तैयार है। 1 अक्टूबर को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों ने प्रभु पार्क कासगंज, प्राइमरी स्कूल भिदौनी (सोरों), प्राइमरी स्कूल भगवन्तपुर (ढोलना), काली अखाड़ा यात्रा सहावर, प्राइमरी स्कूल रसलुआ सुलहपुर (अमांपुर), सोबरन सिंह मेमोरियल जनता इंटर कॉलेज गजौरा (सुन्नगढ़ी), पंचायत भवन हथौड़ाखेड़ा (पटियाली), पंचायत भवन करमपुर (गंजडुण्डवारा), गंगा महारानी मंदिर (सिढ़पुरा), पंचायत भवन बहरोजपुर (सिकन्दरपुर वैश्य) एवं मां शीतला माता मंदिर (महिला थाना क्षेत्र) सहित कई स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान महिला सुरक्षा कानूनों, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, झूठे मुकदमों के दुष्परिणाम, हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं और महिलाओं से कहा कि किसी भी अपराध की जानकारी या शंका होने पर बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें।

## मेडिकल कॉलेज में कन्या पूजन , नवजात बच्चियों को बेबी किट भेंट

**समाज जागरण एटा।**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोमवार को मेडिकल कॉलेज प्रांगण में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी अजय पाल सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवजात बच्चियों का विधिवत पूजन किया गया और उन्हें बेबी किट भेंट की गई। माताओं को भी सम्मानित कर समाज में बेटियों के महत्व और मातृशक्ति के गौरव को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात बच्चियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाना और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नारी सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अलीगंज रोड मंडी परिसर में जाम की समस्या के समाधान हेतु बैठक

**समाज जागरण एटा।**

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को अलीगंज रोड स्थित मंडी परिसर में बढ़ते जाम की समस्या के समाधान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सत्य प्रकाश ने की। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, अपर उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार सदर एवं मंडी सचिव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने निर्देश दिए कि मंडी में वाहनों की आवक सुबह 6 बजे से शुरू हो तथा व्यापारियों



के लोडिंग वाहन रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक ही निकाले जाएँ। मंडी में बनाए गए नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रेस के माध्यम से किया जाए। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी में सब्जी वाहनों की आवक एवं निकासी केवल निर्धारित गेट से ही की जाएगी। साथ ही अलीगंज रोड पर अलीगंज की ओर से आने वाली समस्त बसों एवं एम्बुलेंस को डायवर्ट कर बाईपास से कासगंज रोड के रास्ते शहर में प्रवेश करने की अनुमति होगी। मंडी सचिव को निर्देशित किया गया कि मंडी के व्यापारियों से वार्ता कर यह सुनिश्चित करें कि किसी विशेष धर्मकाँटे पर किसानों पर तुलाई का दबाव न बनाया जाए।

# विधवा महिला पांच बच्चों के साथ जर्जर मकान में रहने को मजबूर

आवास योजना के लिए पात्र होने के बावजूद नहीं मिल पा रहा लाभ

**समाज जागरण सहावर।**

थाना क्षेत्र के गांव बधारी कलां की रहने वाली विधवा महिला मुन्नी देवी अपने पांच बच्चों के साथ जर्जर मकान में रहने को मजबूर है। पति की करीब छह माह पूर्व सांस की बीमारी से मौत हो जाने के बाद से ही परिवार का जीवन संकटों से घिर गया है। मुन्नी देवी दूध बेचकर किसी तरह परिवार का खर्चा चला रही हैं, लेकिन उनके पास रहने के लिए जो मकान है, वह पूरी तरह जर्जर हालत में है। बरसात के दिनों में मकान की टूटी छत हादसे का कारण बन सकती है। मुन्नी देवी के पांच बच्चों में प्रशा (3 वर्ष), प्रांशी (6 वर्ष), रचना (14 वर्ष), सुषमा (15 वर्ष) और प्रशांत (16 वर्ष) शामिल हैं।



आवास योजना के लिए पात्र होने के बावजूद अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका। मुन्नी देवी का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से आवास दिलाने की गुहार लगाई, लेकिन न तो पूर्व प्रधान और न ही वर्तमान प्रधान ने उनकी समस्या पर कोई ध्यान दिया। वह प्रशासन से एक पक्का आवास उपलब्ध कराने की मांग कर रही हैं ताकि अपने बच्चों के साथ सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें।

## पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज होगा कार्यक्रम

**समाज जागरण कासगंज।**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के आह्वान पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं कायस्थ शिरोमणि लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गुरुवार को स्मरण दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रसेन श्रीवास्तव और पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश सक्सेना के दिशा-निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अलीगढ़ मंडल प्रभारी नवल कुलश्रेष्ठ की उपस्थिति में जयंती आयोजन नावल्टी रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान पर दोपहर तीन बजे से होगा। जिलाध्यक्ष केके सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



# अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर वृद्धाश्रम में वस्त्र वितरण कार्यक्रम

**समाज जागरण एटा।**

कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित कासगंज रोड पर वृद्धाश्रम में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृद्धजनों के सम्मान में वस्त्र



वितरण और सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर शीतलपुर ब्लॉक प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह लोधी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने वृद्धजनों को वस्त्र वितरित किए और उनका सम्मान किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के सभी निवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और समाज कल्याण विभाग का आभार जताया। वक्ताओं ने भी वृद्धजनों के प्रति आदरभाव रखने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजन के अंत में सभी को जलपान वितरित किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाओं और विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही।